# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026, वर्ष : 17, अंक : 239, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 71,924.68 | -547.65 (-0.76%) |
| निफ्टी | 22,363.35 | -157.10 (-0.70%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,47,320.00 |
| चांदी | 2,450.00 |

## तृतीय चन्द्रघण्टा



तृतीय चन्द्रघण्टा
पिण्डजप्रवरारूढ़ा
चण्डकोपास्त्राकैयुर्ता।
प्रसादं तने महां चन्द्रघण्टेति
विश्रुता।।

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चन्द्रघण्टा है। नवरात्र उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन किया जाता है। इनका यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक पर घण्टे के आकार का अर्द्धचन्द्र है। इसी कारण से इन्हें चन्द्रघण्टा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है। इनके घण्टे-सी भयानक चण्डध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य-राक्षस सदैव प्रकम्पित रहते हैं।

## इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने बारहखंभा से सुप्रीम कोर्ट तक निकाला पैदल मार्च

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ दाखिल हुई याचिका

### ■ 10 पार्टियों के 11 विपक्षी नेता बने याचिकाकर्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : एसआईआर में गड़बड़ी के खिलाफ इंडिया ब्लॉक ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत 11 विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। इसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पार्टी बनाया गया है। इससे पहले विपक्ष के नेताओं ने बाराखंबा से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। इस याचिका में एसआईआर को रोकने के साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की गयी है। इससे पहले राहुल गांधी ने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे बात करने की कई बार कोशिश की है। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में राहुल बोले...'हां ! उनके मैसेज आते हैं। ज्ञानेश कुमार यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं आप अपराधी नहीं है, आपसे बस करवाया गया है। सबसे आसान रास्ता है कि इस्तीफा दो और रास्ते से हट जाओ।'

इस मार्च में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया ब्लॉक के कई बड़े नेता और सांसद मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट पहुंचने से पहले ही इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बस रोक दी गयी। इसके बाद राहुल, प्रियंका, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, नेहा बोरा समेत कई नेता पैदल मार्च करने लगे। हालांकि, मंडी हाउस में मार्च को रोक दिया गया है। वहीं पर सभी नेता चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इंडिया ब्लॉक के सांसदों में धर्मेन्द्र यादव, संजय राउत, अरविन्द सावंत, महुआ माझी, महुआ मोइत्रा और विपक्ष के अन्य नेता शामिल हैं। मार्च से पहले सभी नेता कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में इकट्ठा हुए और विरोध प्रदर्शन के दौरान सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारे लगाये।



**राहुल की दो टूक...**

**मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा देकर रास्ते से हटें**

**यह शिवजी की बारात**

**इससे** पहले राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि विपक्ष का मार्च शिवजी की बारात की तरह है। इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। सीईसी ज्ञानेश कुमार से बात करने के सवाल पर राहुल ने कहा...'हां, उनके मैसेज आते हैं। वह यह प्रेस कॉन्फ्रेंस भी देख रहे हैं।' इससे पहले रविवार को विपक्षी सांसदों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस सूर्यकांत को पत्र लिखा था और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था।

**ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना होगा**

**इस** दौरान कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा...'पूरे देश की जनता आज सड़कों पर उतर आयी है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में देशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता यहां इकट्ठा हुए हैं। हम सबकी एक ही मांग है कि सुप्रीम कोर्ट हमारी सुनवाई करे। ज्ञानेश कुमार ने जो किया है, वह अवैध है, असंवैधानिक है। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना होगा। हमने पेश किये गये 'वोट चोरी' के सबूत साबित करते हैं कि हमें इस देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी पड़ेगी।' कांग्रेस नेता सचिन पायलट ● शेष पृष्ठ 11 पर

### फॉर्म-6 पर सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति की साफ, कहा...

## न मंजूरी दी और न ही किया खारिज, हमारे मुंह में अपने शब्द न डालें

**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को साफ कर दिया कि अदालत द्वारा भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के संशोधित फॉर्म-6 की वैधता पर अब तक कोई फैसला नहीं दिया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान संशोधित फॉर्म-6 अस्तित्व में ही नहीं था। इसलिए तब की गयी टिप्पणियों को नये फॉर्म को मंजूरी देने या खारिज करने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह स्पष्टीकरण तब दिया है, जब निर्वाचन आयोग की ओर से कथित तौर पर यह दावा किया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए फॉर्म-6 में जोड़े गये अतिरिक्त घोषणा-पत्र को सही माना था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा वी. मोहना के पीठ ने एक नयी रिट याचिका पर ● शेष पृष्ठ 11 पर



## राहुल गांधी और कांग्रेस न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं : अनुराग ठाकुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर न्यायपालिका पर दबाव बनाने तथा संवैधानिक संस्थाओं के प्रति टकराव का रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। सोमवार को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक मांगों को पूरा कराने के लिए सड़कों पर उतरने की चेतावनी देकर न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अदालत ने सम्बन्धित मामले में औपचारिक याचिका दाखिल करने की बात कही है, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी बार-बार उन्हीं आरोपों को दोहरा कर राजनीतिक माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ठाकुर के मुताबिक, कांग्रेस की रणनीति स्पष्ट है कि यदि उसे सत्ता नहीं मिलती है, तो वह देश में अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश करती है। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### आनन्द दुबे ने छोड़ी उद्धव ठाकरे की शिवसेना

**नयी दिल्ली** : महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) को झटका लगा है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आनन्द दुबे ने सोमवार को प्राथमिक सदस्यता और प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने फैसले के पीछे वैचारिक मतभेदों और पार्टी के भीतर महसूस हो रही घुटन को प्रमुख कारण बताया। आनन्द दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका इस्तीफा अचानक लिया गया फैसला नहीं है। पिछले चार-पांच वर्षों से उन्होंने महाराष्ट्र से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पार्टी का पक्ष रखा, लेकिन पिछले कई महीनों से वह मानसिक रूप से परेशान थे और अपनी बात स्वतंत्र रूप से नहीं रख पा रहे थे। दुबे ने कहा कि वह वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद, छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज के विचारों से प्रेरित हैं।

## अंदर के पन्नों पर


3 रांची के 32 पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने के निर्देश...

5 शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा...

7 निर्माण और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश...

9 15 रुपये में शुरू हुई थी भवनाथपुर की दुर्गा पूजा...

10 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत का दबदबा, 05 खिताब...


## कार्टून कोना




## दिल्ली का जंतर-मंतर अब प्रदर्शन स्थल नहीं

### धरना-प्रदर्शन के लिए तीन नये स्थान तय

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर को निर्धारित धरना-प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया है और इसके स्थान पर रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान तथा पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को नये स्थल के रूप में निर्धारित किया है। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने 11 अक्टूबर को इस सम्बन्ध में स्थायी आदेश जारी किये।

आदेश के अनुसार, यह फैसला केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। समिति को नागरिकों ● शेष पृष्ठ 11 पर




**ये तीन स्थान हैं**

- रामलीला मैदान
- बुराडी मैदान
- सीबीडी ग्राउंड

### जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए 24 घंटे में अनुमति नहीं मिली, तो फिर करेंगे आन्दोलन : सीजेपी

**कॉकरोच** जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली, तो फिर आन्दोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत आज पहली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत 13 अक्टूबर, मंगलवार को नयी दिल्ली में पहली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। इस बैठक का उद्देश्य आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, संगठित अपराध और साइबर खतरों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच समन्वय मजबूत करना है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत इस ● शेष पृष्ठ 11 पर

## विधानसभा अध्यक्ष समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने दी रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को नेमरा स्थित उनके पैतृक आवास पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो, राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद, विधायक सी.पी. सिंह, विधायक चंद्रदेव महतो, बिहार के बोधगया विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार सर्वजीत, पूर्व विधायक डॉ. जीतू चरण राम एवं पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान सभी ● शेष पृष्ठ 11 पर



### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पारम्परिक रीति-रिवाजों के अनुरूप परिजनों के साथ निभायी रस्म

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने सोमवार को अपने पैतृक गांव नेमरा में माता स्वर्गीय रूपी सोरेन की स्मृति में पारम्परिक श्राद्ध-कर्म के पांचवें दिन स्थानीय मान्यताओं एवं रीति-रिवाजों के अनुरूप ● शेष पृष्ठ 11 पर

## चुट्टूपालू घाटी में पिता और बेटे-बहु की मौत, दो गंभीर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़** : जिन्दगी भर मेहनत कर जिस बेटे को इंजीनियर बनाया। बड़े धूमधाम से इंजीनियर बहू को घर लाये। दशहरे में बेंगलुरु से बेटे-बहू खुशियां बांटने हजारीबाग आ रहे थे। चक्रवर्ती परिवार खुशी से झूम रहा था। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि चुट्टूपालू घाटी उनके परिवार की खुशियों को निगलनेवाली है। जिस बेटे और बहू को घर लाने के लिए माता-पिता रांची निकले थे, किसे पता था कि घर लौटने का उनका सफर जिन्दगी का आखिरी सफर बन जायेगा। रविवार की रात चुटूपालू घाटी में हुए भीषण सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को पलभर में उजाड़ दिया। कंटेनर की टक्कर से बलेनो कार सवार पिता, बेटे और बहू की मौत हो गयी, जबकि मां ● शेष पृष्ठ 11 पर



## हथियार और 54 जिन्दा कारतूस के साथ टीएसपीसी का सदस्य गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा** : चतरा-सिमरिया मुख्य मार्ग पर साई नाथ लाइन होटल के पास से पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ टीएसपीसी के सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा गांव के भगिया बरवा टोली निवासी मुकेश गंझू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, 54 जिंदा कारतूस, छह मिसफायर कारतूस और दो खोखे बरामद किये हैं। चतरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनिमेष नैथानी ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 11 अक्टूबर को गुप्त सूचना मिली थी कि साई नाथ लाइन होटल के पास एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है और किसी ● शेष पृष्ठ 11 पर



चतरा-सिमरिया मुख्य मार्ग स्थित साई नाथ लाइन होटल के पास हुई गिरफ्तारी

## जेपीएससी की तीन परीक्षाओं की नियुक्ति रद्द करने के मामले में हाई कोर्ट में फैसला सुरक्षित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

■ 11वीं से 13वीं सिविल सेवा, सीडीपीओ और फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति रद्द करने को दी गयी है चुनौती

**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की नियुक्तियां रद्द करने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई पूरी हो गयी। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने प्रार्थियों और राज्य सरकार को गुरुवार तक संक्षिप्त लिखित नोट दाखिल करने का समय दिया है। अंतिम बहस के दौरान अदालत ने कहा कि नियुक्ति परीक्षाएं रद्द करने के मामले में उच्चतम न्यायालय का आदेश स्पष्ट है। अब यह विचार किया जाएगा कि ● शेष पृष्ठ 11 पर

# देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवानों को अब खाने में मिलेगा 'भारत राइस'

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय सेना ने सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए 'भारत राइस' लांच किया है, जिसे लद्दाख और उत्तर पूर्व के दूरस्थ क्षेत्रों में सीधे सेना के आपूर्ति डिपो तक पहुंचाया जायेगा। इसके लिए सोमवार को नयी दिल्ली में भारतीय सेना और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के बीच परिचालन सम्बन्धी आपात परिस्थितियों के दौरान एफसीआई के बुनियादी ढांचे के उपयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गये। उच्च गुणवत्ता वाला यह चावल अब स्थानीय एफसीआई गोदामों से सेना के डिपो में नहीं लिया जायेगा। रक्षा मंत्री ने अपने सम्बोधन में 'भारत राइस' को एक ऐसे भरोसे के बंधन के रूप में वर्णित किया, जो किसान के खेत से शुरू होकर सैनिक की थाली तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि यह पहल 'जय जवान, जय किसान' की भावना को मूर्त रूप देती है, क्योंकि किसान की मेहनत सैनिक की शक्ति में बदल जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल छोटी लग सकती है, लेकिन इससे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में राशन पहुंचाने वाले सैनिकों को बहुत राहत मिलेगी। सैनिकों की परिचालन तत्परता केवल हथियारों पर निर्भर नहीं होती, बल्कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्थिरता, मनोबल और सहनशीलता पर भी आधारित होती है, खासकर जब वे सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवा कर रहे होते हैं।




■ लद्दाख और उत्तर पूर्व के दूरस्थ क्षेत्रों में सीधे सेना के आपूर्ति डिपो तक पहुंचाया जायेगा

रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युद्ध में हथियार, उपकरण और प्रौद्योगिकी ही एकमात्र महत्त्वपूर्ण तत्त्व नहीं हैं, रसद व्यवस्था ही युद्ध शक्ति है। आज के युद्ध केवल मोर्चे पर ही नहीं जीते जाते, बल्कि आपूर्ति शृंखलाओं की मजबूती, भंडारण क्षमता, परिवहन नेटवर्क, भंडारण अवसंरचना और समय पर आपूर्ति की क्षमता जैसे कारक भी समान रूप से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के रणनीतिक विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि भविष्य में संघर्षों के दौरान चेतावनी का समय बेहद कम हो सकता है। ऐसी स्थिति और युद्ध में तकनीक के बढ़ते समावेश से हमारी तैयारियों की कठिन परीक्षा हो सकती है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि एफसीआई के साथ किया गया यह समझौता ज्ञापन उसी दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। एफसीआई के पास देशभर में परिचालन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों सहित, गोदाम, भंडारण अवसंरचना, आधुनिक साइलो, सामग्री प्रबंधन उपकरण और प्रशिक्षित जनशक्ति मौजूद है। उन्होंने कहा कि अब जिस प्रकार लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर उतर रहे हैं और सीमा सड़क संगठन की सड़कों और पुलों का उपयोग स्थानीय निवासी भी कर रहे हैं, उसी प्रकार एफसीआई के गोदाम अब केवल खाद्य भंडारण तक सीमित नहीं रहेंगे, वे भारतीय सेना की आपूर्ति शृंखला का अभिन्न अंग बन जायेंगे।

इस अवसर पर सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, सचिव (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) संजीव चोपड़ा और रक्षा मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, एफसीआई, राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (एनएएफईडी) और सहकारी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक झलक

### रूपी सोरेन के निधन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिले झामुमो नेता बसंत करमाली



**ओरमांझी :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की माता रूपी सोरेन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सह समाजसेवी बसंत करमाली ने नेमरा पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान बसंत करमाली ने रूपी सोरेन के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की। उन्होंने इस दुख की घड़ी में मुख्यमंत्री एवं उनके पूरे परिवार को धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की। उन्होंने दिवंगत रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### लापुंग में कलश स्थापना के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा



**लापुंग :** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लापुंग मे कलश स्थापना के साथ शार्दीय नवरात्र का दूसरे दिन मां दुर्गा के दुसरे स्वरूप माता ब्रह्माचारिणी की पूजा किया गया। गणेश पूजन, ब्रह्मचारिणी माता,सर्वतो भद्र मंडल, नवग्रह, क्षेत्रपाल के साथ ब्रह्मचारिणी माता की पूजन के उपरांत आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य पुजारी राजकुमार पाठक, यजमान सिकंदर सिंह ने नवरात्रि प्रारम्भ से पूजा पाठ विधि पूर्वक किया गया । पूजा कमिटी के अध्यक्ष यसपाल साहू,सचिव सोनू साहू, कोषाध्यक्ष जोगेश्वर साहू संरक्षक सह लायसेन्सधारी गोवर्धन जयसवाल ने पूजा पाठ पुरे कलश स्थापना से विजय दसमी तक उनको पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कराने का आशीर्वाद दुर्गा के नव रूपों से आशीर्वाद लिया। शाम सात बजे महा आरती का आयोजन किया गया उसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

### झारखंड में मौसम का मिजाज सामान्य

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य के करीब दर्ज किया गया। राज्य के कई जिलों में दिन के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। वहीं, रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहने के बाद दोपहर में धूप खिली। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई। मौसम के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में बहरागोड़ा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, लातेहार में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा, जो राज्य में सबसे कम था। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री और न्यूनतम 22.1 डिग्री, जबकि बोकारो में अधिकतम 31.5 डिग्री और न्यूनतम 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा। कुल मिलाकर राज्य में तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है।



### तुको में दुर्गा पूजा की तैयारी जोर-शोर से, सप्तमी, अष्टमी व नवमी को होगा भंडारे का वितरण

# मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा-अर्चना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के एभरग्रीन दुर्गा पूजा समिति तुको के तत्वावधान में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर है। दुर्गा पूजा पंडाल व प्रतिमा को कलाकार अंतिम रुप देने में लगे हैं। वहीं पूजा पंडालों में विद्युत सज्जा की जा रही है। पूजा को लेकर हर तरफ उत्साह का माहौल है। दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा मंदिर के सामने काल्पनिक पंडाल के प्रारूप का आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में पूजा समिति के सदस्यों के साथ कलाकार व कारीगर लगे हैं। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि शारदीय नवरात्र का शुभारंभ सप्तमी को विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हो जाएगा। साथ ही शाम में सूजी के हलवे वितरण अष्टमी को खीर का वितरण किया जाएगा। नवमी के रात में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं शाम में खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। 20 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन मूर्ति विसर्जन व आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया जाएगा। वहीं नीलकंठ दर्शन और शाम में बड़ो से आशीर्वाद लिया जाएगा। पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पूजा को सफल बनाने में उपाध्यक्ष बीरन लाल सचिव संदीप लाल सह सचिव सचिन लाल लाल कोषाध्यक्ष रूपेश साहू सह कोषाध्यक्ष राजा लाल सदस्यों में भागवत ताम्रकार, आदित्य ताम्रकार, रवि गोप, उदय लाल, शक्ति राम उज्वल कुमार, यज्ञ कुमार अभी कुमार, अमृत साहू, अर्पित नमन, संरक्षक श्याम प्रसाद गुप्ता, शंभु राम, सतीश सिंह, सुशील साहू, उमेश लाल,बाल किशुन मोची लगे है।

## श्री राम कथा सह झांकी से भक्तिमय हुआ बेड़ो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में महादानी मंदिर परिसर में बने पंडाल व दुर्गा मंदिर में आयोजित शारदीय नवरात्र से पूजा स्थल व आसपास का क्षेत्र भक्ति से सराबोर हो गया है। संगीतमय श्री राम कथा सह झांकी व नवाह्न रामचरितमानस पाठ, दुर्गा सप्तशती के पाठ, भक्ति गीत की गूंज, आरती व मां के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। जहां सोमवार को मां के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा के साथ हुई। वहीं एकल अभियान के संच अध्यक्ष डॉ. रमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में दो दशक से आयोजित श्री हरि सत्संग समिति के व्यास व उनके सहयोगी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रामचरितमानस का धाराप्रवाह पाठ किया जा रहा है। शारदीय नवरात्र में कलश स्थापना के पहले दिन से पूजा आरंभ होकर दूसरे दिन भी जारी है। अयोध्या से पधारीं कथावाचिका सुश्री पार्वती देवी ने अपने कथा वाचन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम रात्रि में रामकथा के दौरान कथावाचिका ने कहा कि सच्चे मन से लोगों को कथा का श्रवण करना चाहिए, अगर कथा सुनने की इच्छा न हो तो मनुष्य को अपने आप में कथा सुनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पति-पत्नी एक साथ अगर कथा का श्रवण करते हैं तो कथा सुनने का महत्व और बढ़ जाता है। इस दौरान झांकी व भजन गायिका सावित्री कुमारी की मधुरमयी संगीत की धुनों में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। वहीं दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। सुबह-शाम माता की आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### लेडी केसी रॉय स्कूल में 'द लॉरिएट' समारोह

## मेधावी विद्यार्थियों और अभिभावकों का सम्मान



- अनुशासन, चरित्र निर्माण और सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू :** रातू स्थित लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल में वार्षिक पुरस्कार समारोह द लॉरिएट- मेधा, चरित्र एवं उपलब्धियों का उत्सव का आयोजन आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में दो सत्रों में किया गया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों, शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रों, अंतर-सदनीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं और ओवरऑल चैंपियन हाउस को पुरस्कृत किया गया। दूसरे सत्र में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। पहले सत्र में मुख्य अतिथि हेल्थस्क्रीन, रांची के निदेशक डॉ. सुमन दुबे और विशिष्ट अतिथि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा बेओहर सिन्हा उपस्थित थीं। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि विजय बहादुर तथा विशिष्ट अतिथि नरनौली डेंटल क्लिनिक, रांची के निदेशक डॉ. आदित्य नरनौली शामिल हुए। डॉ. सुमन दुबे ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विजय बहादुर ने पढ़ने की आदत, जिज्ञासा, स्वतंत्र चिंतन और सामाजिक जिम्मेदारी को व्यक्तित्व निर्माण का आधार बताया। डॉ. आदित्य नरनौली ने व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। वहीं, डॉ. सुषमा बेओहर सिन्हा ने स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और अच्छे संस्कारों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताया। समारोह में 'द रिदम ऑफ ड्रीम्स' और 'रिदम्स ऑफ इंडिया' की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। 'द सिनर्जी लॉरिएट -पैरेंट ऑनर' के तहत अभिभावकों के योगदान को भी सम्मान दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक हरित ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन उप-प्राचार्य असमा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**खूंटी :** आगामी दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित अपराध गोष्ठी में विधि-व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन, रावण दहन, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने पूजा समितियों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और स्वयंसेवकों के साथ समन्वय स्थापित कर पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप का उपयोग करने पर भी जोर दिया गया। पूजा पंडालों, रावण दहन स्थलों और विसर्जन मार्गों पर भीड़ नियंत्रण, सुगम यातायात और आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।

### भाजपा महिला मोर्चा ने रामगढ़ में किया विरोध प्रदर्शन

## महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस पर उठाये सवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को रामगढ़ में प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीतल सिंह ने किया। जबकि रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह भी प्रदर्शन में शामिल रहे। अवसर पर भाजपा की महिला कार्यकताओं ने ब्लॉक चौक से अनुमंडल कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला और कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मामलों में कांग्रेस को स्पष्ट रुख और जवाबदेही तय करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने जेएनयू के प्रोफेसर सह कांग्रेस सांसद से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न के एक मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पीड़िता को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आरोपों की पुष्टि होने पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही कांग्रेस नेतृत्व भी इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीतल सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर राजनीतिक दलों को दोहरे मापदंड नहीं अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मामलों में राजनीतिक दलों के नेतृत्व की जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी चाहिए। मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और पीड़िता को न्याय मिले। प्रदर्शन में डॉ. संजय प्रसाद सिंह, बलराम महतो, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, रमेश करमाली, शिव कुमार महतो, बबलू साव, मनोज महतो, राजीव पामदत्त, विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, रॉबिन गुप्ता, युवा नेता शशि शेखर सिंह, राजेश ठाकुर, कुणाल दास, मंडल अध्यक्ष रूपा साहू, अमित कुमार खेतान, ऋषिकेश सिंह, अमित ठाकुर, ब्रजेश पाठक, विनोद मिश्रा, महेश चौधरी, शांति देवी, भानु देवी, छाया तिवारी, पिंकी सिंह, चम्पा देवी, शीला देवी, सरस्वती देवी, गायत्री देवी, शारदा देवी, हीरामणि देवी, मंजू देवी, रागनी देवी, गीता देवी, मनोज कुमार सिंह सहित भाजपा के कई नेता और महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शामिल रहीं।

## मेहनत और अनुशासन से ही मिलेगी सफलता : सत्येन्द्र कुमार



- सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो में अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल घोषित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो में सोमवार को अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्रह्मनाद के उच्चारण के साथ हुई। प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने नर्सरी से दशम कक्षा तक के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के परीक्षाफल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा में मिले अंकों के साथ विद्यार्थियों को अपने व्यवहार और जीवन में आए बदलावों का भी मूल्यांकन करना चाहिए। कोषाध्यक्ष भिखा उरांव ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। अनुशासन और परिश्रम से ही सफलता मिलती है। सह सचिव यमुना प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को पहले से बेहतर अंक लाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने की सलाह दी। वहीं, सचिव वाणी कुमार रॉय ने कहा कि बच्चों के बेहतर परिणाम के लिए शिक्षक और अभिभावक दोनों को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य के धन्यवाद ज्ञापन और शांति मंत्र के साथ हुआ। मौके पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने पूजा के मद्देनजर भुरकुंडा में कचरा उठाव का लिया जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** दुर्गा पूजा के मद्देनजर भुरकुंडा में सोमवार से साफ-सफाई तेज कर दी गई है। पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न स्थानों पर जमा कचरे का उठाव शुरू किया गया। जेसीबी और ट्रैक्टर से जगह-जगह जमा कचरे का उठाव किया जा रहा है। इसे लेकर पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने थाना चौक के निकट कचरा उठाव का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसलिए कचरे का उठाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर स्थानीय लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। लोग अपने घरों के साथ-साथ आसपास भी स्वच्छता रखें। वहीं भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर थाना चौक के निकट लंबे अरसे से जमा कचरे का उठाव किया जा रहा है। इसके अलावा मेन रोड स्थित गुरुद्वारा के समीप, भुरकुंडा-पतरातू स्टैंड समेत भुरकुंडा और जवाहर नगर पंचायत में जमा कचरे का भी उठाव किया जाएगा। मौके पर पंकज कुमार, राजेंद्र नायक सहित अन्य मौजूद रहे।

## साल्हन और बेड़वारी गांव में जर्जर बिजली तार से हादसे का खतरा, विभाग से मरम्मत की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** प्रखंड के साल्हन गांव में कृष्णा चौधरी के घर से शिव मंदिर तक सड़क किनारे झूल रहा जर्जर ओवरहेड बिजली का तार बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहा है। अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद अनुराधा मुंडा ने बताया कि बिजली तार वर्षों पुराना है और काफी जर्जर हो चुका है। इसके कारण करंट प्रवाहित तार अक्सर टूटकर गिरता रहता है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से गांव के चारों तरफ ओवरहेड नंगे तारों को हटाकर केबल तार लगाए गए हैं, लेकिन उक्त सड़क किनारे अब तक केबलिंग का कार्य नहीं कराया गया है। इससे स्थानीय लोगों को लगातार खतरे के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि साल्हन-रूक्का मार्ग अब काफी व्यस्त हो चुका है। इस सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। वहीं, दुर्गा पूजा का त्योहार भी नजदीक है, ऐसे में श्रद्धालुओं और आम राहगीरों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। बड़ेवारी के ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मामले को गंभीरता से लेते हुए जर्जर तार को तत्काल दुरुस्त करने तथा सड़क किनारे सुरक्षित केबलिंग का कार्य कराने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले आवश्यक कदम उठाए जा सकें। लोगों का कहना है कि जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभाग को इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

## बेड़ो के दिघिया गांव में चार साल से महिलाएं कर रहीं दुर्गा पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके...' इस श्लोक के साथ जब देवी दुर्गा की आराधना शुरू होती है तो नारी शक्ति का अहसास होता है। उस शक्ति का, जिसकी बदौलत समाज में परिवर्तन आया है। युग बदला है, समय बदला है, यहां तक कि समाज की सोच भी बदली है। आज की महिलाओं में कुछ करने का जज्बा है, तभी तो सभी रुकावटों को दूर कर वे आगे बढ़ रही हैं। प्रखंड के दिघिया गांव में पिछले चार वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन गांव की महिलाओं द्वारा धूमधाम से किया जा रहा है। पूजा समिति की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि यहां पूरे विधि-विधान से षष्ठी से मुख्य कार्यक्रम होगा। इसमें अलग-अलग सदस्यों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। पूरे प्रखंड में दिघिया गांव की महिला समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां 32 सालों से बंद पड़ी दुर्गा पूजा को महिलाओं ने 2023 में फिर से शुरू किया। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित सात गांवों में पुरुष समितियों द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन दिघिया गांव की महिला समिति की दुर्गा पूजा पूरे प्रखंड में चर्चा में है। किसी कारण से इस गांव में दुर्गा पूजा बंद हो गई थी, लेकिन गांव की महिलाओं ने इसे फिर से शुरू करने का बीड़ा उठाया। पूजा को सफल बनाने के लिए महिलाओं ने घर-घर चंदा जाकर चंदा इकट्ठा किया। गांव में एक बार फिर पूजा शुरू होने से बुजुर्ग ग्रामीण व बच्चे बहुत खुश हैं। ग्रामीण भी चंदा देकर समिति की महिलाओं के सहयोग में लगे हैं। समिति ने सहयोग करने वाले समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का धन्यवाद किया है। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, उपाध्यक्ष गीता देवी, सचिव राधा देवी, सह सचिव राखी देवी, कोषाध्यक्ष चांदनी देवी व मुनीता देवी, सदस्यों में सुनीता देवी, रीबन देवी, चिरंजीवी देवी, शांति देवी, रेणु देवी, रानी देवी, सुमित्रा देवी, मथुरा देवी, लक्ष्मी देवी, मीना देवी, सुलोचना देवी, किरण देवी, बबीता देवी, पंचालीनी देवी सहित ग्रामीण लगे हैं।

### बिरसा कॉलेज की समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने संकायाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**खूंटी :** बिरसा कॉलेज में व्याप्त समस्याओं के समाधान और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी ) ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक राजदीप गुप्ता के नेतृत्व में और प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी की उपस्थिति में परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं से विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से कॉलेज में शिक्षकों, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों की कमी दूर करने की मांग की गई। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए पेयजल, स्वच्छ शौचालय, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कॉमन रूम, साइकिल स्टैंड, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## प्रसिद्ध काली मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के राधिका मैदान स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर में सोमवार को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा। यह पूजा स्वर्गीय प्रमोद कुमार साहू की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता साहू एवं उनके पुत्र-पुत्रवधू परिवार द्वारा आयोजित की गई थी। पंडित दिनेश बनर्जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। पूजा के दौरान हवन और आरती का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर काली मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। समिति ने मंदिर के नवनिर्माण और साज-सज्जा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंदिर के प्रतिष्ठा के बाद स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धीरेंद्र प्रसाद साहू, रूपेश कुमार साहू, शाश्वत प्रसाद साहू, भागवत सोनार, जितेंद्र प्रसाद साव, संजीव कुमार भगत, प्रकाश अग्रवाल, सुशांत भगत, सुजीत सोनार, मनोज विश्वकर्मा, रमेश गोराई, सुमन अग्रवाल, ऋषिकेश सोनार, सिल्ली मुखिया भरत मुंडा, हरेंद्र गोराई, हेमंत सूत्रधर, शुभम चंद्र, संदीप सोनार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पूजा के समापन के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस बार मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद प्रतिष्ठा पूजा होने से श्रद्धालुओं में और अधिक उत्साह है। समिति ने पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हर पात्र परिवार तक नल से सुरक्षित पेयजल पहुंचायें : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी जिले में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने और प्रत्येक पात्र परिवार तक नल से सुरक्षित पानी पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने सोमवार को जल जीवन मिशन एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान और स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना (एमवीएस) और एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना (एसवीएस) के तहत निमार्णाधीन जलमीनारों और पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शेष निर्माण कार्यों और अब तक पेयजल आपूर्ति से वंचित घरों की स्थिति की समीक्षा की। उपायुक्त ने निमार्णाधीन बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को शीघ्र पूरा कर उनका संचालन शुरू करने तथा हर घर जल योजना के लक्ष्यों को निर्धारित समय में हासिल करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अनिवार्य रूप से पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। जिन गांवों और टोलों में पानी की समस्या है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कर सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाए, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े। स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित और निमार्णाधीन शौचालयों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने तथा शौचालयों के समुचित उपयोग और रखरखाव पर ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके अलावा गोवर्द्धन परियोजना, नाडेप निर्माण और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सहयोग से मुरहू प्लास्टिक वेस्ट सेंटर का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम, सहायक एवं कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एला एंग्लाइज स्कूल में एआई पर तीन दिवसीय करियर काउंसिलिंग का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** ए'ला एंगलाइज विद्यालय परिसर में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया के तत्वावधान में तीन दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा 9वीं और 11वीं के करीब 150 विद्यार्थी इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन करियर काउंसलर वैभव कुमार ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में नेहा चतुर्वेदी और निशांत कुमार ने एआई और जेन एआई की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभाव पर जानकारी दी। विशेषज्ञ नेहा चतु र्वेदी और निशांत कुमार ने बताया कि एआई शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आईटी समेत कई क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रहा है। विद्यार्थियों को जेन एआई से कंटेंट निर्माण, समस्या समाधान और जिम्मेदार उपयोग, तथ्यों की जांच और डिजिटल सुरक्षा के बारे में भी बताया गया।प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से परिचित कराना जरूरी है। जिससे उन्हें न सिर्फ किताबी ज्ञान मिले, बल्कि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार हो सके। वहीं करियर काउंसलर वैभव कुमार ने कहा कि एआई भविष्य की संभावनाओं का द्वार है, लेकिन उस द्वार को सफलता में बदलने की असली शक्ति विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल, रचनात्मकता और सही निर्णय लेने की क्षमता में निहित है।

## एक झलक

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने लगाया नि:शुल्क दंत जांच शिविर



**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा राष्ट्रीय कन्या भ्रूण संरक्षण प्रकल्प पावर ऑफ पिंक के तहत हरमू रोड, किशोरगंज स्थित एल.पी. पब्लिक स्कूल में ग्लोबल डेंटल क्लिनिक एंड इम्प्लांट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क दंत जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. श्वेता टेकरीवाल द्वारा 90 बच्चों के दांतों की गहन जाँच, सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया गया। बच्चों को दांतों की देखभाल और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने कहा कि बेटी स्वस्थ होगी तभी समाज स्वस्थ होगा, इसी सोच के साथ शाखा निरंतर सेवा कार्य कर रही है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

### इक्कीसो महादेव मंदिर में भव्य दुर्गापूजा, 151 किलो खीर का लगेगा भोग



**रांची** : राजधानी के चुटिया स्थित इक्कीसो महादेव मंदिर परिसर में श्री स्वर्णकार दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य दुगार्पूजा की तैयारी की जा रही है। समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने बताया कि चार दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भोग वितरण, मंगला आरती, कन्या पूजन और गंगा आरती आयोजित की जाएगी। सप्तमी के दिन दोपहर एक बजे 151 किलो दूध से तैयार खीर का भोग लगाया जाएगा। अष्टमी पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार और मंगला आरती होगी, जिसमें 201 महिलाएं एक साथ भाग लेंगी। इस दिन शुद्ध घी से बने हलवे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। नवमी को कन्या पूजन के साथ कन्याओं को भोजन कराया जाएगा। विजयादशमी पर गंगा आरती और खिचड़ी का भोग लगेगा। एकादशी को दोपहर दो बजे माता की विदाई और विसर्जन शोभायात्रा बटन तालाब के लिए रवाना होगी। आयोजन पर लगभग एक से सवा करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। समिति के अनुसार, पूजा का खर्च स्वर्णकार समाज के लोगों के सहयोग से जुटाया जा रहा है। पंडाल सभी श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। समिति ने लोगों से मां दुर्गा के दर्शन करने की अपील की है।

### कई दलों के कार्यकर्ता हुए आजसू में शामिल

**रांची** : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के रांची के बुकरू स्थित आवासीय कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन शहदेव और मनोज कुमार के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़े दर्जनों युवाओं और समाजसेवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रेम प्रकाश सिंह, आम आदमी पार्टी के रांची जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो, अशोक महतो, रंजीत महतो, बीरेन्द्र महतो, विश्वजीत महतो, संजय पहान, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) से वेदप्रकाश महतो, मंतोष नायक, तौफीक राय, भोला महतो और संजय बैठा सहित अन्य लोग शामिल थे। मौके पर सभी कार्यकर्ताओ ने आजसू पार्टी की विचारधारा, सिद्धांत और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व एवं कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सुदेश कुमार महतो ने सभी नए सदस्यों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर संगठन में उनका स्वागत किया। मौके पर सुदेश ने कहा कि युवाओं और समाजसेवियों का यह जुड़ाव झारखंड के उज्ज्वल भविष्य, सशक्त संगठन और जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्हों ने कहा कि आजसू पार्टी का विश्वास है कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयासों से झारखंड के नवनिर्माण की दिशा में संगठनात्मक मजबूती को और गति मिलेगी।

### रांची के 32 पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने के निर्देश

# हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा समयबद्ध जवाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची शहर और जिले के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने और जिन थानों में कैमरे नहीं लगे हैं, वहां इन्हें जल्द स्थापित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए शहर की सड़कों और प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों का काम करना जरूरी है। न्यायालय ने गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से समय-सीमा तय कर यह बताने को कहा है कि शेष 32 पुलिस थानों में कब तक कैमरे लगा दिए जाएंगे। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण रांची में चेन छिनतई जैसी घटनाओं पर नियंत्रण और अपराधियों की पहचान करने में परेशानी होती है। सड़क दुर्घटनाओं के बाद भी वाहन चालक मौके से फरार हो जाते हैं।





सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। इसमें बताया गया कि रांची शहर के आठ और ग्रामीण क्षेत्रों के 24 पुलिस थानों में अब तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। अदालत ने संबंधित अधिकारियों से इन सभी थानों में कैमरे लगाने की समय-सीमा बताने को कहा है। सरकार के शपथ पत्र के अनुसार, रांची शहर के जिन आठ थानों और पुलिस इकाइयों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, उनमें हिंदपीढ़ी, पंडरा ओपी, बरियातू, धुर्वा, एयरपोर्ट, विधानसभा एएचटीयू और साइबर पुलिस स्टेशन शामिल हैं। शपथ पत्र में बताया गया कि वर्तमान में रांची शहर के 17 पुलिस स्टेशन और ओपी में 123 सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं। अदालत ने राज्य सरकार से यह भी पूछा कि राज्य में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए जारी टेंडर की वर्तमान स्थिति क्या है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से भी जानकारी मांगी गई है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद और अधिवक्ता आयुषी अमन ने पक्ष रखा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है।

## नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ, झारखंड इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिल कर जतायी शोक-संवेदना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की माता के निधन पर नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ, झारखंड इकाई के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने उनके पैतृक आवास नेमरा, जिला रामगढ़ पहुँचकर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। संघ के अध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन कुमार शाही, महासचिव डॉ. राम कुमार तिर्की एवं सक्रिय सदस्य डॉ. सुरेश महतो और विकास उरांव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस दुःखद घड़ी में अपनी संवेदनाएँ प्रकट कीं तथा उन्हें धैर्य और साहस बनाए रखने का संबल दिया। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि माता का निधन किसी भी संतान के जीवन में अपूरणीय क्षति होती है। मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि स्नेह, संस्कार, त्याग और ममता की जीवंत प्रतिमूर्ति होती हैं। उनके सान्निध्य से मिलने वाला आत्मिक बल जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होता है। ऐसे में मां का बिछुड़ना हृदय को गहरे तक व्यथित कर देता है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस कठिन समय में मुख्यमंत्री एवं उनके पूरे परिवार के दुःख को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है, लेकिन संघ के सभी सदस्य इस पीड़ा में उनके साथ खड़े हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सांत्वना देते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु जीवन के शाश्वत सत्य हैं। संसार में जिसने जन्म लिया है, उसे एक दिन इस नश्वर संसार से विदा होना है।

### ओरमांझी में गरबा-डांडिया की तैयारी तेज, बैठक में शामिल हुईं महिलाएं और बच्चियां

# भारतीय संस्कृति और परम्परा की दिखेगी झलक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : दुर्गा पूजा को लेकर ओरमांझी में गरबा-डांडिया नृत्य की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं और बच्चियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गरबा-डांडिया कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई और आयोजन को भव्य बनाने की तैयारियों पर विचार-विमर्श हुआ। ओरमांझी में पिछले कई वर्षों से गरबा एवं डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम दुर्गा पूजा के आकर्षण को और बढ़ा देता है। इसमें क्षेत्र की सैकड़ों बच्चियां, महिलाएं और युवतियां उत्साहपूर्वक भाग लेती हैं। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों के कदमों की थिरकन, डांडिया की खनक और भक्ति संगीत की मधुर धुनों से पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठता है। गरबा-डांडिया नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है। महिलाओं और बच्चियों की सक्रिय भागीदारी कार्यक्रम को खास बनाती है। दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम मां दुर्गा की आराधना के साथ दुर्गा पूजा के उत्सवी माहौल में चार चांद लगाता है। रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक संगीत और गरबा-डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और आनंदमय हो उठता है। बैठक में पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, पूर्व मुखिया मीना देवी, कंचन देवी, बसंती देवी, सोनी देवी, संध्या कुमारी, रीना देवी और सुनीता देवी सहित सैकड़ों बच्चियां एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

## राहुल गांधी का सुप्रीम कोर्ट तक मार्च न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश : प्रतुल शाह देव

**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने राहुल गांधी के उच्चतम न्यायालय तक मार्च करने के ऐलान पर कांग्रेस की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया के जरिए जनता का विश्वास जीतने के बजाय सड़कों पर दबाव और अराजकता की राजनीति के माध्यम से सत्ता हासिल करना चाहती है। प्रतुल शाह देव ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का दावा करने वाली कांग्रेस अब नक्सली विचारधारा से प्रभावित नजर आ रही है।

# झारखंड आन्दोलनकारी मोर्चा मांगों को लेकर 15 नवम्बर को करेगा अनशन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान और नियोजन की गारंटी नहीं मिलने के विरोध में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने राज्य स्थापना दिवस यानी 15 नवंबर को आमरण अनशन करने का निर्णय लिया है। इसमें राज्यभर से सैकड़ों आंदोलनकारी शामिल होंगे। यह निर्णय सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) कार्यालय में मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक के बाद मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने बताया कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 25 अक्टूबर को रांची के पंच परगना क्षेत्र में सभा, एक नवंबर को गिरिडीह में सभा और प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, छह नवंबर को गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के बनारी स्थित मिशन चौक के पास झारखंड आंदोलनकारी अजीत तिग्गा की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। पुष्कर महतो ने आरोप लगाया कि झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र-पुत्रियों और आश्रितों के लिए आरक्षित नौकरियों के प्रावधानों के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग पर नौकरियों को बेचने का आरोप लगाते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष के महत्व पर गंभीरता से विचार नहीं कर रही है। इससे आंदोलनकारियों में निराशा व्याप्त है। बैठक की अध्यक्षता दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी अन्थन लकड़ा ने की। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रोजलीन तिर्की, भारदुल भुइयां, मणिलाल माझी, मीनू टुडू, जीतन कोल, बुधन हांसदा, मलोती मरांडी, रघुनाथ सिंह, रामकृष्ण सिंह और विकास बाउरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## एनयूएसआरएल रांची में पांच दिवसीय यूथ एम्पावरमेंट एंड स्किल्स कार्यक्रम आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची में झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट एकेडमी द्वारा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत तथा एनयूएसआरएल के सहयोग से पांच दिवसीय यूथ एम्पावरमेंट एंड स्किल्स (YES!) कार्यक्रम का आयोजन 5 से 9 अक्टूबर 2026 तक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य, जीवन कौशल, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, नवाचार, समस्या समाधान, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के विभिन्न सत्र आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका रिया तायल द्वारा संचालित किए गए। सत्रों में योग, क्रियाओं, संवादात्मक गतिविधियों, खेलों और अनुभव आधारित अभ्यासों के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, एकाग्रता, सकारात्मक सोच, आत्म-जागरूकता और बेहतर संवाद कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

### नवरात्र पर बंका मेमोरियल ट्रस्ट की पहल, पतरा गोंदा गांव की सैकड़ों बेटियों को मिली शिक्षण सामग्री

# शिक्षा से सशक्त होंगी बेटियां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बंका मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को कांके डैम स्थित पतरा गोंदा गांव में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस और शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर एक विशेष एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से प्रेरित होकर आयोजित इस समारोह में समाज की सैकड़ों बेटियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षण सामग्री किट एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल, पेन, रबर, कटर के साथ-साथ चॉकलेट और टॉफी जैसी कई सामग्रियां उपहार स्वरूप प्रदान की गईं, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपना योगदान दे सकें। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बंका मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक बंका एवं समाजसेविका व ट्रस्टी दीपा बंका उपस्थित रहीं। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, पतरा गोंदा गांव की उप-मुखिया नमिता देवी, सुमन देवी, मल्लू पाहन, राहुल कुमार दुबे, आशीष रौशन, गायत्री कुमारी और शुभम चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 15 अक्टूबर को होगा डांडिया व गरबा का भव्य आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नवरात्रि के पावन अवसर पर एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं नृत्य श्री डांस स्टूडियो के संयुक्त तत्वावधान में 15 अक्टूबर, गुरुवार को रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में संगीतमय डांडिया एवं गरबा नृत्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अपराह्न चार बजे से शाम सात बजे तक चलेगा। आयोजन का उद्देश्य नवरात्रि की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के साथ लोगों को भक्ति और उत्सव के रंग में सराबोर करना है। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत मंदिर परिसर में एक दिवसीय डांडिया-गरबा कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में डांस मास्टर श्रीराम सोनी एवं नृत्य श्री डांस स्टूडियो की निर्देशिका पिंकी सिंह ने प्रतिभागियों को डांडिया एवं गरबा नृत्य की बारीकियां, आकर्षक नृत्य मुद्राएं और पारंपरिक नृत्य की विभिन्न शैलियां सिखाईं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए शैलेन्द्र पाठक पुन: नियुक्त हुए कम्पीटिशन मैनेजर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : दिनांक 11 दिसम्बर से 22 दिसंबर तक हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2026 का आयोजन भारत सरकार के खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण साईं के खेलो इंडिया विंग द्वारा तथा तेलंगाना स्पोर्ट्स काउंसिल के मिली जुली प्रयासों से आयोजित की जा रही है। जिसके लिए गढ़वा जिले के स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर शैलेंद्र पाठक को कंपटीशन मैनेजर नियुक्त किया गया है, साइकिलिंग खेल का संचालन गेम्स के दौरान शैलेंद्र पाठक के देखरेख में संपन्न होगा। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह ने श्री पाठक के लंबे अनुभव को देखते हुए यह नियुक्ति किया है। विदित हो की पूर्व में भी पटना बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तथा जयपुर राजस्थान में सम्मप्पन्न खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी कंपटीशन मैनेजर के रूप में शैलेंद्र पाठक ने बड़े ही सफलतापूर्वक अपने भूमिका का निर्वहन किया था। श्री पाठक ने अपने नियुक्ति पर जेनरल सेक्रेटरी सीएफआई मनिंदर पाल सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं फेडरेशन के उम्मीद पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा और इस गेम्स को सफलतापूर्वक आयोजित करने में अपना 100% योगदान दूंगा, विदित हो कि पाठक राज्य के पहले व्यक्ति हैं जो लगातार तिसरी बार कंपटीशन मैनेजर बनकर खेल के क्षेत्र में एक मिसाल पेश किया है। उपलब्धि के लिए श्री पाठक को सांसद राजमहल लोकसभा क्षेत्र विजय हसदा, पर्यटन निदेशक नमन प्रियेश लकड़ा, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, शि.डी सिंह, रितेश झा, सुरजीत कुमार, शशिकांत पांडे ने बधाई दी।



## हमर अधिकार मंच व रांची सिटीजन फोरम ने नि:शुल्क आरटीआई कार्यशाला का किया आयोजन



**रांची** : हमर अधिकार मंच और रांची सिटीजन फोरम के संयुक्त तत्वाधान में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 कानून के 21 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कोकर, रांची में निःशुल्क आरटीआई कार्यशाला का आयोजन कर आरटीआई दिवस मनाया गया, जिसमें झारखंड के कुल 20 जिलों से 150 प्रतिभागियों ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 और इसके अंतर्गत बने नियमों का उपयोग करने का तरीका सिखा। उक्त कार्यशाला संस्था के अध्यक्ष और सर्टिफाइड आरटीआई रिसोर्स पर्सन दीपेश निराला की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना आवेदन बनाना और निर्धारित अवधि में सूचना न मिलने पर प्रथम अपील लगाना तथा प्रथम अपील के बावजूद भी निर्धारित अवधि में सूचना नहीं उपलब्ध करवाए जाने पर अंतिम रूप से सूचना आयोग में द्वितीय अपील करने के प्रावधानों की जानकारी दी।

## श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के पुंदाग स्थित एम.आर. एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के सानिध्य में 287 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर मंदिर में श्री राधा रानी जी का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार आकर्षक आभूषणों एवं मनोहारी पुष्पों से किया गया, दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके पश्चात महाप्रसाद में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी,जूस,एवं आलू चिप्स का पैकेट का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित लगभग 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया।भक्ति रस से ओत-प्रोत भजन संध्या कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा सुमधुर एवं मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे तथा पूरा मंदिर परिसर राधे-कृष्ण एवं श्याम के जयकारों से कृष्णमय एवं भक्तिमय हो गया।तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती का आयोजन किया गया, सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा लगभग 3 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डुंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पूर्णमल सर्राफ, पवन पोद्दार, मधुसूदन जाजोदिया, विशाल जालान, शिव भगवान अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल,संजय सर्राफ,ज्ञान चंद्र शर्मा,सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकना ही लक्ष्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : महुआजारी पंचायत भवन एवं महुआजाड़ी गांव में ग्रमीणों को माननीय नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में से एक प्रमुख योजना महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 अर्थात (पोस एक्ट-2013) पर डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, श्री सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, श्री अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान (चरण-1) होना सुनिश्चित हुआ है, जो कि 60 दिनों तक चलेगा। पीएलवी कालिन्दर गोप ने कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकना, निषिद्ध करना तथा शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करना है। इस अधिनिया के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर गरिमा और सम्मान के साथ कार्य करने का अधिकार प्राप्त है। डालसा टीम के सदस्यों के द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से घर-घर जाकर पूछताछ की एवं उनके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को दूर करने की बातें कही। ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, राशन कार्ड, सिंचाई मशीन एवं लेबर कार्ड से संबंधित आवेदन लिये गये। विधिक जागरूकता के दौरान लगभग 150 लोग जागरूक हुए तथा माननीय नालसा-झालसा द्वारा संचलित विभिन्न योजनाओं से रू-ब-रू हुए। मौके पर डालसा के कार्यरत पीएलवी कालिन्दर गोप ने आगामी 12 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। डालसा के पीएलवी ने बाल बिवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा, डायन बिसाही एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में लोगों को बताया। इस अवसर पर डालसा टीम में पीएलवी कालिन्दर गोप एवं महुआजाड़ी गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।



## नूवोको ने मनाया 'दस साल बेमिसाल' एक दशक में सीमेंट कारोबार का विस्तार

NUVOCO
Shaping a new world

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : निर्माण सामग्री क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नूवोको विस्तास कॉर्प लिमिटेड ने अपने एक दशक के सफर को दस साल बेमिसाल थीम के तहत मनाया है। कंपनी की यात्रा 2014 में राजस्थान के निम्बोल में 20 लाख टन सालाना क्षमता वाले सीमेंट संयंत्र से शुरू हुई थी। अक्टूबर 2016 में लाफार्ज इंडिया का अधिग्रहण कंपनी के विस्तार का अहम पड़ाव बना। इसके बाद 2020 में इमामी सीमेंट का अधिग्रहण किया गया, जिसे अब एनयू विस्ता लिमिटेड के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2021 में कंपनी शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई और अप्रैल 2025 में वदराज सीमेंट को अपने कारोबार में शामिल किया, जिससे पश्चिमी भारत में उसकी मौजूदगी मजबूत हुई। वर्तमान में नूवोको की सीमेंट उत्पादन क्षमता 2.7 करोड़ टन सालाना है और देशभर में इसके 58 तैयार मिश्रित कंक्रीट संयंत्र हैं।

कंपनी निर्माण सामग्री की अन्य श्रेणियों में भी कारोबार करती है। गुजरात में कच्छ और साचाना की विनिर्माण इकाइयां निर्माण पूरा होने के उन्नत चरण में हैं। कंपनी वित्त वर्ष 2027-28 तक अपनी सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 3.5 करोड़ टन सालाना करने का लक्ष्य रखती है, जो पिछले दशक की तुलना में लगभग 15 गुना वृद्धि होगी। नूवोको के चेयरमैन हीरेन पटेल ने कहा कि कंपनी का यह सफर साहसिक फैसलों, दीर्घकालिक सोच और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से बना है। उन्होंने कहा कि कंपनी आने वाले दशक में नवाचार, टिकाऊ विकास, बेहतर प्रदर्शन और कर्मचारियों के विकास पर ध्यान देते हुए कारोबार को आगे बढ़ाएगी।

# नवरात्र के दूसरे दिन हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। मां ब्रह्मचारिणी की पौराणिक कथा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या, त्याग और अटूट निष्ठा के कारण उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा। उनका स्वरूप हमें सिखाता है कि धैर्य, विश्वास और निरंतर प्रयास से कठिन से कठिन लक्ष्य की ओर बढ़ा जा सकता है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से मिलने वाली प्रेरणा मां ब्रह्मचारिणी हमें संदेश देती हैं कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मन में दृढ़ संकल्प, व्यवहार में संयम और कर्म में निरंतरता आवश्यक है। सच्ची श्रद्धा और सकारात्मक विचारों के साथ माँ की आराधना करें। माँ ब्रह्मचारिणी की आरती एवं पूजन के बाद सभी भक्त परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करें।

**नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा आज**

**क्या भोग लगायें?**

इस दिन मां चंद्रघंटा को दूध, खीर, मखाना खीर, रबड़ी या दूध से बनी सफेद मिठाइयों का भोग लगाना चाहिए। यदि संभव हो तो इस दिन अन्न या भोजन का दान भी करना उत्तम माना जाता है।

क्या लाभ हैं?

**सुख और शांति** मां को दूध या खीर का भोग अर्पित करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

**भय और संकटों से मुक्ति :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस भोग को लगाने और मां की आराधना करने से हर तरह का डर, तनाव, और मानसिक अशांति दूर होती है।

**साहस और बल की प्राप्ति :** मां चंद्रघंटा को वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। इनकी उपासना से भक्तों को निर्भयता, आंतरिक शक्ति और शत्रुओं पर विजय पाने का बल मिलता है।



## दुर्गापूजा में महिलाओं की सुरक्षा सम्भालेगी शक्ति कमांडो



**पूर्वी सिंहभूम :** दुर्गापूजा के दौरान महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जमशेदपुर पुलिस ने विशेष तैयारी की है। शहर के पूजा पंडालों, मेला स्थलों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले चौक-चौराहों पर छेड़खानी करने वालों और हुड़दंग मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर शक्ति कमांडो की पैनी नजर रहेगी। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. एहतेशाम वकारिब की पहल पर महिला सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए साकची महिला थाना प्रभारी रूपा पाल के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों की विशेष टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। आधुनिक हथियारों और इलेक्ट्रिक डंडों से लैस यह टीम पूजा के दौरान सक्रिय रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगी। दुगार्पूजा के दौरान शहर के प्रमुख पूजा पंडालों और बाजारों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। इसे देखते हुए महिलाओं और युवतियों के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी तथा सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शक्ति कमांडो मुस्तैद रहेंगी। पुलिस का उद्देश्य है कि महिलाएं और युवतियां बिना किसी भय के पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन कर सकें और मेले का आनंद उठा सकें। किसी भी तरह की अशोभनीय हरकत सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शक्ति कमांडो को शहर के छह प्रमुख रूटों पर विशेष निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें सीतारामडेरा-सिदगोड़ा, मानगो-आजादनगर-उलीडीह, टेल्को-बिरसानगर-गोविंदपुर, गोलमुरी-बमामाईंस, साकची-बिष्टुपुर और सोनारी-कदमा क्षेत्र शामिल हैं। इन इलाकों में भीड़भाड़ वाले स्थानों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, ताकि किसी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। शक्ति कमांडो की भूमिका केवल त्योहारों तक सीमित नहीं है। सामान्य दिनों में भी स्कूलों की छुट्टी के समय छात्राओं की सुरक्षा के लिए संवेदनशील इलाकों में इनकी तैनाती की जाती है। मनचलों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने और छात्राओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने में भी टीम की अहम भूमिका रहती है। रूपा पाल के नेतृत्व वाली इस टीम में मनकुमारी उरांव, गुड़िया उरांव, परवीन अख्तर, नूतन मंजू मिंज, सरिता मार्डी, राधा रानी महतो, सुमित्रा कुंवर गंझू और जमुना कुमारी मुर्मू शामिल हैं। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य दुर्गापूजा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ असामाजिक तत्वों में कानून का भय बनाए रखना है।

## हजारीबाग चतरा सीमा के पेटो झाबरगढ़ा में विराजमान है बुढ़ी मईया का प्राचीन मंदिर





**केरेडारी :** हजारीबाग जिले के हजारीबाग चतरा सीमा के झाबर गढा पेटो में ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल बुढ़ी मईया का मंदिर क्षेत्र के प्रमुख सिद्ध पीठों में शुमार है। यहांआने वाले श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है कि माता के दरबार में सच्चे मन से जो भी मन्नत मांगी जाती है, वह अवश्य पूरी होती है। मंदिर का इतिहास लगभग 200 सौ वर्ष पुराना हैऔर इसकी धार्मिक महत्ता काफी प्राचीन है। स्थानीय लोगों और पुजारियों के अनुसार, मंदिर में स्थापित माता महामाया की प्रतिमा अद्वितीय और बेहद चमत्कारी है। इस सिद्ध पीठ में सालभर भक्तों का तांता लगा रहता है, विशेषकर चैत्र और शारदीय नवरात्र के दौरान यहाँ महापूजा और विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। दूर-दूर से श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेने पहुँचते हैं। बडकीनदी तट पर स्थित होने के कारण इस स्थल का आध्यात्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है।

प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण से घिरे इस मंदिर परिसर में आने वाले आगंतुकों को एक अलौकिक शांति की अनुभूति होती है। स्थानीय कमेटियों और प्रशासन बुढ़ी मईया का मंदिर क्षेत्र के प्रमुख सिद्ध पीठों में शुमार है।

हजारीबाग चतरा सीमा के बडकी नदी के तट पर के इस सिद्ध पीठ में सालभर दूर दराज के भक्तों का लगा रहता है तांता। नवरात्र में दूर-दूर से भक्तों का लंबी कतार होती है इसलिए द्वारा यहाँ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को समेटे यह सिद्ध पीठ आज न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि हजारीबाग जिले की केरेडारी प्रखंड के पेटो गाँव का पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन चुका है।

## डाक विभाग की राखी प्रतियोगिता में कार्मल की दक्षा वर्मा प्रथम, धनबाद मंडल में मिला पहला स्थान, विद्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**धनबाद :** भारतीय डाक विभाग, धनबाद मंडल की राखी बनाओ और भेजो प्रतियोगिता-2026 में कार्मल स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा दक्षा वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। सोमवार को विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में सिस्टर जेसिन्था और डाक विभाग के अधिकारी ने संयुक्त रूप से दक्षा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सिस्टर जेसिन्था ने कहा कि दक्षा प्रतिभाशाली और रचनात्मक सोच वाली छात्रा है। इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ाने के साथ उनकी कलात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर देती हैं। डाक विभाग की ओर से प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। निर्णायक मंडल ने रंग संयोजन, मौलिकता और सांस्कृतिक संदेश के आधार पर दक्षा की राखी को सर्वश्रेष्ठ चुना। दक्षा के पिता देव कुमार वर्मा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में अधिकारी हैं, जबकि माता डॉ. प्रियंका वर्मा बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान, सिंदरी में प्राध्यापिका हैं।

## हैंडलूम-पावरलूम गारमेंट्स शोरूम का शुभारम्भ, उमाशंकर अकेला ने किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग) :** चौपारण में जामा मस्जिद के समीप स्थित हैंडलूम पावरलूम गारमेंट्स शोरूम का विधिवत उद्घाटन बरही के पूर्व विधायक श्री उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने शोरूम के संचालक लड़न खान एवं मो. जुनैद अंसारी को नए व्यवसाय की शुरूआत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके पहले संचालको द्वारा श्री अकेला को बुके देकर स्वागत व सम्मानित किया। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि क्षेत्र में नए व्यवसाय की शुरूआत से स्थानीय बाजार को बढ़ावा मिलता है और लोगों को बेहतर खरीदारी की सुविधा उपलब्ध होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह शोरूम ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरेगा और अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से क्षेत्र में पहचान बनायेगा। हैंडलूम पावरलूम गारमेंट्स शोरूम में खादी, हैंडलूम, पावरलूम सहित विभिन्न प्रकार के कपड़े उपलब्ध हैं। इससे क्षेत्र के लोगों को अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार कपड़ों की खरीदारी के लिए एक नया विकल्प मिलेगा। उद्घाटन समारोह मे कांग्रेस जिला सचिव रेवाली पासवान,ताजपुर पूर्व मुखिया शौकत उर्फ भूटु खान, डॉ सरवन हसन, बेला पसस प्रतिनिधि बीरबल साहू, चयकला पूर्व मुखिया सफ़्फ़ाल उद्दीन, प्रहलाद सिंह, नीरज सिंह, अशोक सिंह, बैजू गहलोत, विवेक सिंह, मतीन खान, मो सनोवर, मो गुलबहार, जितेंद्र यादव, बिट्टू खान, विजय राय, विजय भुइंया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पदमा के ऐतिहासिक किलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पहल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा (हजारीबाग) :** पदमा की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित कर पर्यटन, संस्कृति और शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल तेज होती दिख रही है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ), रांची सर्किल की टीम के सुपरटेंडेंट अरकोलॉजीस्ट डॉ. करबी शाह, कंजर्वेशन असिस्टेंट नीरज एवं सुमन रॉय एसएसए ने रामगढ़ राजपरिवार के वंशज और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुके सौरभ नारायण सिंह के साथ पदमा स्थित बोली राजा किला एवं श्रीनगर पैलेस का निरीक्षण और भ्रमण किया। इस दौरान दोनों ऐतिहासिक स्थलों की विरासत, उनके संरक्षण और जीर्णोद्धार की संभावनाओं को लेकर चर्चा की गई। करीब दो सौ वर्ष पुरानी इन धरोहरों को संरक्षित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सौरभ नारायण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि राजा बहादुर कामाख्या नारायण सिंह की ऐतिहासिक विरासत को पर्यटन, सांस्कृतिक गतिविधियों और शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए उनके प्रयास से योजना तैयार की जा रही है। उनका उद्देश्य केवल ऐतिहासिक इमारतों का जीर्णोद्धार कराना नहीं, बल्कि इन स्थलों को क्षेत्र की पहचान और विकास से जोड़ना भी है। यदि संरक्षण और विकास की योजनाएं धरातल पर उतरती हैं, तो पदमा को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान मिल सकती है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत साइंस कॉलेज की स्थापना की योजना पर भी काम किया जा रहा है। इसके लिए करीब 30 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। इस संबंध में शिक्षा सचिव से बातचीत हुई है और उनकी ओर से प्रस्ताव मांगा गया है। प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में जिला प्रशासन की भूमिका है। इसके लिए उपायुक्त और अंचलाधिकारी के स्तर से आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव भेजने की तैयारी की जा रही है।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव में अनीता अग्रवाल को मुख्य अतिथि का सम्मान



**धनबाद :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम विशेष दिव्यांग स्कूल की सचिव एवं समाजसेविका अनीता अग्रवाल को श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। 11 अक्टूबर को झुमरी तिलैया में आयोजित समारोह में उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। श्री अग्रवाल समाज, झुमरी तिलैया की ओर से अध्यक्ष कैलाश चौधरी, सचिव संजीव खैतान, मनोज केडिया और आयुष पोद्दार ने अनीता अग्रवाल को सम्मानित किया। इस दौरान पहला कदम के सुपरवाइजर कौशल अग्रवाल भी उपस्थित रहे। अनीता अग्रवाल लंबे समय से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सर्वांगीण विकास और अधिकारों के लिए कार्य कर रही हैं। उनके मार्गदर्शन में पहला कदम विशेष दिव्यांग स्कूल बच्चों को शिक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। अनीता अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए खुशी के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर दिलाना ही उनका लक्ष्य है।

## त्योहार के दौरान महिला सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की रखी मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** दशहरा-2026 के दौरान डांडिया और गरबा आयोजनों में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने पुलिस अधीक्षक अमन कुमार से समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने एसपी अमन कुमार को एक पत्र सौंपकर महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर सख्ती की विशेष मांग की। दुर्गा पूजा पंडालों और ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर भी विशेष सुरक्षा प्रबंधन पर उनसे चर्चा की। पत्र में प्रमुख आयोजन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती, शहर के चौक-चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त कराकर सीसीटीवी से क्षेत्र की विशेष निगरानी, छेड़छाड़ व नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई तथा पार्किंग एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था पर जोर दिया गया है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि डांडिया और गरबा जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में महिलाओं, बच्चों और परिवारों की बड़ी भागीदारी होती है और ऐसे में पुलिस-प्रशासन और आयोजकों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है, ताकि सभी कार्यक्रम सुरक्षित, शांतिपूर्ण और मर्यादित माहौल में संपन्न हो सकें। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को आश्वत किया कि जल्द ही वे दुर्गा पूजा पंडालों का भी निरीक्षण कर जायजा लेंगे और ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही डांडिया नाइट के दौरान शहर में पुलिस की गश्त बढ़ाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिये जा रहें हैं।

## बालिका विद्यालय बना असामाजिक गतिविधियों का अड्डा

**चौपारण :** प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, पपरो की मौजूदा स्थिति शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जिस विद्यालय ने वर्षों तक क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई और समृद्ध शैक्षणिक इतिहास अपने नाम किया, उसी विद्यालय परिसर में कथित तौर पर अंधविश्वास और असामाजिक गतिविधियों के निशान दिखाई दे रहे हैं। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर नींबू-मिर्ची और सिंदूर का लेप, अंदर की दीवारों पर अश्लील लेख तथा परिसर में शराब की खाली और टूटी बोतलों की मौजूदगी चिंता का विषय है। प्रखंड का एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय, फिर भी बदहाली।

## भाजपा महिला मोर्चा का जोरदार विरोध प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस सांसद तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर द्वारा एक महिला के साथ किये गये कथित अभद्र व्यवहार के खिलाफ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, हजारीबाग द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने एकजुट होकर संबंधित सांसद के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। यह विरोध प्रदर्शन हजारीबाग स्थित सुप्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए झंडा चौक तक पैदल मार्च के रूप में आयोजित किया गया। पैदल मार्च के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के समर्थन में नारेबाजी की। झंडा चौक पहुंचकर यह मार्च जनसभा में परिवर्तित हुआ, जहां वक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा की। महिला मोर्चा की नेत्रियों ने अपने संबोधन में कहा कि जनसेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा महिलाओं के साथ अमर्यादित व्यवहार के आरोप गंभीर विषय हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर कांग्रेस महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उसके सांसद पर इस प्रकार के आरोप लगना चिंताजनक है। भाजपा महिला मोर्चा ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन एवं पैदल मार्च में भाजपा महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारियों, महिला कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे: महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोरमा राणा (साक्षी), जिला महामंत्री जयनारायण प्रसाद कुशवाहा, जिला मंत्री इन्द्रनारायण कुशवाहा, टोनी जैन, सुमन कुमार, राजकरण पांडे, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, दीपक मेहता, सुमीत कुमार लाहेरी, बालकिशन कुमार, तरुण कसेरा, वरिष्ठ नेत्री रत्ना सिन्हा, श्वेता सिन्हा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भानुमति पासवान, जिला मंत्री इंदु गुप्ता, पूर्वी मंडल अध्यक्ष सोनी देवी, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष रीना राय भट्ट, दारू मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, डॉली कुमारी, सरिता देवी, सुलेखा देवी सहित सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर दिये आवश्यक निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, एक्स-रे मशीनों की क्रियाशीलता, मानवबल की स्थिति, रक्त की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित सोलर पैनलों की क्रियाशीलता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार सोलर पैनल लगाने तथा विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया।

अनुबंध आधारित नियुक्तियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग में स्वीकृत सभी पदों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि मानवबल की स्थिति का समुचित आकलन किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला भ्रमण के दौरान कई स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता से संबंधित सूची अंग्रेजी में अंकित पाई जाती है, जिसे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पढ़ने और समझने में कठिनाई होती है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की सूची हिंदी में अंकित करने का निर्देश दिया, ताकि आम नागरिकों को उपलब्ध दवाओं की जानकारी आसानी से मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराई गई एक्स-रे मशीनों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले में कार्यरत एक्स-रे तकनीशियनों की संख्या एवं उनकी पदस्थापना से संबंधित सूची उपलब्ध कराने को कहा।

**रक्त की उपलब्धता एवं ब्लड सेपरेटर मशीन के अधिष्ठापन पर विशेष जोर**

**बैठक** में रक्त की उपलब्धता तथा थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के विषय पर विशेष चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस विषय को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए ब्लड सेपरेटर मशीन के अधिष्ठापन की प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने रक्त की आवश्यकता की गंभीरता को देखते हुए अगले 15 दिनों के भीतर स्थल चयन सहित अन्य सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि मशीन के अधिष्ठापन की दिशा में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने जानकारी दी कि 15 नवंबर तक सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एम्बुलेंस उपलब्ध करा दिए जाएंगे, जिससे मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्रों तक पहुंचाने में सुविधा होगी।

**आउटसोर्स कर्मियों के कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश**

**सदर** अस्पताल में मानवबल उपलब्ध कराने वाली कार्यरत आउटसोर्स एजेंसी के कर्मियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उनके कार्यों का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य निष्पादन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं, मेडिकल कॉलेज के जांच केंद्रों में अनियमितता की सूचना को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने मामले की गहन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने उप विकास आयुक्त को संबंधित जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में एक ही संस्थान में तीन साल से ज्यादा समय से पदस्थापित पारा चिकित्सा कर्मियों के स्थानांतरण पर उप विकास आयुक्त से समन्वय करते हुए संचिका उपायुक्त के समक्ष उपस्थापित करेंगे ताकि कर्मियों के कमी को दूर किया जा सके।

## एक झलक

### 13 सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा का प्रदर्शन

**चरही :** परेज परियोजना में सोमवार को 13 सूत्री मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन किया गया एवं मांग पत्र कार्मिक प्रबंधक को दिया गया इस प्रदर्शन की अध्यक्षता सुरेंद्र शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता शाखा सचिव पप्पू दुबे, एरिया सचिव UCWU, राजेंद्र सिंह, BCKU, बसंत कुमार,खडटव, अकल उरांव, CCLCKS रणविजय सिंह, राजेश्वर सिंह, देवी लाल मांझी, महेश प्रसाद, मंगल सिंह, तीर्थराज सिंह, गणेश रविदास, जपन यादव, मोहम्मद कासिम, उत्तम सिंह, अशोक, और सभी साथी मजदूर उपस्थित थे।

### लक्ष्मण चौधरी के घर सोना चांदी समेत लाखों की चोरी

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा थाना क्षेत्र बरकट्ठा बाजार निवासी लक्ष्मण चौधरी पिता श्री परमेश्वर चौधरी के घर बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे हुए सोना चांदी जेवरात सहित नगदी की चोरी कर लिया गया। गृह स्वामी लक्ष्मण चौधरी के द्वारा बरकट्ठा थाना पुलिस को अपने लिखित आवेदन पत्र में लगभग 25 लाख रुपए की सोने चांदी एवं 500000 लाख नगदी की चोरी बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा मेरे घर के ताला तोड़कर कर लिया गया। उन्होंने बताया कि रात्रि भोजन के बाद हम सभी परिवार बगल के मकान में सो रहे थे, घटना की जानकारी मुझे मिलने पर बरकट्ठा थाना को लिखित आवेदन देते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग किया हूं, प्राप्त सूचना के अनुसार आये आज से पूर्व भी कई घरों में चोरी की घटना पिछले दो-तीन वर्षों से घट चुकी है जिसका उद्भेदन ना होना अपराधियों के मनोबल बढ़ते जा रहा है और बेखौफ होकर निरंतर चोरी का अंजाम दे रहे हैं।

### योजना पीसीसी एवं गार्डवाल का भ्रमण करने पहुंचे मुखिया

**चरही :** सोमवार को पूर्व मंत्री सह मांडू के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल का किया हुआ अनुशंसा मयूरनवया कजरी का मस्जिद इमाम बाड़ा से मेन रोड भाया का पीसीसी एवं गार्डवाल का भ्रमण व निरक्षण हजारीबाग के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू मुखिया संघ अध्यक्ष सह बेहरा मुखिया देवकी महतो के द्वारा किया गया। मुखिया देवकी महतो ने कहा कि मांडू के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल को मैं तहे दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में ये सड़क को अनुशंसा करके हमारे पंचायत का सड़क को बनाये है अब हमारे क्षेत्र कजरी मयूरनवया के ग्रामीणों को आवागमन में अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी ने कहा कि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल जी का धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं की पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने अपने कार्यकाल में चुरचू प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जो विकास कार्य किया साथ ही कजरी मयूरनवया का पीसीसी एवं गार्डवाल जो अनुशंसा से किया और वह आज सड़क मुकम्मल तरह से बन गई है अब यहां के ग्रामीण को आवागमन में परेशानी नहीं उठाना पड़ेगा यहां के ग्रामीण के लिए आपकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि की बात है। मौके पर जाकिर अंसारी, आरिफ अंसारी, मोहम्मद नसीम, रजाक आलम, इसाक अंसारी, इसाफील अंसारी, मौजूद थें।

### रमेश ठाकुर के आवास पहुंच कर परिजनों से मिले सांसद, जताया शोक

**बरही :** बरही के विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश ठाकुर की माता स्व. बसंती देवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर इस दुःख की घड़ी में अपनी संवेदनाएं साझा कीं। सांसद मनीष जायसवाल अपने अतिव्यस्त कार्यक्रम के कारण वह दिवंगत बसंती देवी के बारहवें के अवसर पर उपस्थित नहीं हो सके थे। इसीलिए सोमवार को उनके आवास पहुंचकर उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

### अधिवक्ता सोनिका कुमारी चौरसिया के कार्यालय का सांसद ने किया उद्घाटन

**कटकमदाग :** कटकमदाग प्रखंड के लूटा स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में अधिवक्ता सोनिका कुमारी चौरसिया के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया।

### बैंक मोड़ से केन्दुआडीह तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, 1.53 लाख जुर्माना

**धनबाद :** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने सोमवार को बैंक मोड़ से केंदुआडीह तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी और यातायात पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार साव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे बेतरतीब और अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया गया। ऐसे वाहनों से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कार्रवाई के दौरान कई वाहनों को जब्त कर केंदुआडीह थाना परिसर भेजा गया।

## एक झलक

### आनन्द महतो ने मुख्यमंत्री से मिल कर जताया शोक



धनबाद/बलियापुर : पूर्व विधायक आनंद महतो ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनकी माता रूपी सोरेन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान समीर मुर्मू भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान आनंद महतो ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए दिवंगत रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि दी। आनंद महतो ने कहा कि रूपी सोरेन का निधन अत्यंत पीड़ादायक है। वह वात्सल्य और सरलता की प्रतिमूर्ति थीं। मां का निधन किसी भी संतान और परिवार के लिए ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके पूरे परिवार के साथ हैं। पूर्व विधायक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने परिवार के प्रति अपनी एकजुटता और संवेदना व्यक्त की।

### पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर, हर पंचायत में बनेगी पांच सदस्यीय समिति

धनबाद: आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। सोमवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित बैठक में प्रत्येक पंचायत में पांच सदस्यीय प्रचार समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शाहिद कमर ने की। प्रदेश कांग्रेस के पंचायत चुनाव प्रभारी चंदन सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को अगले 20 दिनों के भीतर समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची जिला कार्यालय को सौंपने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड स्तर पर संचालन समितियां गठित करने और चुनावी तैयारियों में समन्वय बनाने पर जोर दिया गया। चंदन सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव ग्रामीण लोकतंत्र की बुनियाद है। बेहतर प्रदर्शन के लिए गांव और पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर जनसंपर्क अभियान चलाना जरूरी है। शाहिद कमर ने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। पांच सदस्यीय समितियां स्थानीय समस्याओं को समझने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की। बैठक में संगठन प्रभारियों को समितियों के गठन और विधानसभा प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में तैयारियों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

### कोलियरियों में चोरी से दहशत, मजदूरों ने विधायक के नेतृत्व में घेरा निरसा थाना

निरसा (धनबाद): निरसा क्षेत्र की कोलियरियों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के विरोध में सोमवार को विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूरों ने निरसा थाना का घेराव कर प्रदर्शन किया। हड़ियाजाम और बैजना कोलियरी समेत अन्य खदानों में चोरी की घटनाओं से मजदूरों में भय और आक्रोश का माहौल है। मजदूरों ने थाने में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और चोर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारी मजदूरों का आरोप था कि कोलियरियों में संगठित गिरोह सक्रिय है। गिरोह के सदस्य रात के अंधेरे में हथियारों के साथ खदानों में घुसते हैं और सुरक्षा में तैनात गार्डों को बंधक बनाकर कोयला, लोहा तथा हजारों लीटर डीजल लूट लेते हैं। मजदूरों के अनुसार, इन घटनाओं की जानकारी कई बार मौखिक और लिखित रूप से प्रशासन को दी गई, लेकिन चोरी पर अंकुश नहीं लग सका। लगातार हो रही घटनाओं से नाराज मजदूर ने थाना घेराव कर पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। प्रदर्शन की सूचना पर थाना प्रभारी अजीत कुमार भारती मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में सोमवार से ही रात्रि गश्ती तेज की जाएगी तथा चोरी की घटनाओं में शामिल गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद मजदूरों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। मौके पर भाकपा माले के कार्यकर्ता, मजदूर नेता और बड़ी संख्या में स्थानीय मजदूर मौजूद थे।

# शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा





**■ तप, त्याग और संयम की देवी से सुख-समृद्धि व शांति की कामना, घरों से मंदिरों तक भक्तिमय माहौल**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को धनबाद, झरिया सहित कोयलांचल के विभिन्न इलाकों में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा स्थलों पर दिनभर भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।

**पुष्प, अक्षत और दीप अर्पित कर मांगा आशीर्वाद**

**नवरात्र** को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने पुष्प, अक्षत, धूप-दीप और फल अर्पित कर मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की। वहीं, कई घरों में कलश स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ किया जा रहा है। सुबह-शाम आरती में भी भक्तों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

**तप और साधना का संदेश देती हैं मां ब्रह्मचारिणी**

**धार्मिक** मान्यताओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी तपस्या, त्याग, संयम और साधना की प्रतीक हैं। उनकी आराधना से भक्तों को धैर्य, आत्मबल और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। मां का स्वरूप जीवन में अनुशासन बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश देता है।

**बाजारों में भी दिखी रौनक**

**नवरात्र** के अवसर पर कोयलांचल के बाजारों में भी चहल-पहल बनी हुई है। पूजा सामग्री, फल-फूल और प्रसाद की दुकानों पर लोगों की आवाजाही देखी जा रही है। पूरे क्षेत्र में शारदीय नवरात्र को लेकर उत्साह है। श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना कर सुख, शांति और मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं।



## द क्लब इंडिया की डांडिया नाइट में देर रात तक थिरके लोग



**धनबाद** : नवरात्र के पावन अवसर पर द क्लब इंडिया की ओर से कोयला कुसमा स्थित उत्सव रिसॉर्ट में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी, मधुर संगीत और डांडिया की धुनों के बीच लोगों ने जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद उठाया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की मनमोहक झलक देखने को मिली। आयोजन में परिवारों की भागीदारी ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में द क्लब इंडिया के बिजनेस हेड राजेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल नेतृत्व और बेहतर प्रबंधन से आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज के उपाध्यक्ष महेश मोदी उपस्थित रहे। वहीं, कला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद, अनुभूति के सचिव सरसी चंद्र, 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज के अमित रंजन, कला एंड संगीत अकादमी की संस्थापक शाइली श्रीवास्तव और शारदा नृत्य एंड संगीत अकादमी की संस्थापक रेशमी शाह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर द क्लब इंडिया के संस्थापक एवं चेयरमैन संतोष रजक ने अतिथियों, सहयोगियों, सदस्यों और उपस्थित परिवारों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहयोग और सहभागिता से ही ऐसे सांस्कृतिक आयोजन सफल होते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दी गईं और मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

## दुर्गा पूजा में जाम से निजात दिलाये प्रशासन, फुसबंगला चौक के गड्ढे की हो मरम्मत : कार्तिक हाड़ी



**धनबाद** : दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने और फुशबंगला चौक पर बने बड़े गड्ढे की मरम्मत कराने की मांग जिला प्रशासन से की गई है। केंद्रीय शांति समिति के सदस्य, कांग्रेस नेता एवं हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डिनोबली मोड़, डुमरी मोड़, जामाडोबा मोड़, फुशबंगला चौक और लोदना मोड़ पर जाम के कारण आम लोगों को परेशानी होती है। दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से स्थिति और गंभीर हो सकती है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को आवागमन में कठिनाई होगी। जाम के कारण एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। कार्तिक हाड़ी ने कहा कि फुशबंगला चौक पर बना बड़ा गड्ढा दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। प्रशासन पूजा से पहले इसकी मरम्मत कराए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस की तैनाती, बड़े वाहनों के प्रवेश पर आवश्यक प्रतिबंध, वैकल्पिक मार्ग और व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने कहा कि समय रहते विशेष यातायात योजना लागू की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिले और आम जनता को जाम से राहत मिल सके।

## नवरात्र के दौरान आयोजित गरबा आयोजनों में पहचान पत्र की जांच और सुरक्षा व्यवस्था की मां



**बाघमारा (धनबाद)** : नवरात्र के दौरान आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों में पहचान पत्र की जांच और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठी है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के धनबाद जिला अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने प्रवेश से पहले वैध फोटो पहचान पत्र या आधिकारिक प्रवेश पास की जांच करने तथा केवल हिंदुओं को प्रवेश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि आस्था और भक्ति का पर्व है। गरबा आयोजनों में धार्मिक मयार्दा, अनुशासन और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों से तिलक लगाकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। चौरसिया ने कलाकारों, फोटोग्राफरों, वीडियोग्राफरों, प्रकाश एवं ध्वनि संचालकों, खानपान कर्मियों, पार्किंग कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का उचित सत्यापन कराने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए छेड़छाड़, बिना अनुमति फोटो-वीडियो बनाने और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने की मांग की। उन्होंने आयोजकों से नियमों का पालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी उल्लंघन की स्थिति में पुलिस-प्रशासन को सूचना देने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी पर विहिप विरोध करेगा। उन्होंने कार्यकताओं से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की बात भी कही। उपरोक्त जानकारी विहिप के धनबाद जिला प्रवक्ता दिलीप श्रीवास्तव ने दी।

## गोविंदपुर एरिया-3 के नये महाप्रबंधक बने किशोर कुमार सिंह, उत्पादन लक्ष्य हासिल करना प्राथमिकता



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद)** : बीसीसीएल के गोविंदपुर एरिया-3 के नए महाप्रबंधक के रूप में किशोर कुमार सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पूर्व महाप्रबंधक सत्यकाम आनंद का स्थान लिया है। सत्यकाम आनंद का स्थानांतरण झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण (जेआरडीए) में किया गया है। पदभार संभालने के बाद महाप्रबंधक किशोर कुमार सिंह ने कहा कि गोविंदपुर एरिया के निर्धारित कोयला उत्पादन लक्ष्य को हासिल करना उनकी प्राथमिकता शामिल है। इसके लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्पादन कार्य में संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। साथ ही मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल की जायेगी। उन्होंने औद्योगिक संबंधों को बेहतर बनाए रखने और सभी के सहयोग से उत्पादन कार्य को गति देने पर जोर दिया। उनके मुताबिक, बेहतर समन्वय और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग से निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अधिकारियों ने नवनियुक्त महाप्रबंधक किशोर कुमार सिंह को शॉल और गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर अपर महाप्रबंधक डीके सिंह, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक यशवंत सिंह, सचिन जायसवाल, परियोजना पदाधिकारी सुशील कुमार, एके झा, कामता सिंह, विद्युत एवं यांत्रिक प्रबंधक आरके सिंह, क्षेत्रीय असैनिक अभियंता अनुज कुमार, प्रबंधक अमित कुमार, योजना पदाधिकारी अमित कुमार और क्षेत्रीय सर्वे पदाधिकारी रंजीत कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पांडेय बस्ती में नि:शुल्क शिक्षा की शुरुआत, हर माह लगेगा मेडिकल कैम्प

**पाथरडीह (धनबाद)** : मालाबार ग्रुप मिशन के हंगर फ्री वर्ल्ड परियोजना के तहत दया रिहैबिलिटेशन ट्रस्ट की ओर से पाथरडीह की पांडेय बस्ती स्थित दुर्गा मंदिर के समीप नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में दर्जनों जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं और बच्चों के बीच नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 51 के पार्षद वीरेंद्र कुमार और दशरथ पांडेय को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका पूनम सिन्हा और जोनल हेड रवि ने बताया कि संस्था जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध करा रही है। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रत्येक माह मेडिकल कैंप आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

## केन्दुआ-बोकारो मुख्य सड़क चालू, हजारों लोगों के चेहरों पर लौटी मुस्कान : राज सिन्हा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : भू-धंसान के कारण पिछले कई महीनों से बंद केंदुआ-बोकारो मुख्य सड़क सोमवार को आम लोगों के आवागमन के लिए खोल दी गई। झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने केंदुआ पहुंचकर नारियल फोड़कर और फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। सड़क चालू होने से केंदुआ, करकेंद, गोधर और पुटकी समेत आसपास के इलाकों के हजारों लोगों को राहत मिली है। स्थानीय व्यवसायियों को भी कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। विधायक के पहुंचने पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, स्थानीय व्यवसायियों, नागरिकों और युवा संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने फूल-माला और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान राज सिन्हा के समर्थन में नारे भी लगाये गये। सड़क बंद रहने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। व्यवसायियों और राहगीरों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा था। लोगों की समस्या को देखते हुए विधायक ने स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों के साथ कई बार आंदोलन किया। उन्होंने जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन पर सड़क की मरम्मत कर जल्द आवागमन बहाल करने का दबाव बनाया। निर्माण कार्य की प्रगति पर लगातार नजर रखने के साथ वे स्वयं स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करते रहे। संबंधित विभागों और बीसीसीएल प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित करने में भी भूमिका निभाई। सड़क चालू होने पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि स्थानीय लोगों के चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें बेहद संतोष हो रहा है। जब भी वे यहां आते थे, लोगों की आंखों में सड़क खुलने की उम्मीद दिखाई देती थी।

## सड़क पर ओबी डंपिंग से आवागमन बाधित, सीओ ने दिये जांच के निर्देश



**जोड़ापोखर (धनबाद)**: डिगवाडीह 12 नंबर से भूलन बरारी जाने वाली मुख्य सड़क पर ओबी (ओवरबर्डन) गिराकर रास्ता बंद करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। शिकायत पर झरिया अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने संज्ञान लेते हुए अंचल निरीक्षक रामरतन पांडेय और सरकारी अमीन सीताराम को स्थल निरीक्षण कर जमीन के मालिकाना हक और वस्तुस्थिति की जांच कर तत्काल रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। सोमवार दोपहर अधिकारियों ने विवादित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रमिक नेता सबूर गोराई के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सड़क से ओबी हटाने और आवागमन बहाल करने की मांग की। बताया जाता है कि बरारी स्थित सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार और ओबी डंपिंग के लिए जमीन की कमी के कारण प्रबंधन को परेशानी हो रही है। इसी क्रम में भूलन बरारी के समीप मुख्य सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर गिरा दिए गए, जिससे सैकड़ों लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है।

ग्रामीणों ने उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक और झरिया सीओ को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि सड़क से ओबी हटाकर आवागमन बहाल नहीं किया गया, तो वे प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन तेज करेंगे। अब प्रशासन की जांच रिपोर्ट और आगे की कार्रवाई पर सबकी नजर है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का डीडीसी ने लिया जायजा पंचायत भवन की बदहाली पर जतायी नाराजगी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने सोमवार को जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों और सियालगुदरी पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, बच्चों की जरूरतों और भवनों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने नवनिर्मित और जीर्णोद्धार किए गए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति देखी। उन्होंने बच्चों के अनुकूल वातावरण तैयार करने के साथ उनकी सुविधा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कमियों को दूर करने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने सियालगुदरी पंचायत भवन का निरीक्षण किया। भवन की वर्तमान स्थिति और रखरखाव में मिली कमियों पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उप विकास आयुक्त ने पंचायत सचिव और मुखिया को जिला स्तर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप भवन का रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सभी आवश्यक सुधार पूरे करने को कहा। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकारी भवनों का समुचित रखरखाव और उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करना संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की जिम्मेदारी है। निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पंचायत भवन की व्यवस्था में भी सुधार लाना है।

## पीके रॉय कॉलेज में एनएसयूआई की कार्यकारिणी बैठक, छात्र समस्याओं को लेकर बनी रणनीति



**धनबाद** : पीके रॉय कॉलेज में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्र-छात्राओं की समस्याओं, कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार और छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और छात्रों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी, धनबाद जिला अध्यक्ष साहिल अली, विश्वविद्यालय अध्यक्ष राज सिंह, कॉलेज अध्यक्ष हर्षित राय और कार्यकारी अध्यक्ष आजान सम्मी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष साहिल अली ने कहा कि एनएसयूआई विश्वविद्यालय से लेकर कॉलेज स्तर तक छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लगातार उठाती रही है। छात्रों के अधिकारों की रक्षा, समस्याओं के समाधान और बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिए संगठन आगे भी संघर्ष करता रहेगा।

## ई-मेगा प्रोजेक्ट के खिलाफ कतरास में जनजागरण रैली, आन्दोलन तेज करने की चेतावनी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद)** : बीसीसीएल के प्रस्तावित ई-मेगा प्रोजेक्ट के खिलाफ कतरास कोयलांचल बचाओ समिति ने सोमवार को कतरास बाजार में जनजागरण रैली निकाली। इसके बाद आयोजित बैठक में आंदोलन की अगली रणनीति तय की गई। समिति ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर परियोजना के संभावित दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद एवं ह्यरेल दो या जेल दोह्न आंदोलन के प्रणेता विनोद कुमार गोस्वामी ने कहा कि जिस तरह धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन को दोबारा चालू कराने के लिए तीन वर्षों तक संघर्ष किया गया था, उसी एकजुटता के साथ कतरास का अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि कतरास की जमीन और लोगों की सुरक्षा के लिए वे अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे। गोस्वामी ने स्पष्ट किया कि समिति विकास और खनन के विरोध में नहीं है, लेकिन कतरास को उजाड़कर किसी परियोजना को लागू करना स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**प्रमुख मांगें उठायीं**

समिति ने ई-मेगा प्रोजेक्ट रद्द करने, कतरास बाजार और घनी आबादी वाले क्षेत्रों को खनन से मुक्त रखने, वैज्ञानिक तरीके से शत-प्रतिशत बालू भराई के साथ सुरक्षित भूमिगत खनन सुनिश्चित करने तथा भू-धंसान प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा और सुरक्षित पुनर्वास देने की मांग की। समिति ने चेतावनी दी कि जनभावनाओं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी होने पर चरणबद्ध आंदोलन तेज किया जाएगा। अभियान में दिलीप तर्वे, अजय विश्वकर्मा, शंकर जायसवाल, तुषार चटर्जी, काजल प्रमाणिक, अनुज सिंह, अरविंद गुप्ता, मनीष चौरसिया, राजेश जायसवाल समेत सैकड़ों स्थानीय नागरिक और व्यापारी शामिल हुए।

# दुर्गा पूजा में डीजे पर प्रतिबंध, हर पंडाल में तैनात होंगे पुलिसकर्मी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा, यातायात और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को न्यू टाउन हॉल में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इसमें स्पष्ट किया गया कि पूजा और विसर्जन के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रत्येक पूजा पंडाल में पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। प्रशासन ने पूजा समितियों से सुरक्षा मानकों का पालन करने और पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक रखने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पूजा समितियां पूजा शुरू होने से पहले विसर्जन मार्ग का भौतिक सत्यापन कर लें। विसर्जन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की तकनीकी जांच भी अनिवार्य रूप से कराई जाए। पंडालों में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध रखने और महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार बनाने को कहा गया। सुरक्षा के लिए सादे लिबास में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

**अफवाह फैलानेवालों पर पुलिस की नजर**

**सोशल** मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस 24 घंटे निगरानी करेगी। व्हाट्सएप ग्रुप संचालकों से ह्यओनली एडमिन कैन पोस्टह्न सेटिंग लागू रखने की अपील की गई। आपात स्थिति में डायल 112 के अलावा कंट्रोल रूम के चार अन्य मोबाइल नंबर सक्रिय रहेंगे। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

**भारी वाहनों पर रोक, पार्किंग की व्यवस्था**

**पीक** आवर्स में शहर में भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। बरमसिया में हाइट बैरियर लगाने और नए पार्किंग स्थल चिह्नित करने की तैयारी है। गोल्फ ग्राउंड और कोहिनूर वेंडिंग जोन में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने, नियमित जलापूर्ति और तालाबों की तीन चरणों में सफाई की व्यवस्था की जा रही है। प्रतिमा विसर्जन निर्धारित स्थलों पर ही करने की अपील की गई। बैठक में विधायक राज सिन्हा ने हाइवा परिचालन नियंत्रित करने, शराब दुकानों पर निगरानी और आवारा पशुओं पर रोक लगाने का सुझाव दिया। विधायक रागिनी सिंह ने झरिया को जाममुक्त रखने की मांग की। महापौर संजीव सिंह ने प्रशासन और नगर निगम के संयुक्त प्रयास से समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। शांति समिति की बठक में राणा चट्टराज, राम गोपाल भुवानिया, अजीत कुमार मिश्रा, मनौवर अंसारी, भगत सिंह, कार्तिक हाडी, महादेव हांसदा, मोहम्मद कयूम खान, मुख्तार खान, विजय शर्मा, पिंटू कुमार तुरी, अनवरी खातून, संजय कुमार, मुरारी लाल रविदास, गोपाल पांडे, आनंद कुमार, बैजनाथ यादव, मोहम्मद हकीम अंसारी, राम विलास राम, बलराम प्रसाद साव, कुलदीप अग्रवाल, भोलाराम, डीएन पाठक, डीएन यादव, मोहम्मद अफजल खान, मोहम्मद मेराज खान सहित अन्य सदस्यों ने अपने सुझाव साझा किए। बैठक में अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार ओझा, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि जगदीश कुमार चौधरी के अलावा अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## सिन्दरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने त्योहारों में शांति व सौहार्द बनाये रखने की अपील की



**सिन्दरी (धनबाद)** : सिन्दरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजबिहारी यादव ने दुगार्पूजा, दशहरा और छठ पर्व के दौरान शहर में शांति, सौहार्द और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। राजबिहारी यादव ने शहर के नागरिकों से भी प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और सभी पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि परस्पर प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव हमारी पहचान है। त्योहार समाज में एकता और आपसी विश्वास को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए, ताकि शहर में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। साथ ही, सभी समुदायों के लोगों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने और सामाजिक एकता की मिसाल पेश करने का आह्वान किया।

## सम्पादकीय.....

## एकजुटता ही देगी परिणाम

**इंडिया** गठबंधन का आन्दोलन 08 अक्टूबर को और तेज हो गया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर सभी सांसदों और कांग्रेस नेताओं को लंच पर बुलाया। इस बार कनॉट प्लेस के मोएट्स में पूरा इंडिया ब्लॉक एकत्र हुआ। निर्वाचित सांसदों का एक स्थान पर जमा होना और साथ भोजन करना, गठबंधन में सभी की सोच को एक दिशा में जाते हुए दिखाया। हालांकि, सरकार ने यहां भी पुलिस का जमावड़ा करा दिया। दरअसल, वर्तमान सरकार का डर इतना बढ़ चुका है कि वह जहां इंडिया ब्लॉक के सांसदों को देख रही है, वहीं पुलिस तैनात करा दे रही है। यह डर स्वाभाविक भी है, क्योंकि चुनावों में धांधली करने के लिए एसआईआर का जो पूरा कुचक्र चलाया गया है, उसकी कलई खुलती जा रही है। 08 अक्टूबर को एक बार फिर तमाम विपक्षी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में राजघाट की तरफ बढ़े और एक बार फिर उन्हें रोकने की कोशिशें की गयीं। राजघाट पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लगा दी गयी। निर्वाचित सांसदों को जब भीड़ कहा जाने लगे, तो सहज ही समझा जा सकता है कि लोकतंत्र आज किस तरह कराह रहा है। जिस तरह से मोदी सरकार ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ उठ रही आवाज को दबाने के लिए दमनकारी तरीके अपनाये हैं, वह सर्वथा भर्त्सनात्मक है। केसी वेणुगोपाल ने 07 तारीख को राज्य, जिला और ब्लॉक/मंडल की कांग्रेस इकाइयों को पत्र लिखा और कहा कि जो सलूक मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत तमाम सांसदों के साथ किया गया, उसके विरोध के लिए 08 अक्टूबर को काला दिवस मनाया जाये। कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर तो लगातार हलचल देखने को मिलती रही है, लेकिन अब जिला और मंडल स्तर की इकाइयों में भी स्थानीय नेताओं की सक्रियता दिखने लगी है। आज कार्यकर्ता भी देख रहे हैं कि राहुल गांधी के साथ समूचा विपक्ष सड़क पर उतर आया है। यह संघर्ष चुनावों में हार की निराशा को दूर करने में प्रभावी साबित हो रहा है। हालांकि, इस संघर्ष का परिणाम क्या निकलेगा, यह अनुमान लगाना थोड़ा मुश्किल है। क्योंकि, एक ही मुद्दे ; अर्थात एसआईआर में गड़बड़ी और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे पर दो समानान्तर आन्दोलन चल रहे हैं। पिछले 02 अक्टूबर को ही योगेन्द्र यादव, प्रशांत भूषण, कपिल सिब्बल, मनोज झा आदि के साथ नेहा बोरा ने भी वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन किया था। जुलाई में पेपर लीक के खिलाफ भी ऐसे ही दो अलग-अलग मोर्चे खोले गये थे। चूंकि, धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा हो गया, लिहाजा दोनों को ही सफलता मिली। इस आन्दोलन में भी नेहा बोरा मंच के नीचे अनशनरत थीं और राहुल गांधी ने उन्हें खास तौर पर बुला कर मुलाकात की थी, न्याय के लिए संघर्ष में साथ देने का वादा भी किया था। 06 तारीख को नेहा ने एक पोस्ट भी लिखी...'कुछ जनप्रतिनिधि अपना काम कर रहे हैं और लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं, जबकि दूसरे अपने दिन गिनने में लगे हैं।' इस पोस्ट के साथ राहुल गांधी का वीडियो भी उन्होंने लगाया है, जिसमें पुलिस उन्हें जबरन पकड़ कर ले जा रही है। इंडिया के निर्वाचित सांसदों ने जिस तरह सड़क की लड़ाई छेड़ी है, वह सराहनीय है। लेकिन, यक्ष प्रश्न यह है कि जब मंजिल एक ही है, तो फिर अलग-अलग मोर्चे खोल कर प्रदर्शन क्यों किये जा रहे हैं? सभी कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के साथ अपने-अपने बैनर तले एक मंच पर क्यों नहीं आ रहे? ऐसा करने से उनका आन्दोलन न केवल प्रभावशाली होगा, बल्कि परिणामदायक भी होगा।

## ● किसने क्या कहा



किसी देश पर हुक्म चलाने के बजाय अपनी सम्प्रभुता की रक्षा के लिए शक्तिशाली बनना चाहता है भारत

सी.पी. राधाकृष्णन
उपराष्ट्रपति

राहुल गांधी और कांग्रेस न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं

अनुराग ठाकुर
भाजपा के सांसद



# निर्णायक होगा वोट चोरी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

विशेष | संजय सक्सेना



**वोट** चोरी के नारे सड़क से संसद तक गूंज रहे हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस हैं, यात्राएं हैं और सोशल मीडिया पर आरोपों की झड़ी है। इस हंगामे के सबसे आगे राहुल गांधी चल रहे हैं। वहीं, विपक्ष की नजर में एक राहुल की लगातार हार की हताशा है, मगर इस शोर के बीच एक सीधा सवाल बार-बार लौटता है, सबूत कहां हैं? लोकतंत्र में आरोप लगाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन आरोप की गम्भीरता के अनुपात में प्रमाण देना उसकी जिम्मेदारी भी है। वोट चोरी कोई मामूली आरोप नहीं है। यह उस पूरी चुनावी प्रक्रिया की वैधता पर प्रश्नचिह्न है, जिसके जरिये करोड़ों लोग अपनी सरकार चुनते हैं। ऐसे आरोप के लिए ठोस आंकड़े, विधानसभा या बूथवार सूचियां, प्रभावित मतदाताओं के नाम और शपथपत्र चाहिए।

**देश** की राजनीति में इन दिनों एक ही शब्द गूंज रहा है, वोट चोर, गद्दी छोड़। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बहाने विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करने का अभियान छेड़ रखा है, जिसमें मोदी सरकार पर आरोप लगाया जाता है कि वोट चोरी मोदी सरकार के संरक्षण में हो रही है। वोट चोरी के नारे सड़क से संसद तक गूंज रहे हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस हैं, यात्राएं हैं और सोशल मीडिया पर आरोपों की झड़ी है। इस हंगामे के सबसे आगे राहुल गांधी चल रहे हैं। वहीं विपक्ष की नजर में एक राहुल की लगातार हार की हताशा है, पर इस शोर के बीच एक सीधा सवाल बार-बार लौटता है, सबूत कहाँ हैं? लोकतंत्र में आरोप लगाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन आरोप की गंभीरता के अनुपात में प्रमाण देना उसकी जिम्मेदारी भी है। वोट चोरी कोई मामूली आरोप नहीं है। यह उस पूरी चुनावी प्रक्रिया की वैधता पर प्रश्नचिह्न है, जिसके जरिए करोड़ों लोग अपनी सरकार चुनते हैं। ऐसे आरोप के लिए ठोस आंकड़े, विधानसभा या बूथवार सूचियां, प्रभावित मतदाताओं के नाम और शपथपत्र चाहिए। आलोचकों का कहना है कि इन मोर्चों पर विपक्ष की झोली लगभग खाली है।सत्ता पक्ष के समर्थकों का तर्क है कि घटनाक्रम खुद इसकी गवाही देता है। बताया गया कि करीब एक साल से आरोप लगा रहे विपक्षी नेता जब राष्ट्रपति को ज्ञापन देने पहुंचे, तो ज्ञापन के साथ कोई प्रमाण नहीं था। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति ने प्रमाण लाने को कहा और विपक्ष ने जल्द सबूत सौंपने का वादा किया, पर अब तक कुछ सामने नहीं आया। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने प्रधान न्यायाधीश से मिलने का समय भी मांगा, पर वह मुलाकात नहीं हुई। इस तर्क के अनुसार, जो नेता हर मंच से सबूत होने का दावा करते हैं, वे संवैधानिक संस्थाओं के सामने उन्हें रखने से कतराते हैं। सबसे विरोधाभासी तस्वीर यह है कि जिस मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सड़क पर नारे लगाए जा रहे हैं, उनसे आमने-सामने बैठकर बात करने में विपक्ष की दिलचस्पी नहीं दिखती। आयोग के पास दावे-आपत्ति की औपचारिक व्यवस्था है। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशित होते हैं, आपत्तियां दर्ज की जाती हैं और सुनवाई होती है। कानून की भाषा में बात करने का रास्ता खुला है। आलोचक पूछते हैं कि जब चुनाव आयोग के दरवाजे और अदालतें खुली हैं, तो विपक्ष शिकायतों को दस्तावेज की शक्ल देने के बजाय माइक पर क्यों उतारता है।तमाम किंतु-परंतु के बीच एसआईआर की मूल अवधारणा पर भी गौर करना चाहिए। मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कोई नई बात नहीं है। देश में पहले भी ऐसे पुनरीक्षण होते रहे हैं। शहरों की ओर पलायन, शादी के बाद स्थानांतरण, मृत्यु और एक से अधिक जगह नाम दर्ज होने जैसे कारणों से सूचियों में गड़बड़ियां आम हैं। सूची की सफाई का मकसद यही है कि हर वैध मतदाता का नाम रहे और हर अवैध प्रविष्टि हटे। इस नजरिए से देखें तो नाम कटने की हर खबर चोरी नहीं होती। उसका एक बड़ा हिस्सा सूची के शुद्धिकरण का नतीजा हो सकता है।यहीं वह लाख टके का सवाल आता है, जो आलोचक उठाते हैं। विपक्ष यह मानकर क्यों चल रहा है कि जिनके नाम कटे हैं, वे उसी के वोटर हैं? मतदाता सूची में मृत व्यक्ति, स्थान बदल चुके लोग और दोहरी प्रविष्टियां हर दल के समर्थकों में होती हैं। मतदाता अपनी पसंद बताकर वोट नहीं डालता, इसलिए किसी सूची से हटे नाम का राजनीतिक रंग तय करना खुद एक अप्रमाणित धारणा है। अगर विपक्ष के पास ऐसा कोई विश्लेषण है, जो दिखाए कि कटे नाम किसी खास समुदाय या पार्टी के समर्थकों के हैं, तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए।

अभी तक जो रखा गया है, वह निष्कर्ष ज्यादा है और प्रमाण कम। इस पर आलोचकों के मुताबिक, इसका जवाब राजनीति के गणित में छिपा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, ममता बनर्जी की तृणमूल और लालू यादव का राजद, इन सबकी चुनावी सियासत में मुस्लिम मतदाता एक मजबूत स्तंभ हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कई सीटों के नतीजे इस वोट के रुझान पर निर्भर करते हैं। इस पक्ष का तर्क है कि एसआईआर पर हंगामे का असली मकसद इसी वोट बैंक को यह संदेश देना है कि हम तुम्हारे रहनुमा हैं और तुम्हारे नाम काटे जा रहे हैं। माहौल ऐसा बनाया जा रहा है, वे कहते हैं, मानो सूची से सिर्फ मुस्लिम नाम हटे हों और विपक्ष ही अकेला उनका संरक्षक हो। यानी यह लड़ाई मतदाता सूची की पारदर्शिता से ज्यादा मुस्लिम वोट बैंक की सियासत की है।चुनावी मौसम में उत्तर प्रदेश के संदर्भ में यह रणनीति और साफ दिखती है। सपा और कांग्रेस दोनों इसी वोट की साझा दावेदारी के लिए संघर्ष करती रहती हैं। जो भी इस समुदाय का भरोसा जीत ले, उसे सीटों का बड़ा लाभ मिल सकता है। ऐसे में आपका वोट खतरे में है का नारा एक भावनात्मक एकजुटता पैदा करने का औजार बन जाता है। आलोचकों का कहना है कि यही बयानबाजी आगे चलकर विधानसभा चुनावों में ध्रुवीकृत मतदान की जमीन तैयार करती है। बिहार और बंगाल में भी यही कोशिश दिखती है।इस रणनीति की एक कीमत भी है। संवैधानिक संस्थाओं पर बार-बार बिना प्रमाण के हमला करने से उनकी साख को चोट पहुंचती है। अगर कल सचमुच कोई गड़बड़ी सामने आए, तब तक भेड़िया आया वाली कहानी का असर कमजोर हो चुका होगा।

# इसलिए सीईसी को हटा पाना है मुश्किल

गौरतलब | अभिषेक शुक्ल



**राष्ट्रपति**, प्रधानमंत्री की सलाह पर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करते रहे हैं। किन्तु वर्ष 2023 में उच्चतम न्यायालय ने 'अनूप बरनवाल' वाद में निर्देश दिये कि जब तक संसद कोई कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक तीन सदस्यीय समिति की सिफारिश पर की जाये, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान (मुख्य) न्यायाधीश सदस्य होंगे।

**पिछले** दो दिन 10 और 11 अक्टूबर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और अन्य के प्रदर्शन से दिल्ली के कुछ हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। भारत निर्वाचन आयोग के भीतर असहमति की रिपोर्टों, विपक्षी दलों के प्रदर्शन और उच्चतम न्यायालय में दाखिल नई याचिकाओं ने एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की शक्तियों, जवाबदेही और उनके पद की सुरक्षा पर राष्ट्रीय विमर्श छेड़ दिया है। इन विरोध प्रदर्शनों और बढ़ते राजनीतिक दबाव के बीच एक अहम संवैधानिक सवाल खड़ा होता है, क्या सार्वजनिक प्रदर्शन या राजनैतिक दबाव के आधार पर देश के मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाया या निलंबित किया जा सकता है? इस प्रश्न का उत्तर राजनीतिक बयानों में नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के प्रावधानों और निर्वाचन आयोग की संस्थागत स्वायत्तता में निहित है। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अनुच्छेद 324(2) के अंतर्गत राष्ट्रपति करते हैं। वर्ष 2022 तक चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर संसद ने कोई कानून नहीं बनाया था। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करते रहे हैं। किन्तु वर्ष 2023 में उच्चतम न्यायालय ने 'अनूप बरनवाल' वाद में निर्देश दिया कि जब तक संसद कोई कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक तीन सदस्यीय समिति की सिफारिश पर की जाए, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान (मुख्य) न्यायाधीश सदस्य होंगे। इसी वर्ष 2023 में संसद ने एक अधिनियम पारित कर देश के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर कर दिया और उनके स्थान पर प्रधानमंत्री नामित एक कैबिनेट मंत्री को सदस्य बनाया गया। यह बदलाव भारतीय संविधान के आधारभूत ढांचे और शक्ति के पृथक्करण सिद्धांत को मजबूत करता है। भारत के प्रधान न्यायाधीश को चुनाव आयुक्त की चयन समिति का हिस्सा नहीं होना चाहिए, क्योंकि यदि न्यायपालिका का प्रमुख कार्यपालिका की नियुक्तियों में सक्रिय भूमिका निभाता है तो कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य पृथक्करण का सिद्धांत कमजोर होता है। इसके पीछे एक दूसरा तर्क यह है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित विवाद भविष्य में न्यायपालिका के सम्मुख आ सकते हैं। ऐसे में जब न्यायपालिका का प्रमुख उस नियुक्ति प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार रहा हो तो न्यायालय के लिए नियुक्ति प्रक्रिया का निष्पक्ष न्यायिक पुनरावलोकन एक चुनौती बन जाएगा।

## अंकजाल - 8418

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 20 | 22 | ■ | 21 | 20 | 20 | 16 | ■ |
| 14 | 7 | | 5 | ■ | 7 | | 9 | | 29 |
| 15 | | 9 | | ■ | | 5 | | 7 | 27 |
| 16 | 5 | | 8 | ■ | 2 | | 3 | | 16 |
| 27 | | 6 | | 9 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 2 | | 2 | | 19 |
| 26 | | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 4 | 13 |
| 18 | 5 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| 29 | | 8 | | 8 | ■ | 6 | | 6 | 16 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 37 | ■ | 17 | 16 | 20 | ■ |

### अंकजाल 8417 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 19 | 22 | ■ | 23 | 22 | 17 | 16 | ■ |
| 14 | 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 9 | 2 | 26 |
| 16 | 3 | 8 | 5 | ■ | 6 | 7 | 3 | 6 | 22 |
| 18 | 5 | 4 | 9 | ■ | 2 | 7 | 5 | 8 | 22 |
| 25 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 27 |
| 18 | 7 | 2 | 5 | 4 | ■ | 5 | 2 | 5 | 12 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 3 | 18 |
| ■ | 21 | 11 | 13 | 27 | ■ | 28 | 26 | 16 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# लोकतंत्र में विपक्ष और असहमत आवाजों की मौजूदगी !



स्वदेश कुमार

**लोकतंत्र** के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका समाज को आईना दिखाने, सत्ता से तीखे सवाल करने और देशहित सर्वोपरि रखने की होती है। लेकिन वर्तमान समय में जनता के बीच यह गंभीर चिंता और विमर्श का विषय बन चुका है कि क्या आज का मीडिया अपनी इस मूल जिम्मेदारी को समझ पा रहा है। अक्सर यह देखा जाता है कि जिन नेताओं या शख्सियतों को जनता ने चुनावों में ठुकरा दिया है या जो जनभावनाओं पर खरे नहीं उतरे, उन्हें भी समाचार माध्यमों पर लगातार बड़ी सुर्खियां और विशेष कवरेज दी जाती है। इस विमर्श के केंद्र में यह सवाल खड़ा होता है कि क्या मीडिया जानबूझकर देशहित की अनदेखी कर किसी व्यक्ति विशेष को प्रमोट कर रहा है या फिर इसके पीछे कुछ गहरे व्यावसायिक और राजनीतिक समीकरण काम कर रहे हैं।इस पूरी स्थिति को समझने के लिए सबसे पहले हमें मीडिया के आधुनिक ढाँचे और उसके राजस्व मॉडल को देखना होगा। आज की पत्रकारिता केवल सूचना के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि वह एक बड़े उद्योग में तब्दील हो चुकी है। इस कॉर्पोरेट ढाँचे में टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइंट) और डिजिटल क्लिक्स ही सब कुछ तय करते हैं। जब कोई न्यूज चैनल या डिजिटल प्लेटफॉर्म किसी सनसनीखेज व्यक्तित्व, भले ही वह जनता द्वारा नकारा गया हो, को बार-बार स्क्रीन पर लाता है, तो उसके पीछे मुख्य उद्देश्य दर्शकों का ध्यान खींचना होता है। विवाद, तीखे बयान और राजनीतिक ड्रामा दर्शकों को आकर्षित करते हैं, जिससे चैनलों की रेटिंग बढ़ती है और उन्हें विज्ञापन मिलते हैं। इस प्रक्रिया में देशहित के गंभीर मुद्दे, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और बुनियादी विकास, पीछे छूट जाते हैं और मीडिया का झुकाव केवल उन चेहरों की तरफ हो जाता है, जो व्यावसायिक रूप से फायदेमंद होते हैं।

इसके अलावा, आज के मीडिया परिदृश्य में एजेंडा सेटिंग और मीडिया के मालिकाना हक की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। कई बड़े मीडिया घरानों का स्वामित्व सीधे या परोक्ष रूप से उन कॉर्पोरेट समूहों या प्रभावशाली लोगों के हाथों में है, जिनके अपने विशिष्ट व्यावसायिक या राजनीतिक हित होते हैं। जब मीडिया का ढाँचा कुछ चुनिंदा हाथों में सिमट जाता है, तो निष्पक्षता की उम्मीद करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में किसी खास राजनेता या दल को बढ़ावा देना, चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में और चाहे जनता ने उसे कितना भी नकारा हो, उस मीडिया घराने के दीर्घकालिक हितों का हिस्सा हो सकता है। यह स्थिति सीधे तौर पर देशहित से समझौता करती है, क्योंकि जनता को वह सच नहीं दिखाया जाता, जो उनके लिए जरूरी है, बल्कि वह नैरेटिव परोसा जाता है, जो किसी व्यक्ति या संगठन के अनुकूल हो।इस प्रवृत्ति को क्या देश के साथ बड़ी बेईमानी कहा जा सकता है, इसे विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखना होगा। जब मीडिया प्रशासन और जनता के बीच एक ईमानदार पुल का काम करने के बजाय किसी व्यक्ति विशेष की पीआर (पब्लिक रिलेशंस) एजेंसी की तरह व्यवहार करने लगता है, तो यह निश्चित रूप से लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के साथ एक बड़ा विश्वासघात है। जनता समाचारों को सत्य मानकर अपने लोकतांत्रिक निर्णय लेती है। यदि उसे बार-बार केवल एक ही पक्ष या किसी खास अप्रासंगिक चेहरे को ही सबसे बड़े मसीहा या मुख्य बिंदु के रूप में दिखाया जाएगा, तो जनमानस की सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होती है।

## सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

**पिछले** दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है?

# आईएएस-एचसीएस की सफलता : प्रतिभा की परीक्षा या संसाधनों की ताकत?

गौरतलब | डॉ. सत्यवान सौरभ



**तैयारी** के लिए समय चाहिए, आर्थिक सुरक्षा चाहिए और असफलताओं के बाद दोबारा खड़े होने का अवसर भी चाहिए। किसी अभ्यर्थी के परिवार के पास पर्याप्त सम्पत्ति हो, माता-पिता अच्छी नौकरी में हों या परिवार की नियमित आय इतनी हो कि कई वर्षों तक पढ़ाई का खर्च उठाया जा सके, तो उस अभ्यर्थी को तैयारी के लिए अपेक्षाकृत अनुकूल परिस्थितियां मिल सकती हैं। इसके विपरीत, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हुए भी घर की जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो पाता।

**भारतीय** समाज में आईएएस और एचसीएस जैसी प्रशासनिक सेवाओं में चयन को प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन और मेधा की बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है। इन सेवाओं में पहुँचने का सपना लाखों युवा देखते हैं, लेकिन सफलता कुछ ही अभ्यर्थियों को मिल पाती है। इस लंबी प्रतिस्पर्धा के बीच एक सवाल बार-बार उठता है कि क्या इन परीक्षाओं में केवल प्रतिभा और मेहनत निर्णायक होती हैं, या अभ्यर्थी की पारिवारिक पृष्ठभूमि, आर्थिक स्थिति और सामाजिक संसाधन भी उसकी सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं? इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार किया जाए, तो प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी में मौजूद अवसरों की असमानता के कई पहलू सामने आते हैं।

जब किसी एचसीएस या आईएएस टॉपर की सफलता की कहानी सामने आती है, तो उसके अंकों, रैंक, मेहनत और संघर्ष की चर्चा होती है। कई बार यह जानकारी भी सामने आती है कि अभ्यर्थी कई वर्षों से तैयारी कर रहा था या अनेक बार संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा तक पहुँचा। उदाहरण के लिए, यदि कोई अभ्यर्थी छह बार आईएएस की मुख्य परीक्षा में शामिल होने के बाद भी प्रयास जारी रखता है और अंततः राज्य की प्रशासनिक सेवा में सफलता प्राप्त करता है, तो उसकी मेहनत निश्चित रूप से उल्लेखनीय है। लेकिन इसके साथ एक दूसरा प्रश्न भी उठता है—क्या प्रत्येक प्रतिभाशाली युवा को इतने लंबे समय तक तैयारी जारी रखने का अवसर मिल पाता है? इस प्रश्न का उत्तर केवल व्यक्तिगत इच्छाशक्ति में तलाशना उचित नहीं होगा। तैयारी के लिए समय चाहिए, आर्थिक सुरक्षा चाहिए और असफलताओं के बाद दोबारा खड़े होने का अवसर भी चाहिए। किसी अभ्यर्थी के परिवार के पास पर्याप्त संपत्ति हो, माता-पिता अच्छी नौकरी में हों या परिवार की नियमित आय इतनी हो कि कई वर्षों तक पढ़ाई का खर्च उठाया जा सके, तो उस अभ्यर्थी को तैयारी के लिए अपेक्षाकृत अनुकूल परिस्थितियाँ मिल सकती हैं। इसके विपरीत, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हुए भी घर की जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो पाता। उसे किताबों, कोचिंग और परीक्षा के खर्च की व्यवस्था करने के साथ-साथ परिवार की आजीविका के बारे में भी सोचना पड़ता है।

यहीं से अवसरों की असमानता का प्रश्न जन्म लेता है। मान लीजिए, दो युवा समान प्रतिभाशाली हैं। दोनों की शैक्षणिक क्षमता भी लगभग समान है। पहले युवा के परिवार के पास पर्याप्त संपत्ति है। उसके रहने, खाने, पढ़ने और परीक्षा देने का खर्च परिवार उठा सकता है। वह लगातार पाँच या छह वर्षों तक अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। दूसरी ओर, दूसरे युवा के पिता किसान, मजदूर या छोटे कर्मचारी हैं। परिवार की आय सीमित है और घर में उसके अलावा भी कई लोगों की जिम्मेदारियाँ हैं। वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है, लेकिन कुछ समय बाद उसे नौकरी करने या परिवार की आर्थिक सहायता के लिए दूसरा रास्ता तलाशना पड़ता है।

## आज का इतिहास

- चार्ल्स मेसरी ने 1713 में वर्लपूल गैलेक्सी की खोज की।
- रूस और ऑस्ट्रिया की सेना 1760 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन से हटी।
- चार्ल्स मेसीयर ने 1773 को व्हर्लपूल गैलेक्सी की खोज की।
- आज के दिन 1884 को तय किया गया कि ग्रीनविच मीन टाइम, दुनिया का मानक समय होगा। ग्रीनविच दक्षिण पूर्वी लंदन का हिस्सा है।
- छायाचित्र के जरिये पहली बार एडवर्ड एमर्सन बर्नार्ड ने 1892 में डी-1892 टी1 नामक पुच्छल तारे की खोज की।
- गैरेट मोर्गन ने 1914 को गैस मास्क की खोज की और उसका पेंटेट कराया।
- मुस्तफा कमाल पाशा की सरकार द्वारा इस्तांबुल की जगह अंकारा को 1923 में तुर्की की नयी राजधानी बनाया गया।
- मौसम का तीसरा तूफान 1923 को ओक्साका में आया यह तूफान पूर्वी प्रशांत बेसिन को पार कर अटलांटिक बेसिन में पहुंचने वाला पहला ज्ञात तूफान था।
- इटली ने जर्मनी के पूर्व मित्र राष्ट्रों के खिलाफ लड़ाई की घोषणा 1943 में की।
- बोलीविया में 1976 को बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें करीब 100 लोग मारे गये।
- बोलवियन बोईग 707 के 1978 में क्रैश हो जाने से 100 लोगों की मौत हो गयी।
- कोस्टारिका के राष्ट्रपति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार 1987 को मिला।
- अमेरिका ने 1988 को नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया।
- कोलम्बिया विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री प्रो. राबर्ट मुंडेल को वर्ष 1999 को नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा।
- अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार 1999 में भारत के प्रधानमंत्री बने।
- दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति किम दाई जुंग को शांति को नोबेल पुरस्कार 2000 को मिला ।

## सुविचार

जिसमें दया नहीं है, वह तो जीते जी ही मुर्दे के समान है। दूसरे का भला करने से ही अपना भला होता है।

**अज्ञात**

निषेध से आकर्षण बढ़ता है। जिस चीज का इनकार किया जाये, उसमें एक तरह का रस पैदा होना शुरू हो जाता है।

**ओशो**

## राशिफल

**मेष** – परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला** – जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी सम्भव है।

**वृष** – जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्ककुतर्क पैदा होंगे। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा।

**वृश्चिक** – स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन** – परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**धनु** – बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कर्क** – किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसम्पत्ति को संभालकर रखें।

**मकर** – संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह** – भ्रातृपक्ष में विरोध होने की सम्भावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**कुंभ** – महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कन्या** – शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**मीन** – शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### उपायुक्त ने की तकनीकी विभागों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# निर्माण और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जिले के तमाम तकनीकी विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, जलपथ, पथ प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल तथा जिला परिषद सहित विभिन्न कार्यपालक एवं तकनीकी अभियंताओं की उपस्थिति रही।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रही विभिन्न विकास एवं निर्माण योजनाओं की बिंदुवार प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चूंकि मानसून अब पूरी तरह समाप्त हो चुका है, इसलिए मौसम की अनुकूलता को देखते हुए रुके हुए सभी निर्माण कार्यों को तत्काल गति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।आगामी त्योहारों के मद्देनजर आम जनमानस की सुविधा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने घाघरा रोड सहित जिले की अन्य सड़कों पर बने सभी गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल भरने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने डीएसपी रोड के किनारे नाली निर्माण कार्य में आ रही अड़चनों को दूर करते हुए निविदा प्रक्रिया को शीघ्र अंतिम रूप देने को कहा, ताकि जलजमाव की समस्या से नागरिकों को निजात मिल सके। प्रशासनिक स्तर पर कर्मचारियों के आवासीय भवनों की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने भवन प्रमंडल को निर्देश दिया कि जिन सरकारी भवनों में



कर्मचारी निवास करते हैं, उनके जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण के लिए अविलंब विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाए।ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को दुरुस्त करने के क्रम में ग्रामीण कार्य विभाग को क्षतिग्रस्त व टूटे हुए पुल-पुलियों का स्थलीय निरीक्षण कर उनके त्वरित पुनर्निर्माण एवं मरम्मत का आदेश दिया गया। वहीं जल संरक्षण एवं सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जलाशय वाटर वेज की स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कतरी जलाशय के पानी को सुचारू रूप से अंतिम छोर तक पहुंचाने, जलाशय की आवश्यक मरम्मत कराने और उसकी समुचित सफाई के लिए त्वरित प्रभाव से [illegible] तैयार करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।उपायुक्त ने सभी अभियंताओं को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनहित की योजनाओं की गुणवत्ता और तय समय-सीमा पर विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आम लोगों को विकास योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल सके।

### डीसी व डीडीसी ने 'छोटानागपुर ज्ञान विशेषांक' पुस्तक का किया विमोचन



**गुमला** : उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त, गुमला ने 'छोटानागपुर ज्ञान विशेषांक' पुस्तक का विमोचन किया। 'खबर छोटानागपुर' की ओर से नागपुरी भाषा में प्रकाशित इस पुस्तक में छोटानागपुर की लोककला, संस्कृति, सामाजिक परिस्थितियों, परंपराओं और वर्तमान परिदृश्य से संबंधित आलेखों का संकलन किया गया है। डिजिटल युग में पुस्तकों के प्रति घटती रुचि के बीच इस विशेषांक को बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी वर्गों के पाठकों के लिए उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। इसमें क्षेत्र की कला, संस्कृति और जनजीवन से जुड़ी जानकारियों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के विमोचन पर उपायुक्त ने पुस्तक के प्रकाशन से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह छोटानागपुर क्षेत्र के लिए उपयोगी पुस्तक साबित होगी। उन्होंने इसके आगामी संस्करणों में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सामग्री शामिल करने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग पुस्तकों के अध्ययन के प्रति प्रेरित हों। उप विकास आयुक्त ने भी पुस्तक के प्रकाशन एवं विमोचन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। पत्रिका के मुख्य संपादक प्रवीण कुमार होता ने कहा कि यह पुस्तक छोटानागपुर की कला, संस्कृति, परंपरा और जनजीवन को संजोने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसके आगामी संस्करणों में और अधिक शोधपरक जानकारियां शामिल की जाएंगी।

## लातेहार में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, दोनों दलों ने किया प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में सोमवार को भाजपा और कांग्रेस के प्रदर्शन से राजनीतिक माहौल गरमा गया। भाजपा ने डुड़गी स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर सांसद एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोईजाम को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसआईआर के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव कर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा की जिला इकाई के प्रदर्शन में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारे लगाए। जिला उपाध्यक्ष पूनम देवी और महामंत्री अर्पणा सिंह ने कांग्रेस पर महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान की बात करने वाली कांग्रेस को अपने सांसद पर लगे यौन शोषण के आरोपों पर जवाब देना चाहिए। जिलाध्यक्ष बंसी यादव ने कहा कि आरोपी सांसद को पार्टी से निष्कासित किए जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।दूसरी ओर, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसआईआर के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। प्रदेश कांग्रेस के सह सचिव आफताब आलम ने ज्ञानेश कुमार को लोकतंत्र का हत्यारा बताते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के चयन में गलत प्रक्रिया अपनाई गई है और मतदाता सूची से करीब 13 करोड़ लोगों के नाम हटाए गए हैं।

## एक झलक

**घाघरा पुलिस की कार्रवाई**

### गैर-जमानती वारंटी समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**घाघरा (गुमला)** : घाघरा पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी ने दोपहर करीब तीन बजे इसकी जानकारी दी। पहले मामले में पतागाई गांव निवासी इम्तियाज आलम को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था। पुलिस के अनुसार, वह टोंकाटोली से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पहले जेल जा चुका था और जमानत पर बाहर था। वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने उसे दोबारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

दूसरे मामले में तिलसिरी गेरेटोली निवासी लुकस किंडो को गिरफ्तार किया गया। उस पर गांव की मिनी उरांव पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप है। घटना के बाद मिनी के पति बिरसा उरांव ने घाघरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, शनिवार को मिनी उरांव बकरी चरा रही थी। इसी दौरान बकरी ने लुकस के लगाए पौधों को नुकसान पहुंचा दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर लुकस ने चाकू से मिनी पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए लुकस किंडो को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शराब पीकर वाहन चलानेवालों पर पुलिस की नजर

**महुआडांड़ (लातेहार)** : शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ महुआडांड़ पुलिस सख्त रुख अपना रही है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की ओर से औचक जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर चल रही इस कार्रवाई को आगे भी जारी रखा जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शराब के नशे में वाहन चलाना सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों की जान के लिए भी खतरा है। नशे की हालत में चालक की निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है और अचानक सामने आने वाली स्थिति में सही प्रतिक्रिया देना मुश्किल हो जाता है। ऐसी लापरवाही से सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिनमें जान-माल का नुकसान होने की आशंका रहती है।महुआडांड़ पुलिस की इस पहल का उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाना और नशे में ड्राइविंग की प्रवृत्ति पर रोक लगाना है। औचक जांच के कारण वाहन चालकों को सतर्क रहने की जरूरत है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच किसी भी समय की जा सकती है। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे शराब पीने के बाद किसी भी परिस्थिति में वाहन न चलाएं। सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों की जिंदगी को खतरे में डालने से बचें। पुलिस ने संकेत दिया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर निगरानी और जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दुर्गा पूजा को लेकर जयनगर के विभिन्न पंडालों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जयनगर** : दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएसपी अरविंद कुमार, एसडीओ निर्मल सोरेन और थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परसाबाद, डंडाडीह, तेतरौन और नावाडीह स्थित पूजा पंडालों का जायजा लिया तथा पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पूजा समितियों से भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान पूजा कमेटी के लाइसेंसधारी एवं समाजसेवी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, दीपक सिंह, पूर्व सैनिक टेकनारायण सिंह, विपुल सिंह, रमेश सिंह उर्फ बुटन सिंह सहित पूजा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा की सराहनीय पहल

## 50 बालिकाओं की हुई एनीमिया जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा द्वारा बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं जागरूकता को समर्पित एक सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर महर्षि डायग्नोस्टिक सेंटर में 50 बालिकाओं की एनीमिया (खून की कमी) जाँच कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में एनीमिया की पहचान, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और समय पर उचित चिकित्सकीय सलाह के महत्व को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मेघा तिवारी महर्षि एवं डॉ. रौनक महर्षि ने बालिकाओं को एनीमिया के कारणों, लक्षणों, दुष्प्रभावों एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खून की कमी बालिकाओं के शारीरिक विकास, ऊर्जा और दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है। इसलिए समय-समय पर स्वास्थ्य जाँच, संतुलित एवं पौष्टिक आहार और उचित चिकित्सकीय परामर्श बेहद आवश्यक हैं। डॉक्टरों ने बालिकाओं को आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों, हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों एवं अन्य पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के अध्यक्ष रोटेरियन नवीन आर्या ने कहा कि बालिकाएं समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। उनका स्वस्थ, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर होना एक सशक्त समाज की आधारशिला है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसरों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने का दिन भी है।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ, लातेहार में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गयाशिशु वाटिका खंड में अरुण कक्षा से आद्विका राज, उदय से अर्श कुमार सिंह, प्रभात ए से अदिति राज और प्रभात बी से आयांश सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक खंड में अंश कुमार शर्मा, शौर्य शाह, शौर्यवीर, आर्या सहाय, ऋषिका गुप्ता, आराध्या गुप्ता, मानस राज गुप्ता, आस्था, अंश प्रसाद और सुहानी कुमारी अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम रहे। माध्यमिक खंड में सृष्टि कुमारी, यश कुमार तिवारी, रितिका राज गुप्ता, यश गुप्ता, वैष्णवी गुप्ता, देव कुमार और श्रेया गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दशम वर्ग में प्रतीक कुमार पांडे, प्रतीक गुप्ता और पल्लवी कुमारी अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधानसभा की विधायक प्रतिनिधि नेहा साहू उपस्थित थीं। समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने अतिथि को अंगवस्त्र और शॉल देकर सम्मानित किया। परीक्षा परिणाम की घोषणा रविकांत पाठक ने की। मौके पर परीक्षा प्रमुख दीपक कुमार शर्मा, परीक्षा सह-प्रमुख राकेश कुमार सिन्हा सहित विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी जी मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के तत्वावधान में बी.एड. सत्र 2026-28 के नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी, सभी सहायक प्राध्यापकों एवं नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं का अभिनंदन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षारम्भ कार्यक्रम भावी शिक्षकों के जीवन में एक नई शैक्षणिक यात्रा, नई जिम्मेदारियों और नए संकल्पों का प्रतीक है। शिक्षक न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को आकार देते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा का उद्देश्य विषयगत ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ प्रशिक्षुओं में शिक्षण कौशल, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, भावनात्मक परिपक्वता, रचनात्मकता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना भी है। कार्यक्रम के अंतर्गत परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सहायक प्राध्यापकों एवं नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं ने अपना परिचय दिया तत्पश्चात सहायक प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें पुस्तकालय, प्राचार्य कक्ष, आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष, परीक्षा हॉल, प्रयोगशाला कक्ष, बहुद्देशीय सभागार डिजिटल क्लासरूम, एन.एस.एस कार्यालय का अवलोकन किया।

### आज होगा न्यू कावेरी रेस्टोरेंट का भव्य शुभारम्भ, लोगों को मिलेगी बेहतर खानपान की सुविधा

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर-श्रीवंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर स्थित शिवपूजन फ्यूल्स के बगल में न्यू कावेरी रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ मंगलवार को किया जाएगा। दोपहर 12 बजे विधिवत उद्घाटन के बाद रेस्टोरेंट की सेवाएं आम लोगों के लिए शुरू कर दी जाएंगी। इसकी जानकारी रेस्टोरेंट के संचालक शिवपूजन यादव ने दी। संचालक शिवपूजन यादव ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्यू कावेरी रेस्टोरेंट तैयार किया गया है। रेस्टोरेंट को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, ताकि यहां आने वाले ग्राहकों को आरामदायक माहौल में भोजन का आनंद लेने का अवसर मिल सके। पूरी तरह वातानुकूलित इस रेस्टोरेंट में ग्राहकों की सुविधा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट में कुशल कारीगरों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए जाएंगे। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए खानपान की बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास किया गया है। रेस्टोरेंट का उद्देश्य लोगों को स्वादिष्ट भोजन के साथ आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराना है। शिवपूजन यादव ने कहा कि भवनाथपुर और आसपास के क्षेत्रों में खानपान की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक प्रयास है।

## डाली उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय को मिली मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय की स्वीकृति, ग्रामीणों में हर्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड की डाली पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में स्वीकृति मिली है। मुखिया पूनम जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल के प्रयासों से मिली इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार, 18 फरवरी को मुखिया पूनम जायसवाल और जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप कुमार से मुलाकात कर विद्यालय को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में शामिल करने की मांग की थी। प्रशासन की सकारात्मक पहल के बाद विद्यालय को स्वीकृति मिली। उत्कृष्ट विद्यालय बनने से यहां सीबीएसई पैटर्न पर अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना है। इसके तहत स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और अन्य आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे डाली पंचायत सहित आसपास के दर्जनों गांवों के विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। स्वीकृति मिलने पर सोमवार को मुखिया पूनम जायसवाल और जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा भेंट कर आभार जताया। मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि यह डाली पंचायत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उत्कृष्ट विद्यालय बनने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए डालटनगंज या रांची नहीं जाना पड़ेगा। यह बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वहीं, जिला परिषद सदस्य अमित जायसवाल ने कहा कि उपायुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उनकी मांग पर गंभीरता से पहल की, जिसके लिए वे आभारी हैं। उन्होंने जल्द ही विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद जताई। विद्यालय को मिली इस स्वीकृति पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुखिया और जिला परिषद सदस्य के प्रयासों की सराहना की।

## आरटीआई कानून के 21 वर्ष पूरे, गुमला के पहाड़ पनारी गांव में जागरूकता गोष्ठी आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के 21 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के तत्वावधान में घटगांव पंचायत के पहाड़ पनारी गांव में गोष्ठी आयोजित की गई। 'लोकतंत्र में आरटीआई की भूमिका' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को कानून के महत्व और उपयोग की जानकारी दी गई। मंच के राज्य सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने ग्रामीणों को आरटीआई आवेदन, अपील की प्रक्रिया और सूचना आयोग की शक्तियों के बारे में बताया। इस दौरान करीब 25 ग्रामीणों के बीच आरटीआई पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। आनंद किशोर पंडा ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून 12 अक्टूबर 2005 को लागू हुआ था। इसका उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से कानून के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पर्याप्त अभियान नहीं चलाए गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें पहली बार इस कानून के बारे में विस्तार से जानकारी मिली।

### चार माह से मानदेय नहीं मिलने पर सड़क पर उतरे एम्बुलेंस कर्मी

## भीख मांग कर जताया विरोध

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : चार माह से मानदेय नहीं मिलने से नाराज झारखंड के एंबुलेंस कर्मचारियों ने सोमवार को राज्य के सभी जिला चिकित्सा मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने भीख मांगकर अपना विरोध जताया और बकाया मानदेय के भुगतान की मांग की। आंदोलन का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध एंबुलेंस कर्मचारी संघ, झारखंड ने किया।संघ के प्रदेश अध्यक्ष निवेश तिवारी ने कहा कि एंबुलेंस कर्मचारी दुर्घटना, गंभीर बीमारी और अन्य आपात स्थितियों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने का काम करते हैं। इसके बावजूद उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें महीने में महज 95 रुपये से लेकर 2100 रुपये तक का भुगतान मिल रहा है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने सरकार से चार माह का बकाया मानदेय जल्द जारी करने, खराब एंबुलेंस की मरम्मत कराने और कर्मचारियों की अन्य समस्याओं का समाधान करने की मांग की। उनका कहना है कि आपातकालीन सेवा में दिन-रात जुटे रहने के बावजूद भुगतान नहीं मिलने से उनके सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो एंबुलेंस सेवा प्रभावित हो सकती है। इससे आपात स्थिति में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान पर कांग्रेस के दोहरे मापदंड को लेकर पलामू भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस जिला कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना किशोर ने कहा कि जेएनयू के प्रोफेसर इनर मणिपुर के कांग्रेस सांसद डॉ अगोमचा बिमोल अकोइजाम पर छात्राओ के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर कांग्रेस पार्टी मूक दर्शक बन गई है जो हास्यास्पद है। किशोर ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस सांसद पर इस तरह के गंभीर आरोप लगे हैं तो पार्टी नेतृत्व की जुबान चुप क्यों है कांग्रेस को इन सवालों का जवाब आज न कल जनता की अदालत में देना ही होगा। महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्षा और कार्यक्रम प्रभारी रूपा सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनका सम्मान महत्वपूर्ण मुद्दे हैं इस मुद्दों पर भाजपा महिला मोर्चा चुप बैठने वाले नहीं है आने वाले समय में जब तक कांग्रेसी सांसद का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक चरणबद्ध आंदोलन भी करेगी।

## विकास के दावों के बीच प्यासा दातूखाड़, कुएं का पानी पी रहे आदिम जनजाति के परिवार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : सरकार गांव-गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं चला रही है, लेकिन महुआडांड़ प्रखंड की परहाटोली पंचायत के दातूखाड़ गांव में रहने वाले आदिम जनजाति के परिवार आज भी शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव के लोगों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए कुएं के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का अब तक समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में परेशानी बनी हुई है।गांव में नल से पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण कुआं ही ग्रामीणों का मुख्य सहारा है। इसी पानी का इस्तेमाल परिवार पीने और अन्य घरेलू जरूरतों के लिए करते हैं। ग्रामीणों के लिए यह केवल सुविधा की कमी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर सवाल भी है। कुएं के पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं होने पर दूषित पानी से जलजनित बीमारियों का खतरा बना रह सकता है।



**जल जीवन मिशन का लाभ मिलने का इंतजार**

**सरकार** का लक्ष्य ग्रामीण घरों तक नल के जरिए सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। इसके बावजूद दातूखाड़ के परिवार इस सुविधा से वंचित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ इस गांव तक कब पहुंचेगा और ग्रामीणों को कुएं के पानी से कब मुक्ति मिलेगी।ग्रामीणों को अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि पेयजल की ठोस व्यवस्था की जरूरत है। संबंधित विभाग को गांव का निरीक्षण कर पानी की उपलब्धता और गुणवत्ता की जांच करानी चाहिए। इसके बाद जरूरत के अनुसार चापाकल, सोलर आधारित जलापूर्ति या नल-जल योजना के जरिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की पहल की जानी चाहिए। दातूखाड़ की स्थिति यह बताती है कि विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी माना जाएगा, जब गांव के हर परिवार को सुरक्षित पेयजल मिल सकेगा।

### ओरसा की जलमीनार से नहीं मिल रहा पानी, ग्रामीणों ने उठायी जांच की मांग



**महुआडांड़ (लातेहार)** : महुआडांड़ प्रखंड की ओरसा पंचायत में बनी जलमीनार से पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद उन्हें पेयजल की सुविधा नहीं मिल रही है। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और योजना पर खर्च की गई सरकारी राशि की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने जलमीनार निर्माण का काम करने वाले ठेकेदार श्रीकांत तिवारी पर अनियमितता के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जलमीनार का निर्माण होने के बाद भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई, जिससे योजना का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि जब लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, तो निर्माण कार्य पूरा होने और भुगतान से जुड़े पहलुओं की जांच क्यों नहीं की जा रही है।हालांकि, ठेकेदार पर लगाए गए आरोपों और सरकारी राशि के इस्तेमाल में कथित गड़बड़ी की पुष्टि आधिकारिक जांच के बाद ही हो सकेगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जलमीनार का स्थल निरीक्षण कराने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने और योजना से जुड़े भुगतान अभिलेखों की पड़ताल करने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच में यदि किसी तरह की अनियमितता सामने आती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि जांच के साथ जलमीनार को चालू कर पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। अब संबंधित विभाग की कार्रवाई पर ग्रामीणों की नजर है।

## अनीता देवी की पहल से दो दिव्यांग बच्चों को मिलेगी पेंशन



**लातेहार** : जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने गांव भ्रमण के दौरान एक जरूरतमंद दलित परिवार के दो दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पहल की। गरीबी और जागरूकता की कमी के कारण दोनों बच्चों का अब तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन पाया था। इस वजह से वे दिव्यांग पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित थे। परिवार की समस्या की जानकारी मिलने पर अनीता देवी ने तत्काल लातेहार के सिविल सर्जन से फोन पर बात की और दोनों बच्चों की मेडिकल जांच कराकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की दिशा में कार्रवाई करने को कहा। इस पर सिविल सर्जन ने बालूमाथ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। प्रशासन की ओर से अगले दिन एंबुलेंस भेजकर दोनों बच्चों को लातेहार सदर अस्पताल लाने की व्यवस्था करने का भरोसा दिया गया है। अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे दोनों बच्चों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है।

## साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति, छात्रावास व पीएम जनमन के तहत निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

# कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रावास, आवासीय विद्यालय सहित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण से जुड़ी योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत मल्टी पर्पस सेंटर के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गयी।



**साइकिल वितरण एवं रख-रखाव पर विशेष जोर**

**साइकिल** वितरण योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री शेखावत ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कक्षा आठवीं के पात्र छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण की प्रक्रिया में तेजी लायी जाये। उन्होंने शेष लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर साइकिल उपलब्ध कराने की बात कही साथ ही वितरित साइकिलों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि वे खुले में पड़े रहने के कारण बारिश, धूप अथवा अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों से क्षतिग्रस्त न हों।

**छात्रवृत्ति भुगतान में अनावश्यक विलम्ब नहीं हो**

**छात्रवृत्ति** योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों के सत्यापन एवं भुगतान की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूरी करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। इसके लिए लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा**

**बैठक** में धार्मिक स्थलों की चहारदीवारी निर्माण, आदिवासी कला-संस्कृति भवन, छात्रावास, आवासीय विद्यालय समेत विभाग की अन्य योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली गयी।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान करते हुए कार्यों को गति देने तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**पीएम जनमन के कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश**

**प्रधानमंत्री** जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत मल्टी पर्पस सेंटर के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित निर्माण कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने पर जोर दिया। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि कल्याण विभाग की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और विकास के अवसरों से जोड़ना है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक समय पर पहुंचे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
कमरा नं0 303–304 नया समाहरणालय भवन, लोहरदगा
Email id-lohardagadso@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड खेल नीति– 2022 के आलोक में राज्य के उत्कृष्ट एवं अहर्त्ताधारी पूर्व खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु झारखण्ड खिलाड़ी पेंशन तथा राष्ट्रीय एवं अंन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ी को प्रोत्साहित करने हेतु खिलाड़ी सम्मान राशि (नकद पुरस्कार) योजना लागू की गई है।

विभागीय अधिसूचना संख्या 29 दिनांक– 27.02.2026 एवं निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड रॉंची का पत्रांक– 162 रॉंची दिनांक– 17.03.2026 द्वारा राज्य के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी, अर्जुन अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ध्यानचन्द अवार्ड, ओलम्पिक गेम्स/पैरालम्पिक गेम्स में पदक विजेता खिलाड़ी, ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ गेम्स/एशियन गेम्स/विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप (दो वर्ष या इससे अधिक के अंतराल पर आयोजित)/पैरा एशियन गेम्स/सैफ गेम्स/राष्ट्रीय खेल के पदक विजेता/ओलम्पिक गेम्स में शामिल खेल विधाओं में राष्ट्रीय खेल में भाग ले चुके वैसे खिलाड़ी, जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल में नहीं हैं, को झारखण्ड खिलाड़ी पेंशन योजना के तहत पेशन प्रदान करने हेतु मार्गदर्शिका निर्गत है। उक्त मार्गदर्शिका में वर्णित अहर्त्ताओं/शर्तो के अधीन झारखण्ड राज्य के योग्य खिलाड़ियों मे विहित प्रपत्र में पेंशन हेतु आवेदन दिनांक– 16.04.2026 तक आमंत्रित किया गया था।

विभागीय संकल्प संख्या –03 दिनांक– 11.03.2023 एवं निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची का पत्रांक–125 रॉंची दिनांक– 27.02.2026 द्वारा विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निर्धारित किये गए हैं। तदालोक में झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी, जिन्होने दिनांक– 01.04.2024 से दिनांक– 31.01.2026 तक की अवधि में अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक– 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (मसपहपइपसपजल) धारित करते हों उनके लिए नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु दिनांक– 10.03.2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था।

उक्त के संदर्भ में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक– 710 रॉंची दिनांक– 01.10.2026 द्वारा योग्य पूर्व खिलाड़ी (पेंशन हेतु) एवं बचे हुए पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए क्रमशः पुनः झारखण्ड खिलाड़ी पेंशन योजना एवं खिलाड़ी सम्मान राशि (नकद पुरस्कार) हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। वैसे पूर्व खिलाड़ियों एवं बचे हुए पदक विजेता खिलाड़ियों जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं भरे हैं वे कमरा नं0 304 जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा नया समाहरणाल भवन में आवेदन जमा कर सकते है।

नोटः–

- इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म लोहरदगा जिले के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 391644 (Lohardaga) 26-27 (D)


## भारत विकास परिषद् की जिला स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता आयोजित

# डीएवी और ग्रिजली स्कूल रहे अव्वल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : भारत विकास परिषद, झुमरी तिलैया के तत्वावधान में रविवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में जिला स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर दो वर्गों में हुई। जूनियर वर्ग में ग्रिजली विद्यालय ने प्रथम, मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और डीएवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीनियर वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल प्रथम, मॉडर्न पब्लिक स्कूल द्वितीय और ग्रिजली विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने की, जबकि संचालन परिषद के सचिव विमल पच्चीसिया ने किया। शिक्षक छोटेलाल पांडे ने क्विज मास्टर, असीम कुमार तिवारी ने स्कोरर और पप्पू भदानी ने टाइमकीपर की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत ने भारत विकास परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि परिषद समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। ह्यभारत को जानोह्ल प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार और देश के प्रति जागरूकता विकसित की जा रही है। विशिष्ट अतिथि एवं परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश राणा ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश के प्रति प्रेम, गर्व और समर्पण की भावना जागृत करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को हार से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी। परिषद के संस्कार संयोजक माधवराव भार्गव ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए बताया कि प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया मां वस्त्रालय का उद्घाटन



**चतरा** : इटखोरी मुख्य बाजार स्थित मां वस्त्रालय का शुभारंभ सोमवार को मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया। इस मौके पर उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालक बिक्रम कुमार गुप्ता को नए व्यवसाय की शुरूआत पर बधाई दी और सफल संचालन की कामना की। इस मौके पर जिप सदस्य सरिता देवी, उपप्रमुख संजय गुप्ता, डॉ. दुलार हजाम, जगेश्वर यादव, भरत साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।


## Government of Jharkhand
## Department of Mines & Geology
## Directorate of Geology
Engineer's Hostel No-2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi

### CORRIGENDUM

Short Tender Corrigendum Notice no. 01/2026-27 was published on 01.10.2026 in different News Papers vide PR. No.-390883. The following changes are hereby made in the said tender: -

| Sl. No. | Particulars | |
|---|---|---|
| 1 | Last date of submission of Bid/NIT | 23.10.2026 till 5.00 P.M. |
| 2 | Bid/NIT opening date | To be notified. |

All other terms and conditions of the above-mentioned NIT shall remain unchanged. All prospective bidders are advised to visit the official website of the Government of Jharkhand, www.jharkhand.gov.in, for further updates and to submit their bids accordingly.

Sd/-
Director, Geology
Directorate of Geology,
Department of Mines & Geology,
Government of Jharkhand

PR 391624 (Mines and Geology) 26-27 (D)



## Jharkhand BijliVitran Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Ranchi
Regd. Office : KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI
Telephone :- 0651-2490550 & Email : gm.ranchi@jbvnl.co.in https:/www.jbvnl.co.in

### E-Tender Notice

Online tenders are invited from Principal manufacturers/ authorized dealers/ suppliers firms for supply of under mentioned TRW (O&M) Head Materials for TRW, Ranchi, /Itki/Khunti/Gumla /Lohardaga & Simdega for F.Y. 2026-27.

| NIT | Sl. No. | Material Description | Unit | Quantity | Estimated Cost (in Rs.) | EMD (in Rs) | Cost of BOQ (in Rs.) (Non-refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 279/PR/JBVNL/2026-27 | 1 | Nylon washer size 38x18x20mm | Nos | 2000 | 11,04,200.00 | 22,100.00 | 2,950.00 |
| | 2 | Nylon washer size 30x18x12mm | Nos | 4000 | | | |
| | 3 | Nylon washer size 22x11x12mm | Nos | 7000 | | | |
| | 4 | Rubberized Cork Strip 40x5mm | Mtr. | 4000 | | | |
| | 5 | Rubberized Cork Strip 50x5mm | Mtr. | 1500 | | | |
| | 6 | Rubberized Cork Washer (109x78x5 mm) | Nos | 5000 | | | |
| | 7 | Rubberized Cork Washer (50x28x5 mm) | Nos | 6000 | | | |
| | 8 | Rubberized Cork Washer (45x25x5 mm) | Nos | 6000 | | | |
| | 9 | Rubberized Cork Washer (32x14x3 mm) | Nos | 10000 | | | |
| | 10 | Rubberized Cork Washer (70x45x5 mm) | Nos | 4000 | | | |
| | 11 | Rubberized Cork Washer (65x63x5) | Nos | 2000 | | | |
| | 12 | Rubberized Cork Washer (63x35x5 mm) | Nos | 2500 | | | |

### IMPORTANT SCHEDULE OF DATES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | From:- 16.10.2026 to 05.11.2026 up to 14.00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | 05.11.2026 up to 14.00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of receipt of bid documents(Online) | :- | 05.11.2026 up to 14:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | 6.11.2026 At 15.00 Hrs. |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum-CE
ESA, Ranchi

PR 391590 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D


## देलहो ने चलकी को हरा कर जीता फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

**चतरा** : धर्मवीर युवा क्लब टीकर की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला सोमवार को टीकर रखतिया ग्राउंड में खेला गया। देलहो और चतरा के चलकी टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में देलहो की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल से जीत दर्ज की और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं, चलकी की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में मंजीत प्रधान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ मुकाबले में भाग लेने के लिए दोनों टीमों की सराहना की। साथ ही टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए धर्मवीर युवा क्लब टीकर की टीम को शुभकामनाएं दीं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य भाग-2 बबलू पासवान के अलावा सरजू दांगी, सुरेश भारती, सत्येंद्र दांगी, शशि पासवान, राहुल कुमार, संतु यादव, अरविंद पासवान, प्रदीप भारती, हर्षू पासवान, राजकुमार पासवान और आशीष कुमार दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

## नवरात्र पर चंदनडीह गायत्री मंदिर में साधना, श्रद्धालु कर रहे 27 माला मंत्र जाप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : नवरात्र के अवसर पर चंदनडीह स्थित गायत्री मंदिर प्रज्ञा कुंज में पूजा-पाठ और साधना का दौर जारी है। अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में यहां विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। श्रद्धालु प्रतिदिन 27 माला गायत्री मंत्र का जाप कर रहे हैं। पूजा, ध्यान और हवन के बीच मंदिर परिसर भक्तिमय बना हुआ है।अनुष्ठान का नेतृत्व परिव्राजक दिलेश्वर यादव कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में श्रद्धालु विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना और मंत्र जाप में शामिल हो रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विश्व कल्याण, समाज में सद्विचारों का प्रसार और जन-जन में देवत्व की भावना जगाना है। दिलेश्वर यादव ने कहा कि गायत्री मंत्र भारतीय वैदिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नियमित मंत्र जाप से मन को शांति मिलती है और व्यक्ति सकारात्मक विचारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेता है। उन्होंने बताया कि नवरात्र साधना, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का विशेष अवसर है।इस दौरान पूजा-पाठ और हवन के माध्यम से लोककल्याण की कामना की जा रही है। अनुष्ठान में भोला प्रसाद, उर्मिला देवी, अनीता देवी, सुमित्रा देवी, पुष्पा देवी, नवीन कुमार, शकुंतला देवी, कंचन गुप्ता, सरोज देवी, सिंधु देवी और लिया देवी सहित कई श्रद्धालु नियमित रूप


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–मैमुन खातुन,
उम्र–30 वर्ष,
ऊँचाई–4 फीट, 06 ईंच
रंग–गोरा,
पहनावा–आसमानी रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला मैमुन खातुन, उम्र–30 वर्श, पति–इनत्याज अंसारी, ग्राम–सरवा, पो0–चरकी डुमरी, थाना–नरकोपी, जिला–राँची जो दिनांक–08.10.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में नरकोपी थाना सनहा सं0–17/2026, दिनांक–30.09.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, बेडो, राँची। –9431728777
थाना प्रभारी, नरकोपी, राँची। –9431706179
आवेदक नयामुदीन अंसारी। –7033126491

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 391632 Police(26-27)#D


## जी.एस. पब्लिक स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

# पीटीएम में अभिभावकों ने शिक्षकों से की चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)** : जी.एस. पब्लिक स्कूल, डोमचांच में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का भी आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचकर परीक्षा परिणाम देखा और शिक्षकों से अपनी शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की। कार्यक्रम में नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की भागीदारी रही। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे परीक्षा के परिणाम से घबराएं नहीं, बल्कि पढ़ाई पर नियमित रूप से ध्यान दें और अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परीक्षा परिणाम को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति समझने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार एवं उपनिदेशक नीरज सिंह ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक ही सफलता का एकमात्र मापदंड नहीं हैं। नियमित अध्ययन, अनुशासन, मेहनत और निरंतर अभ्यास ही उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की सलाह दी।

# वेतन नहीं मिलने से 108 एम्बुलेंस कर्मियों में आक्रोश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा में 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों का आक्रोश फूट पड़ा है। वेतन न मिलने और कंपनी द्वारा कुछ कर्मचारियों को सेवा से हटाए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर कटोरा लेकर भिक्षाटन किया। कर्मचारियों का कहना है कि दुर्गा पूजा जैसे त्योहार में भी उनके पास अपने परिवार का पेट पालने के लिए पैसे नहीं हैं। झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले चतरा इकाई के सचिव नेहाल कुमार के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। आंदोलनकारी कर्मचारियों का कहना है कि 6 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक ने सभी सिविल सर्जनों को 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन जिला स्तर पर करने और वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। लेकिन, इस पर अब तक कोई अमल नहीं हुआ है। एक एंबुलेंस कर्मचारी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, 'हमें वेतन नहीं मिल रहा है। हमारा दैनिक जीवन और दुर्गा पूजा पूरी तरह प्रभावित है। हम कैसे त्योहार मनाएंगे? इसीलिए हम कटोरा लेकर भीख मांग रहे हैं ताकि जो पैसे मिलें, उससे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि ठलट के निर्देशानुसार एंबुलेंस सेवा का संचालन सरकारी स्तर (सिविल सर्जन) के माध्यम से हो, 'सम्मान फाउंडेशन' द्वारा हटाए गए 19 कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाए, और उन्हें न्यूनतम वेतन, EPF, ESI जैसे वैधानिक अधिकार मिलें।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(सामान्य शाखा)

### आम सूचना

उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, झारखंड, राँची के पत्रांक–ई–7/2/ दिनांक–21.09.2015 द्वारा दिपावली के अवसर पर पटाखों का क्रय विक्रय करने के संबंध में निम्न दिशा–निर्देश जारी किये जाते है, जो निम्नवत हैः–

01. आतिशबाजी को सुरक्षित एवं अज्वलनशील सामग्री से बने शेड मे हीं भंडारित करेंगे।
02. आतिशबाजी की अस्थाई दुकाने, एक दुसरे से 3 मीटर की दुरी पर एवं किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी पर रखेंगे।
03. यह अस्थाई दुकाने एक दुसरे के आमने–सामने नही होगी।
04. सुरक्षा दूरी के अंदर एवं इन दुकानों में प्रकाश हेतु किसी प्रकार का तेल लेम्प, गैस लेम्प एवं खुली बिजली बत्तियों का प्रयोग नही होगा। यदि किसी बिजली की लाईन का प्रयोग किया जाता है तो उसे या तो दीवार पर या छत पर दृढ़ता से लगाना होगा एवं किसी प्रकार के तार लटके नही होंगे। इन बत्तियों के लिए स्विच दीवार पर लगाने होंगे एवं एक पंक्ति की सभी दुकानों के लिए मास्टर स्विच लगाना होगा।
05. किसी दुकान के 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबन्धित होगा।
06. प्रत्येक मास्टर स्विच से फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए जिससे की शॉट सर्किट होने पर विद्युत प्रवाह स्वतः ही बन्द हो जाए।
07. आतिशबाजी की बिक्री हेतु विस्फोटक नियम 2008 के अंतर्गत अनुज्ञप्तियाँ कलेक्टर/जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी की जाती है।
08. किसी भी स्तर पर पटाखों/आतिशबाजी की बिक्री बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त नही करेंगे एवं अनुज्ञप्ति की प्रति दुकान के बाहर बोर्ड पर प्रदर्शित करेंगे। बिना अनुज्ञप्ति के पटाखों की बिक्री करते पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
09. अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति उपायुक्त का कार्यालय, जिला सामान्य शाखा, कोडरमा में समुचित कागजात के साथ दिनांक 31–10–2026 तक कार्यालआवेदन समर्पित करेंगे।
10. अनुज्ञप्तिधारी विक्रेता द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से पटाखों की बिक्री झुमरी तिलैया में प्रखंड परिसर स्थित खुले मैदान एवं कोडरमा बाजार स्थित दुर्गा मण्डप के खुले प्रांगण में अस्थायी अज्वलनशील शेड में बिक्री करेंगे।
11. कोडरमा जिला के अन्य प्रखंडों में भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से पटाखों की बिक्री खुले मैदान में की जाएगी। संबंधित स्थल का चयन अंचल अधिकारी द्वारा की जाएगी।

ह0/–
उपायुक्त कोडरमा।

PR 391620 District(26-27)D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
झारखण्ड सरकार
कार्यालय /OFFICE
अनुमण्डल–सह– जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा, कार्यालय /OFFICE
SUBDIVISIONAL-CUM-DISTRICT AGRICULTURE OFFICER, SIMDEGA
EMAIL ID- simdegagriculture@gmail.com, simdegaagriculture@gmail.com

### विज्ञापन संख्या–01/2026–2027

वित्तीय वर्ष–2026–27 में सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या–03 दिनांक–23.05.2026, कृषि निदेशक, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक–1909 दिनांक–23.04.2026 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–1617 दिनांक–17.03.2023 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के कार्यान्वयन हेतु सिमडेगा जिला अन्तर्गत प्रत्येक पौधा संरक्षण केन्द्र (**Plant Protection Center**) में स्वीकृत पदों के विरूद्ध मानदेय / पारिश्रमिक आधारित मानव बल/पौधा संरक्षण कर्मियों हेतु फसल रक्षक (पदनाम–कामदार) की रिक्ति के विरूद्ध दैनिक मजदूरी पर रखा जाना है।

चयन प्रकिया संबंधित विभागीय आदेशों, स्वीकृत पदों, जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर तथा विज्ञापन में निर्धारित शर्तो के अधीन होगी। अभ्यर्थी इस विज्ञापन की विभिन्न कंडिकाओं में विहित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं तथा निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत आवेदन दे सकते है।

1.सामान्य विवरण :–

| क्र0सं0 | पदनाम | पद की प्रकृति | नियुक्ति अवधि | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फसल रक्षक (कामदार) | मासिक मानदेय/ पारिश्रमिक आधारित | चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष अथवा इन पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक– दोनों में जो पहले हो, की अवधि तक ही कार्यरत रहेंगे। | रू0–11851/– |

यह नियुक्ति पूर्णतः मानदेय / पारिश्रमिक आधरित है एवं इसमें भविष्य में नियमित नियुक्ति, स्थानीयकरण अथवा नियमित सरकारी कर्मचारी के समान सेवा लाभ का कोई स्वतः अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

2.रिक्तियों का कोटिवार विवरण :–

| क्रम0 | कोटिवार रिक्ति | | कुल रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | (अनारक्षित) UR | 04 (चार) पद | 04 |
| 2 | (अनुसूचित जनजाति) ST | 03 (तीन) पद | 03 |

नोट :–
(i) रिक्तियों की संख्या प्रशासनिक आवश्यकता एवं सक्षम प्राधिकार के निर्णय के अनुसार परिवर्तित की जा सकती है।
(ii) पदों का कोटिवार विवरण सिमडेगा जिला हेतु आदर्श आरक्षण रोस्टर के आधार पर है।

1. अनिवार्य योग्यता :–
(i) मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से न्यूनतम मैट्रिक / माध्यमिक ($10^{th}$) उत्तीर्ण।
(ii) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कृषि एवं उद्यान निदेशालय अंतर्गत न्यूनतम एक 05 (पाँच) दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त होना अनिवार्य है।
(iii) स्थानीय भाषा की जानकारी होना अनिवार्य है।
(iv) साईकिल चलाने एवं पेड़ पर चढ़ने की दक्षता होनी चाहिए।
(v) अभ्यर्थी सिमडेगा जिला अन्तर्गत स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।

4. उम्र सीमा :– न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा वह होगी, जो विभिन्न श्रेणियों हेतु सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित हो।
5. विहित आवेदन प्रपत्र दिनांक–26.10.2026 को संध्या–05.00 बजे तक (निबंधित / स्पीड पोस्ट द्वारा) कार्यालय को प्राप्त होना आवश्यक है। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किए जायेगें।
6. आवेदन जमा करने का पता :–
(i) आवेदक पूर्ण रूप से भरा आवेदन–पत्र हाथो–हाथ कार्यालय अवधि पूर्वाह्न–10.00 से संध्या– 05.00 बजे तक जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा में जमा कर सकते है।

(निबंधित / स्पीड पोस्ट द्वारा)
पता–: अनुमण्डल–सह–जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय परिसर,
(नियर सदर अस्पताल, सिमडेगा)
पोस्ट– सिमडेगा, जिला–सिमडेगा,पिन–835223

नोटः– अधिक जानकारी हेतु सिमडेगा जिले के अधिकारिक वेबसाइट **www.simdega.nic.in** एवं अनुमण्डल–सह–जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
अनुमण्डल–सह–जिला कृषि पदाधिकारी,सिमडेगा

PR 391614 Simdega(26-27).D

## एक झलक

### धनबाद कोर्ट परिसर में अधिवक्ता से मारपीट, आरपीएफ जवान पकड़ाया



**धनबाद /बाघमारा** : धनबाद न्यायालय परिसर में सोमवार को अधिवक्ता के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद भारी हंगामा हुआ। आरोप है कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान सादे लिबास में अधिवक्ता के चेंबर में घुसे और उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता एकजुट हो गए। मौके पर पहुंचे अधिवक्ताओं ने एक कथित जवान को पकड़ लिया, जबकि अन्य लोग वहां से भाग निकले। धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को दी गई। उनके निर्देश पर धनबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद कई थानों की पुलिस भी न्यायालय परिसर पहुंच गई। अधिवक्ताओं द्वारा पकड़े गए कथित जवान को पुलिस अपने साथ थाने ले गई। राधेश्याम गोस्वामी ने घटना को पूरी तरह गैरकानूनी बताते हुए इसे न्यायपालिका पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के साथ मारपीट में शामिल सभी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर थाने जा रहे हैं।

### औद्योगिक शांति और बोकारो की प्रगति के लिए अपील

**बोकारो** : भारत सरकार के स्वामित्व वाली सेल की प्रमुख इकाई बोकारो स्टील प्लांट केवल एक औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि पूरे बोकारो स्टील सिटी और आसपास के क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है। यह संयंत्र 20 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अन्य लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराता है। छोटे व्यवसायों की आजीविका, शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और क्षेत्रीय विकास ये सब इस संयंत्र की स्थिरता और सतत उत्पादन पर निर्भर हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस संयंत्र की भूमिका केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां निर्मित इस्पात देश की प्रमुख आधारभूत परियोजनाओं से लेकर भारतीय नौसेना के युद्धपोतों तक में उपयोग होता है, जो राष्ट्र की आर्थिक और सामरिक शक्ति को सुदृढ़ करता है।

### तेनुघाट में नौ दिवसीय श्रीमद्देवी महापुराण भक्ति व ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**तेनुघाट** : शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर तेनुघाट के न्यू मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद् देवी महापुराण भक्ति एवं ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ ब्रह्मलीन उर्मिला गुप्ता की पुण्य स्मृति में दिनांक 11/10/2026 से 19/10/2026 तक आयोजित की गई है। यज्ञ का आयोजन प्रतिदिन संध्या 7 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई चित्रगुप्त महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य के द्वारा बातौर मुख्य अतिथि फिता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया।

# 15 रुपये में शुरू हुई थी भवनाथपुर की दुर्गा पूजा, 64 वर्षों से कायम है परम्परा

- 1962 में पारसनाथ सिंह और नंद केशरी सिंह की पहल पर हुई थी शुरुआत
- हरिहर सिंह ने पूजा के लिए दान दी थी जमीन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : प्रखंड मुख्यालय स्थित भवनाथपुर बस्ती में मां दुर्गा की आराधना की परंपरा पिछले 64 वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 1962 में गांव के तत्कालीन मुखिया पारसनाथ सिंह और सरपंच नंद केशरी सिंह की पहल पर दुर्गा पूजा की शुरूआत हुई थी। उस समय गांव के हरिहर सिंह ने पूजा आयोजन के लिए गांव के बीचोंबीच अपनी जमीन दान दी थी। आज उसी स्थान पर भव्य दुर्गा मंदिर स्थापित है, जहां प्रत्येक वर्ष श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है।

**महज 15 रुपये में सम्पन्न हुई थी पहली पूजा**

**गांव** के बुजुर्ग ग्रामीण गोविंद सिंह, कृष्णा सिंह, दशरथ सिंह, धीरेंद्र सिंह और उपेंद्र सिंह बताते हैं कि वर्ष 1962 में पहली बार दुर्गा पूजा का आयोजन महज 15 रुपये में संपन्न हुआ था। उस समय ग्रामीण आपसी सहयोग से चंदा जुटाकर पूजा की व्यवस्था करते थे। बाद में आयोजन को नियमित रूप से संचालित करने के लिए प्रति हल और प्रति घर पांच रुपये तथा नौकरीपेशा लोगों से 10 रुपये चंदा लेने की व्यवस्था बनाई गई। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से शुरू हुई यह परंपरा आज भी जारी है।

**गांव के युवक करते थे रामलीला का मंचन**

**दुर्गा** पूजा के दौरान रामलीला का मंचन भी प्रमुख आकर्षण हुआ करता था। गांव के युवक ही रामलीला के विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाते थे। उनके अभिनय और ग्रामीणों के उत्साह से पूरा गांव भक्तिमय हो जाता था। समय के साथ आयोजन का स्वरूप बदल गया है। अब रामलीला के मंचन के लिए बाहर से कलाकार बुलाए जाते हैं और आयोजन पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं।

**तिलैथू से आते थे मां दुर्गा की प्रतिमा बनानेवाले मूर्तिकार**

**ग्रामीणों** के अनुसार, शुरूआती दौर में मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने के लिए तत्कालीन अविभाजित बिहार के तिलैथू से प्रजापति समुदाय के मूर्तिकार भवनाथपुर आते थे। सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ पूजा की तैयारियों में जुट जाते थे। उस समय प्रतिमा विसर्जन के लिए वाहनों की व्यवस्था नहीं थी। ग्रामीण मां की प्रतिमा को कंधों पर उठाकर विसर्जन के लिए ले जाते थे।

**भव्य आयोजन के बीच कायम है आस्था**

**ग्रामीण** बताते हैं कि छह दशक से अधिक समय में दुर्गा पूजा के आयोजन में काफी बदलाव आया है। पहले जहां आपसी सहयोग से सीमित संसाधनों में पूजा संपन्न होती थी, वहीं अब भव्य पंडाल, आकर्षक सजावट, प्रतिमा निर्माण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर बड़ी राशि खर्च की जाती है। हालांकि, बदलते समय के साथ आयोजन का स्वरूप भले ही बदल गया हो, लेकिन मां दुर्गा के प्रति ग्रामीणों की आस्था और श्रद्धा आज भी बरकरार है। भवनाथपुर बस्ती की दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गांव की ऐतिहासिक विरासत, सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक भी है। 1962 में शुरू हुई यह परंपरा आज भी नई पीढ़ी को पूर्वजों के योगदान, आपसी सहयोग और सामूहिक सद्भाव का संदेश दे रही है।

# दिल्ली के प्रदर्शन में धनबाद कांग्रेस भी हुई शामिल

- एसआईआर में कथित गड़बड़ियों के विरोध में उठायी आवाज, झारखंड के कई नेता भी रहे मौजूद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को दिल्ली में प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित आंदोलन में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह समेत झारखंड के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध जताते हुए लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा की मांग की। दिल्ली के मंडी हाउस स्थित बाराखंबा क्षेत्र में हुए प्रदर्शन में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, धनबाद की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह, प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव, आदित्य आनंद, तबरेज आलम, खुर्शीद आलम और मोहम्मद अब्दुल्ला समेत अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों की आशंकाओं को गंभीरता से लेना जरूरी है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता और पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय के नेतृत्व में भी प्रदेश के नेताओं ने भागीदारी की। धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट समान रूप से महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची की शुद्धता और मतदान के अधिकार की सुरक्षा लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है।

# कोतरे बसंतपुर पंचमो परियोजना की सम्पूर्ण कार्ययोजना समयसीमा के साथ प्रस्तुत करें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में एम/एस केबीपीएमपीएल एवं सीसीएल के कोतरे बसंतपुर पंचमो परियोजना से संबंधित समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित कंपनी को खनन गतिविधियों से लेकर खदान बंदी तक की संपूर्ण कार्ययोजना निर्धारित समयसीमा के साथ तैयार कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि परियोजना से जुड़े सभी कार्यों की स्पष्ट समयसीमा निर्धारित होनी चाहिए, ताकि भूमि सत्यापन, रैयतों के हित, रोजगार, मुआवजा एवं क्षेत्र के विकास से संबंधित विषयों पर समयबद्ध तरीके से निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कंपनी को प्रस्तावित विकास योजनाओं, गैर-खनन क्षेत्र में भूमि के उपयोग तथा खदान बंदी के बाद पुनर्वास एवं क्षेत्र के विकास की योजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने को कहा।उन्होंने निर्देश दिया कि पूरी कार्ययोजना पारदर्शी हो तथा संबंधित सभी बिंदुओं को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, संलग्न पदाधिकारी वन संदीप शिंदे, डीएमओ रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार, कंपनी प्रतिनिधि एवं रैयत उपस्थित थे। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, डीएफओ नीतीश कुमार एवं सीओ अफताब आलम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े।

# प्रभु श्री राम की कथा अमृत समान, शिवबेल घोरही में नौ दिवसीय रामकथा महोत्सव शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : दुर्गा पूजा के अवसर पर सदर प्रखंड के शिवबेल घोरही में दुर्गा पूजा महोत्सव के 14 वे अधिवेशन के मौके पर कथा प्रवचन का उदघाटन रविवार को रात्रि में अवकाश प्राप्त शिक्षक चक्रवर्ती तिवारी,उनकी धर्म पत्नी सरोज देवी,शिक्षक सह समाजसेवी भरदुल कुमार सिंह,अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय सरजा पंचायत के पूर्ब मुखिया व बर्तमान मुखिया पति आनंद कुमार , ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। बिदित हो कि नवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष कथा का आयोजन नव युवक विकास समिति शिववेल घोरही पोलपोल के द्वारा किया जाता है । कथा का कार्यक्रम नव दिनों तक चलेगा।कार्यक्रम के पहले दिन समिति के लोगो ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र प्रदान कर किया।इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि चक्रवर्ती तिवारी ने कहा कि प्रभु श्री राम का कथा कलयुग में अमृत के समान है।श्री राम चरित्र मानस में जीवन पद्धति बताया गया हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का चरित्र अनुकरणीय हैं।राम चरित्र मानस हमे जीवन जीने का कला सिखाता हैं।उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति शिष्य का पिता के प्रति पुत्र का,भाई के प्रति भाई का ,मित्र के प्रति मित्र का कैसा सम्बन्ध होना चाहिए इसकी ब्याख्या श्री राम चरित्र मानस से मिलता हैं।इस मौके पर पोलपोल मुखिया पति व शिक्षक भरदुल सिंह ने कहा कि जहाँ कथा प्रबचन होता है वहा जाने से मनुष्य को सुख व शांति की अनुभूति होती हैं। उन्होंने कहा कि गरीब दीन दुखियों की सेवा करना स सत्य मार्ग पर चलना ही परम धर्म है।उन्होंने कहा कि हमे धार्मिक गर्न्थो से यही प्रेरणा मिलता हैं।हम सभी को जाति धर्म उच्च नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर समाज के नव निर्माण में कार्य करने चाहिए।अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि हमे रामायण निज धर्म पर चलना सिखाती है। सनातन धर्म सत्य के मार्ग पर चलने का प्रेरणा देता है।गरीब दीन दुखियों का मदद करना ही सद्कर्म हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग के बिना हमे सदबुद्धि नही हो सकती।और यह तभी सम्भव है जब प्रभु की कृपा होगी।उन्होंने कहा कि कई जन्म जन्मांतर का फल एकत्रित होता है तो हमे प्रभु का कथा सुनने का अवसर मिलता है।उन्होंने कहा कि भगवत कथा देवताओं को भी दुर्लभ है।उन्होंने कहा कि भगवत कथा को जीवन मे आत्मसात कर ले तो जीवन धन्य हो जाएगा।मौके पर वृंदावन से पधारे बाल विदुषी किशोरी विधा मानसी ने कहा कि भगवत कथा श्रवण करने से मानव की समस्त ब्यथा दूर हो जाता है।कई जन्म जन्मांतर का पुण्य एकत्रित होता है तो प्रभु का कथा श्रवण करने का सुअवसर मिलता हैं।

**उन्नत भारत अभियान के तहत बोरोबिंग पंचायत में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

# शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रजरप्पा (रामगढ़)** : डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा(लारी) के तत्वावधान में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए ग्राम बोरोबिंग पंचायत में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ बोरोबिंग उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बोरोबिंग पंचायत की मुखिया वसंती देवी उपस्थित थी। सर्वप्रथम मुखिया एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की गई तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के दौरान गाँव के विभिन्न कुओं एवं नालियों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं बी.एड. तथा डी.एल.एड. सत्र 2026-28 के प्रशिक्षुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए ग्रामीणों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं एवं उपस्थित सदस्यों ने प्रेरणादायक नारों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के प्रमुख नारे थे-हाथ से हाथ मिलाना है, गंदगी को दूर भगाना है तथा हम सबने यह ठाना है, स्वच्छ भारत बनाना है। इन नारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एवं वरिष्ठ सदस्य डॉ. संजय कुमार प्रभाकर, प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, मोहम्मद परवेज अख्तर, इंदु कुमारी झा, सुप्रिया वर्मन, वरुण कुमार, बाबुचंद प्रसाद, मुरारी कुमार दुबे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के समन्वयक पिंटू कुमार पटेल उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक किला परिसर से ग्रामीणों के आवागमन का मुद्दा उठा अनिल मेहता ने रखी समस्या, रास्ता बहाल होने की जगी उम्मीद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**पदमा** : ऐतिहासिक पदमा किला, हवा महल और बावली के निरीक्षण के दौरान रामगढ़ रियासत के राजकुमार एवं हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के दो बार के पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह से मुखिया अनिल कुमार मेहता की मुलाकात हुई। इस दौरान राजा किला के समीप ग्रामीणों के आवागमन के लिए रास्ते की समस्या पर चर्चा हुई। ग्रामीणों के लिए रास्ते की उपलब्धता का मुद्दा सामने आने के बाद प्रखंड कार्यालय तक पहुंच आसान होने की उम्मीद जगी है। मुखिया अनिल कुमार मेहता ने रास्ते से जुड़ी समस्या की ओर पूर्व विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने ग्रामीणों के आवागमन में हो रही परेशानी से अवगत कराया। इस पर सौरभ नारायण सिंह ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले को लेकर हजारीबाग के उपायुक्त से मुलाकात करेंगे और आम लोगों के लिए आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करेंगे। ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और विकास की चर्चा के बीच रास्ते का यह मुद्दा स्थानीय लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। अब सबकी निगाहें प्रशासनिक पहल पर टिकी हैं। सवाल यही है कि क्या जल्द ही पदमा प्रखंड कार्यालय तक पहुंचने के लिए आम लोगों को सुगम रास्ता मिल सकेगा, या ग्रामीणों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा?

# बालूमाथ में नो एंट्री लागू करने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**लातेहार** : बालूमाथ शहर के मुख्य मार्ग पर कोयला लदे ट्रक और हाइवा की लगातार आवाजाही से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। भारी वाहनों के कारण धूल प्रदूषण, सड़क जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ने से स्थानीय लोगों और व्यवसायियों में नाराजगी है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सोमवार को जनता और व्यवसायी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचल अधिकारी बालेश्वर राम से मुलाकात की और मुख्य मार्ग पर नो एंट्री लागू करने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने सात अक्टूबर 2026 को प्रखंड सभागार में हुई बैठक का हवाला देते हुए अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी। सदस्यों ने कहा कि कोयला लदे भारी वाहन शहर के मुख्य मार्ग से लगातार गुजरते हैं। इससे सड़क पर धूल उड़ती रहती है, दुकानों में धूल जमती है और राहगीरों को आने-जाने में परेशानी होती है। व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति बनती है। साथ ही, सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शहर के बीच से भारी वाहनों का परिचालन आम लोगों की सुरक्षा और कारोबार, दोनों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए मुख्य मार्ग पर नो एंट्री की व्यवस्था लागू करने और कोयला परिवहन के लिए बाईपास सड़क बनाने की जरूरत है। इससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा और लोगों को राहत मिलेगी।अंचल अधिकारी बालेश्वर राम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन से वार्ता कर इस मामले में लिखित जवाब दिया जाएगा।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामदेव साव, मोनू गुप्ता, मो. मंसूर, मो. अतीक अंसारी, मो. तौफीक, पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, रोहित कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और व्यवसायी मौजूद थे।

# पीके रॉय कॉलेज में एनएसयूआई की कार्यकारिणी बैठक, छात्र समस्याओं को लेकर बनी रणनीति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : पीके रॉय कॉलेज में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्र-छात्राओं की समस्याओं, कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार और छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और छात्रों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी, धनबाद जिला अध्यक्ष साहिल अली, विश्वविद्यालय अध्यक्ष राज सिंह, कॉलेज अध्यक्ष हर्षित राय और कार्यकारी अध्यक्ष आजान सम्मी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष साहिल अली ने कहा कि एनएसयूआई विश्वविद्यालय से लेकर कॉलेज स्तर तक छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लगातार उठाती रही है। छात्रों के अधिकारों की रक्षा, समस्याओं के समाधान और बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिए संगठन आगे भी संघर्ष करता रहेगा।

# बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत स्कूल में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिताएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 एवं तीन माह के विशेष निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत 12 अक्टूबर 2026 को विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस क्रम में कॉन्ट्रैक्ट सेल (नॉन-वर्क्स) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक संवादात्मक बैठक आयोजित की गई। वहीं, डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12ई में हिंदी भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं पारदर्शिता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि पर आधारित इन पहलों का उद्देश्य कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और ईमानदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कॉन्ट्रैक्ट सेल (नॉन-वर्क्स) में आयोजित संवादात्मक बैठक का शुभारंभ सत्यनिष्ठा की शपथ के साथ हुआ। बैठक में कॉन्ट्रैक्ट सेल (नॉन-वर्क्स) एवं सतर्कता विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान निविदा दस्तावेजों में अस्पष्टताओं, कार्य निष्पादन के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों तथा निवारक सतर्कता के माध्यम से प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य निविदा संबंधी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, जवाबदेही को सुदृढ़ करना तथा संभावित अनियमितताओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुधारात्मक एवं निवारक उपायों को प्रोत्साहित करना था।इसी क्रम में डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12ई में आयोजित हिंदी भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बीएसएल के सतर्कता विभाग के अधिकारियों के साथ विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, नैतिकता एवं जिम्मेदार आचरण के महत्व से परिचित कराया गया तथा इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।हिंदी भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10 की पूजा भारती ने प्रथम, संजना रंजन ने द्वितीय तथा छोटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 10 की रोशनी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 6 की सृष्टि कुमारी ने प्रथम तथा सत्य भारती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 की रागिनी कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि इसी कक्षा की नेहा शर्मा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।बीएसएल का सतर्कता विभाग विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं संवादात्मक पहलों के माध्यम से संयंत्र की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, नैतिकता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही, विद्यार्थियों एवं समाज में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिक आचरण के प्रति जागरूकता विकसित करने की दिशा में भी विभाग द्वारा लगातार पहल की जा रही है।

# पूरे जिले में आयोजित हुआ एसआईआर 2026 का विशेष शिविर, 16 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत बोकारो जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नोटिस की सुनवाई तथा आवश्यक प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्यों में सहायता प्रदान की गई। यह अभियान आगामी 16 अक्टूबर तक चलेगा।शिविरों की व्यवस्था एवं कार्यों की निगरानी के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्यों तथा मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।सेक्टर-6 स्थित इमैनुएल लॉ कॉलेज में विशेष मेगा कैंप आयोजित किया गया। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रामनगर, चास में भी विशेष शिविर लगाया गया। वहीं, भोजूडीह के कुष्ठपाड़ा एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्र समेत अन्य स्थानों पर भी विशेष शिविर लगाया गया। विशेष शिविर का निरीक्षण ईआरओ - एईआरओ ने किया।शिविरों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र-6 के तहत ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एसआईआर के तहत नोटिस प्राप्त मतदाताओं की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनवाई की जा रही है। आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन लेकर संबंधित अंचल अधिकारी कार्यालय भेजने की व्यवस्था भी की गई है। निर्धारित 11 दस्तावेजों से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 16 अक्टूबर तक आयोजित विशेष शिविरों में पहुंचकर मतदाता सूची से संबंधित कार्यों का निष्पादन कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित नहीं रहे।

## एक झलक

### मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने जम्मू-कश्मीर की टीम को 120 रनों पर किया ऑल आउट

**श्रीनगर :** मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने जम्मू-कश्मीर की बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए मौजूदा चैंपियन टीम को 120 रनों पर ऑल आउट कर दिया और श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले मैच के दूसरे दिन पहली पारी में 76 रनों की बढ़त हासिल कर ली। तेज गेंदबाज आवेश खान ने आक्रमण की अगुवाई करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए, वहीं आर्यन पांडे ने भी तीन विकेट लेकर शानदार सहयोग दिया। जम्मू-कश्मीर के बल्लेबाज मेहमान टीम के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में संघर्ष करते नजर आए। कन्हैया वधवान जम्मू-कश्मीर के लिए सर्वोच्च स्कोरर रहे और 35 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उन्हें दूसरे छोर से ज्यादा सहयोग नहीं मिला क्योंकि नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। मेजबान टीम ने पहली पारी में मध्य प्रदेश को 196 रनों पर ऑल आउट कर दिया था लेकिन वे अपनी गेंदबाजी के प्रयासों का फायदा उठाने में नाकाम रहे और 120 रनों पर ऑल आउट हो गए जिससे मेहमान टीम को पहली पारी में 76 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त मिल गई।

### ब्रिक्स पारम्परिक खेलों का मांडविया ने दिया सहयोग बढ़ाने पर जोर

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद स्थित वीर सावरकर खेल परिसर, नारणपुरा में सोमवार को ब्रिक्स पारंपरिक एवं स्वदेशी प्रदर्शन खेल 2026 का आयोजन किया गया। दिनभर चले इस कार्यक्रम में ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधिमंडलों, खिलाड़ियों, पारंपरिक खेलों के अभ्यासकर्ताओं, तकनीकी अधिकारियों और सहयोगी संस्थानों ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न देशों की खेल विरासत, सांस्कृतिक विविधता और आपसी जनसंपर्क को बढ़ावा देना था। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मांडविया ने कहा कि भारत भविष्य की जरूरतों के अनुरूप खेल बुनियादी ढांचे में निवेश करके राष्ट्र निर्माण के केंद्र में खेलों को स्थापित कर रहा है। उन्होंने खेलों को युवाओं के विकास, समावेशिता, सांस्कृतिक समझ और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का माध्यम बताया। ब्रिक्स के 10 देशों के प्रतिनिधियों और अन्य उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मांडविया ने भारत की खेल संस्कृति को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ङ्गभारत खेलों को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने खेल तंत्र को बदल रहा है और मैदान से लेकर पदक मंच तक अवसर पैदा कर रहा है। जमीनी स्तर पर भागीदारी, प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, बुनियादी ढांचे के विकास, खिलाड़ियों के कल्याण और अंतरराष्ट्रीय अनुभव सहित व्यापक 360 डिग्री दृष्टिकोण के माध्यम से भारत भविष्य के लिए एक टिकाऊ खेल तंत्र तैयार कर रहा है।

# एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत का दबदबा, 05 खिताब जीत कर सबसे सफल टीम

- 27 अक्टूबर से जालंधर और मोहाली में होगा टूर्नामेंट का नौवां संस्करण

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास की सबसे सफल टीम है। वर्ष 2011 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में भारत अब तक पांच बार खिताब जीत चुका है। अब भारतीय टीम की नजर छठी बार चैंपियन बनने पर होगी। हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में किया जाएगा। भारत ने इस प्रतियोगिता के आठ संस्करणों में पांच खिताब अपने नाम किए हैं। टीम ने पहले संस्करण में शूटआउट के जरिए जीत दर्ज की, जबकि 2024 में चीन को हराकर खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अलग-अलग परिस्थितियों में मिली इन जीतों ने एशियाई हॉकी में भारत की निरंतर मजबूती को दर्शाया है। हाल ही में भारतीय टीम ने एशियाई खेलों में अपने स्वर्ण पदक का पहली बार सफलतापूर्वक बचाव कर इतिहास रचा था। अब टीम एक बार फिर मैदान पर उतरेगी और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी।



**2011 में पाकिस्तान को हरा कर बना पहला चैम्पियन**

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला संस्करण 2011 में चीन के ऑर्डोस में खेला गया था। इसमें भारत, चीन, मलेशिया, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया और जापान की टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल में भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हुआ। निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित बराबरी पर रहा, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय टीम टूर्नामेंट की पहली चैंपियन बनी।

**2016 में दूसरी बार जीता खिताब**

तीन साल के अंतराल के बाद एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2016 में मलेशिया के कुआंतन में लौटी। भारत ने फाइनल में एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 3-2 से जीत हासिल कर दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। भारत की ओर से रुपिंदर पाल सिंह, अफ्फान यूसुफ और निकिन थिमैया ने गोल किए। इस जीत ने टूर्नामेंट में भारत की मजबूत स्थिति को और पुख्ता किया।

**2018 में भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता**

भारत ने 2018 में ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित पांचवें संस्करण में तीसरी बार खिताब जीता, हालांकि इस बार फाइनल का परिणाम असामान्य रहा। भारत और पाकिस्तान ने फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लगातार बारिश के कारण मुकाबला पूरा नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। इस तरह भारत के खाते में तीसरा खिताब जुड़ गया।

**2023 में मलेशिया के खिलाफ शानदार वापसी**

भारत ने 2023 में पहली बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की। चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में खेले गए सातवें संस्करण के फाइनल में भारतीय टीम का सामना मलेशिया से हुआ। मुकाबले में एक समय भारत पिछड़ रहा था और मलेशिया ने पहले हाफ तक 3-1 की बढ़त बना ली थी। भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम 16 मिनट में शानदार वापसी की। हरमनप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह और आकाशदीप सिंह के गोल की बदौलत भारत ने 4-3 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत चौथी बार चैंपियन बना और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाली टीम बन गया।

**2024 में चीन को हरा कर खिताब का बचाव**

भारत ने 2024 में चीन के हुलुनबुइर में आयोजित आठवें संस्करण में अपने खिताब का बचाव किया। फाइनल में भारतीय टीम का सामना मेजबान चीन से हुआ। मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन जुगराज सिंह के निर्णायक गोल की बदौलत भारत ने 1-0 से जीत हासिल की। यह भारत का पांचवां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब था और इससे टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम के रूप में उसका रिकॉर्ड और मजबूत हुआ।

**छठे खिताब पर होगी भारत की नजर**

आठ संस्करणों में पांच खिताब भारत की निरंतर सफलता और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता को दर्शाते हैं। कभी शूटआउट में मिली जीत, कभी संयुक्त विजेता बनने का परिणाम, तो कभी पिछड़ने के बाद शानदार वापसी–भारतीय टीम ने अलग-अलग परिस्थितियों में खिताब अपने नाम किए हैं। अब 27 अक्टूबर से पंजाब में शुरू होने वाले नौवें संस्करण में भारतीय टीम के सामने अपने खिताबों की संख्या छह तक पहुंचाने का मौका होगा।

## पैरा योगासन प्रतियोगिता में धनबाद का जलवा

# 01 स्वर्ण और 02 रजत पदक जीते तीन खिलाड़ी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** जमशेदपुर में आयोजित द्वितीय झारखंड राज्य पैरा योगासन खेल प्रतियोगिता में धनबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। 11 अक्टूबर को आयोजित इस प्रतियोगिता में धनबाद के सात खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। टीम ने एक स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किए।टीम प्रशिक्षक शकुंतला शुक्ला के नेतृत्व में जीवन ज्योति विद्यालय, बेकार बांध के छह और रविदास योग केंद्र, भूली के एक खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। बालक 17 वर्ष पारंपरिक स्पर्धा में आयुष कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। इसी स्पर्धा में अनमोल कुमार गिरि ने रजत पदक प्राप्त किया।



वहीं, बालक 20 वर्ष पारंपरिक स्पर्धा में रतन कुमार शुक्ला ने रजत पदक जीतकर धनबाद की उपलब्धि में एक और पदक जोड़ा।इस सफलता के साथ तीनों पदक विजेता खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय पैरा योगासन खेल प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ के भिलाई में आयोजित होगी, जहां ये खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य संघ के मुख्य सलाहकार विपिन कुमार पांडेय, जिला संरक्षक परीक्षित पांडेय, अध्यक्ष कैप्टन प्रदीप मोहन सहाय, विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता सहित संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### भारत-श्रीलंका वनडे दिल्ली से अहमदाबाद स्थानांतरित होने की खबरें गलत : सैकिया

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को उन खबरों को गलत बताया, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और श्रीलंका के बीच 13 दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाला पहला वनडे मुकाबला अहमदाबाद स्थानांतरित किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय बोर्ड ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। यह स्पष्टीकरण दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे बड़े स्तर के ढांचागत सुधार कार्यों के बीच आया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ स्टेडियम में आधुनिक जल निकासी व्यवस्था लगाने के साथ पिचों और आउटफील्ड को नए सिरे से तैयार कर रहा है।

# झारखंड राज्य के चार खिलाड़ियों ने जीता पदक

48 वीं राष्ट्रीय आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 03 से 05 अक्टूबर तक जम्मू- कश्मीर के श्रीनगर के शेरों कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स स्टेडियम में आयोजित इंडियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन पर जम्मू - कश्मीर स्टेट आर्म रैसलिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय 48 वीं राष्ट्रीय आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में आर्म रैसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चार खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त करने में सफल रहे 48वीं राष्ट्रीय आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में झारखंड के चार खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त करने में सफल हुई झारखंड के चार खिलाड़ी गुलनबीद खान देवघर




रजत पदक , रोहित लोहार जमशेदपुर कांस्य पदक , सूरज कु. पासवान जामताड़ा कांस्य पदक एवं धीरज कु. साहू रांची कांस्य पदक **अपने**-अपने आयु एवं भार वर्ग में पदक प्राप्त करने में सफल रहे। इन सभी खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में झारखंड राज्य को गौरवान्वित करने का कार्य किये। इस बात की जानकारी आर्म रैसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव दीपक दुबे ने दिए एवं उन्होंने बताया कि झारखंड के अधिकतर खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी उत्कृष्ट रहा हमारे झारखंड टीम के सभी खिलाड़ी सेमीफाइनल एवं क्वार्टर फाइनल तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेले और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किये । पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ - साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को आर्म रैसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड की और से बहुत-बहुत बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं।

# रणजी ट्रॉफी में तुषार देशपांडे की हैट्रिक मुंबई के लिए ऐसा करनेवाले छठे गेंदबाज

एजेंसी

**मुंबई :** तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी 2026-27 में चंडीगढ़ के खिलाफ मुकाबले के दूसरे दिन शानदार हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह रणजी ट्रॉफी में मुंबई की ओर से हैट्रिक लेने वाले छठे गेंदबाज बन गए हैं। वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में देशपांडे ने लगातार तीन गेंदों पर अर्जुन आजाद, शिवम भांबरी और दीपेंद्र कुश को आउट किया। उनकी इस उपलब्धि से चंडीगढ़ की टीम मुंबई के पहली पारी में बनाए गए 429 रन के जवाब में छह विकेट पर 37 रन बनाकर संकट में आ गई। देशपांडे ने खबर लिखे जाने तक 17 रन देकर पांच विकेट हासिल कर लिए थे।




**मुंबई के लिए हैट्रिक लेनेवाले गेंदबाजों की सूची में शामिल**

**देशपांडे** से पहले मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में पांच गेंदबाज हैट्रिक ले चुके हैं। इस सूची में जहांगीर खोत, उमेश कुलकर्णी, अब्दुल इस्माइल, रॉयस्टन डायस और शार्दुल ठाकुर शामिल हैं।

**मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में हैट्रिक लेनेवाले गेंदबाज**

**जहांगीर खोत :** 1943-44 में मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में बड़ौदा के खिलाफ।

**उमेश कुलकर्णी :** 1963-64 में आनंद में गुजरात के खिलाफ।

**अब्दुल इस्माइल :** 1973-74 में मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में सौराष्ट्र के खिलाफ।

**रॉयस्टन डायस :** 2023-24 में पटना में बिहार के खिलाफ।




बीजिंग में चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल मुकाबले में विजेता और उपविजेता खिलाड़ी मंच पर पोज देती हुई ।

# नायक ब्रदर्स गेतलसूद का तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 15 अक्टूबर से



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा :** नायक ब्रदर्स गेतलसूद की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 अक्टूबर 2026 तक गेतलसूद स्कूल मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। आयोजन को लेकर आयोजक समिति की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, वहीं युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 40 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 30 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 10-10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार के रूप में एक साइकिल प्रदान की जाएगी। आयोजक समिति ने क्षेत्र के सभी फुटबॉल खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं आम लोगों से प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अध्यक्ष कार्तिक नायक, सचिव छनीश नायक एवं कोषाध्यक्ष राजेश नायक की प्रमुख भूमिका है।

# क्वार्टर फाइनल में बराडीह ने पूरना थाम को दो गोल से हराया

- बाराडीह के खिलाड़ी सूरज कुमार को मिला मैन ऑफ द मैच का खिताब

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** आजाद क्लब गुमो के तत्वावधान में झुमरिया टांड मैदान में आयोजित नकुल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच बराडीह और पूरना थाम के बीच खेला गया। खेल के दौरान बाराडीह ने पूरना थाम को दो गोल से पराजित किया। मैच में निर्णायक की भूमिका मृत्युंजय कुमार, गोविन्द यादव, संतोष कुमार ने निभाई। बाराडीह के




खिलाड़ी सूरज कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।इस मौके पर झुमरी तिलैया के नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोहर कुमार राम, पार्षद प्रतिनिधि बबलू पांडेय, मनीष पाण्डेय, जितेंद्र राम ने संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच को टी-शर्ट और डेमो चेक देकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र राम मनीष पाण्डेय और शशि पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया।आयोजन को सफल बनाने में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, उपाध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी, अविनाश पांडेय, उमेश पांडेय, सचिव बबलू पाण्डेय, सह सचिव अवध पांडेय, कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम, धर्मेंद्र राम, विपिन पाण्डेय, प्रभाकर पांडेय, विवेक पांडेय उर्फ मदन, विकास पांडेय, विनोद पाण्डेय, रवि पाण्डेय, प्रेमजीत राय, मुकेश पाण्डेय, धीरज पाण्डेय, पिंटू साव, सागर राम, अंशु पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, विशाल पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर विहिप के दीनानाथ पाण्डेय, शिवशंकर पाण्डेय, आजाद क्लब के पूर्व खिलाडी अर्जुन पंडित, अजय कुमार, विनोद पाण्डेय सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय अंडर-14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए लातेहार की बालक-बालिका टीम घोषित

# दुमका में होनेवाली प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे चयनित खिलाड़ी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** दुमका में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए लातेहार जिले की बालक और बालिका टीम का चयन कर लिया गया है। लातेहार जिला स्टेडियम में जिला वॉलीबॉल संघ की ओर से आयोजित ओपन ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर दोनों वर्गों की टीम घोषित की गई।चयन ट्रायल में जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव सह प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य शुभम



कुमार साव, आनंद उरांव और शोभनाथ उरांव मौजूद थे।संघ की ओर से जारी सूची के अनुसार, बालिका टीम में मीठी कुमारी, राज नंदिनी कुमारी (कप्तान), आराध्या कुमारी, प्राची कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, तनुप्रिया कुजूर, रागिनी कुमारी, छाया कुमारी, पायल कुमारी, काव्या कुमारी और अंजली कुमारी को जगह मिली है। टीम की प्रशिक्षक शिल्पा कुमारी होंगी।वहीं, बालक टीम में अनुराग कुमार (कप्तान), अहसन, इमाद, अमन रजा, कौसेन, रयान, अशरफ अली, रिदान राजा, आकाश कुमार, साकिब और इंजमामुल हक का चयन किया गया है।

# इंगुनिया में रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

- विधायक मनोज कुमार यादव ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन, उद्घाटन मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट से ब्लैक टाइगर्स चंदवारा ने मारी बाजी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग) :** प्रखंड के इंगुनिया में रात्रि फुटबॉल टूनामेंट का भव्य उद्घाटन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। दूधिया रोशनी से जगमगाते मैदान में फुटबॉल का रोमांच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुटे। उद्घाटन समारोह में विधायक मनोज कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि राम स्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव



यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, मुखिया मंटू सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास रजक, पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि सहदेव यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस दौरान अर्जुन सिंह, रामफल सिंह, राज किशोर शर्मा, करुणा चंद्रवंशी, राजेश सिंह, शिक्षक सुबोध कुमार सिंह, राम प्रकाश सिंह, आशीष चंद्रवंशी एवं सुबोध ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया।

**उद्घाटन मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट का रोमांच**

**ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना सराहनीय पहल : विधायक**

**उद्घाटन** समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल जैसे खेलों का आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे की सीख भी देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।

**टूर्नामेंट** का उद्घाटन मुकाबला ब्लैक टाइगर्स चंदवारा और एसआरके क्लब अम्बादह के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले के बाद पेनाल्टी शूटआउट में ब्लैक टाइगर्स चंदवारा ने जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं, अन्य मुकाबलों में बेलतरी ने बनऊ, टोइया ने पोडो तथा नटराज क्लब ने मचला को पराजित किया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान मैदान में खेल प्रेमियों की अच्छी-खासी भीड़ मौजूद रही।

# ट्राई ब्रेकर में रांची ने बलरामपुर को हराया, फाइनल में बनायी जगह

- आज मोहनिया-भभुआ और रांची के बीच होगा खिताबी मुकाबला, अमन एक्का बने मैन ऑफ द मैच

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भवनाथपुर :** स्थानीय राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में आयोजित अमर शहीद दिशोम गुरु शिबू सोरेन अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में सोमवार को झारखंड की रांची टीम ने छत्तीसगढ़ के बलरामपुर को ट्राई ब्रेकर में 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद ट्राई ब्रेकर का सहारा लिया गया, जिसमें रांची की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत



दर्ज की। रांची के अमन एक्का को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि भवनाथपुर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं केतार थाना प्रभारी चेतन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। मुकाबले को देखने के लिए मैदान में बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे। दर्शकों ने तालियों के साथ दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच में रेफरी की भूमिका विजय सिंह ने निभाई, जबकि लाइंसमैन के रूप में नीलकंठ सिंह एवं सोनू सिंह ने योगदान दिया। लव वर्मा और हेमंत कुमार ने कमेंट्री की। इस अवसर पर युवा शक्ति क्लब के संरक्षक धर्मराज पासवान, अध्यक्ष दीपक वर्मा, अनुपम प्रकाश, गोलू, सोनू कुमार यादव, नीतीश यादव, अमन लाल एवं हिमांशु चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक झलक

### खाद्य वस्तुओं के महंगा होने से खुदरा महंगाई दर सितम्बर में बढ़ कर 5.54 फीसदी पर

**नयी दिल्ली :** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका देने वाली खबर है। खाद्य वस्तुओं के महंगा होने की वजह से सितंबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.54 फीसदी पर पहुंच गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर अगस्त में 4.83 फीसदी के स्तर पर थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक यह लगातार चौथा महीना है, जब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के चार फीसदी के मध्यम-अवधि लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। जनवरी में जारी नई सूचकांक श्रृंखला के तहत सितंबर की महंगाई दर अबतक के सबसे ऊंचे स्तर पर रही। इससे पहले जून माह में खुदरा महंगाई दर 4.38 फीसदी, जुलाई में 4.45 फीसदी और अगस्त में 4.83 फीसदी दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 7.74 फीसदी हो गई, जबकि पिछले महीने अगस्त में यह 5.97 फीसदी रही थी। वहीं, इसी अवधि के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई दर क्रमशः 6.08 फीसदी और 4.88 फीसदी रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई की चिंताओं के बीच नीतिगत दर रेपो रेट को पिछले सप्ताह 0.25 फीसदी से बढ़ाकर 5.50 फीसदी कर दिया था।

### श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने सावधि जमा पर ब्याज दरें बढ़ायीं, नयी दरें लागू

**नयी दिल्ली :** श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी सावधि जमा (एफडी) और फिक्स्ड इन्वेस्टमेंट प्लान (एफआईपी) पर ब्याज दरों में 0.15 फीसदी से 0.40 फीसदी (15 से 40 आधार अंक) तक की बढ़ोतरी की है, जो 11 अक्टूबर से लागू हो गई हैं। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अनुसार 12 महीने की सावधि जमा पर ब्याज दर 6.85 फीसदी से बढ़ाकर अब 7 फीसदी कर दी गई है। अब 15 महीने की डिजिटल तरीके से जमा सावधि जमा पर ब्याज दर 7.10 फीसदी से बढ़ाकर 7.50 फीसदी कर दी गई है। इसी तरह 18 से 23 महीने की जमा पर ब्याज दर 7.05 फीसदी से बढ़ाकर 7.25 फीसदी और 24 से 35 महीने की जमा पर 7.10 फीसदी से बढ़ाकर 7.50 फीसदी कर दी गई है। यह दरें 10 करोड़ रुपये तक की जमा पर लागू होंगी। कंपनी ने कहा कि 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को जमा करते या उसका नवीनीकरण कराते समय लागू दर पर सालाना 0.50 फीसदी का अतिरिक्त सालाना ब्याज मिलता रहेगा। महिला जमाकताओं को सालाना 0.05 फीसदी का अतिरिक्त ब्याज मिलेगा। इसके साथ ही परिपक्व हो चुकी जमा के नवीनीकरण पर सालाना 0.15 फीसदी अतिरिक्त ब्याज दिया जाएगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई ने पिछले हफ्ते बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की वृद्धि की है। यह बढ़कर 5.50 फीसदी हो गई है। नई दरें 11 अक्टूबर से लागू हो गई है।

# सप्ताह के पहले दिन ही लाल हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली :** विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली, ऊंचे स्तर से हुई मुनाफा वसूली और हैवीवेट शेयरों की हुई बिक्री के कारण घरेलू शेयर बाजार आज सप्ताह के पहले दिन ही गिरावट का शिकार हो गया। बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 1,200 अंक से अधिक टूट गया। इसी तरह निफ्टी भी ऊपरी स्तर से 345 अंक से अधिक फिसल गया। हालांकि बाद में खरीदारी के सपोर्ट से इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में कुछ सुधार भी हुआ। इसके बावजूद दोनों सूचकांक गिरावट से उबर नहीं सके। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.76 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बाजार में आज की जोरदार बिकवाली की वजह से शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई।



बीएसई का सेंसेक्स आज 298.99 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 72,771.32 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से शुरूआती मिनट में ही यह सूचकांक 411.92 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 72,884.25 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि यह तेजी टिक नहीं सकी। थोड़ी देर बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स अपनी सारी बढ़त खो कर लाल निशान में गिर गया। शेयरों की लगातार हो रही बिक्री के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 1,208.15 अंक टूट कर 796.23 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 71,676.10 अंक के स्तर तक आ गया। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 248.58 अंक की रिकवरी कर 547.65 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,924.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 72.75 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,593.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने से यह सूचकांक कुछ ही देर में 130.65 अंक यानी 0.58 प्रतिशत उछल कर 22,651.10 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। लगातार हो रही बिक्री की वजह से निफ्टी अपनी बढ़त गंवा कर कुछ देर में ही लाल निशान में पहुंच गया। कारोबार में ज्यादातर समय बिकवालों का पलड़ा भारी रहा, जिसकी वजह से आज का कारोबार खत्म होने के कुछ देर पहले यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 346.65 अंक लुढ़क कर 216 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,304.45 अंक के स्तर तक आ गया। अंत में दिन के सौदों के निपटारे के कारण हुई खरीदारी की मदद से यह सूचकांक दिन के निचले स्तर से 58.90 अंक सुधर कर 157.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,363.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान मीडिया सेक्टर के शेयरों की लगातार खरीदारी होती रही, जिसकी वजह से निफ्टी का मीडिया इंडेक्स 4 प्रतिशत से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों की भी लगातार मांग बनी रही। इसके अलावा रियल्टी, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी सेक्टर के शेयरों की आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से बीएसई का टेक इंडेक्स एक प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। निफ्टी के आईटी इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा बैंकिंग, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

## स्मिथ एंड जोन्स ने रसिका दुग्गल के साथ लॉन्च किया नया कैम्पेन, जिंजर-गार्लिक पेस्ट की गुणवत्ता पर जोर

**रांची :** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रमुख फूड ब्रांड स्मिथ एंड जोन्स ने अभिनेत्री रसिका दुग्गल के साथ नया विज्ञापन कैंपेन लॉन्च किया है। भारत का नंबर-1 कुकिंग पेस्ट बनाने वाले इस ब्रांड का उद्देश्य उपभोक्ताओं को जिंजर-गार्लिक पेस्ट खरीदते समय उसकी गुणवत्ता पहचानने के प्रति जागरूक करना है। बाजार में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के बीच बेहतर पेस्ट चुनने में उपभोक्ताओं की मदद के लिए अभियान में एक आसान विजुअल टेस्ट दिखाया गया है। इसके जरिए गाढ़े पेस्ट और पानी जैसे पतले पेस्ट के बीच अंतर समझाया गया है। अभियान का संदेश है, ह्वहो गया न पेस्ट का पेस्ट और पानी का पानी। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट (पैकेज्ड




फूड्स, कैपिटल फूड्स एंड सोलफुल) दीपिका भान ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य खाना पकाने को आसान और मजेदार बनाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान उपभोक्ताओं को जागरूक करने और बेहतर कुकिंग अनुभव देने की दिशा में एक पहल है। वहीं, द वूम्ब के सीओओ हेवल पटेल ने कहा कि अभियान के जरिए उपभोक्ताओं को अच्छे जिंजर-गार्लिक पेस्ट की पहचान समझाने का प्रयास किया गया है। सही पेस्ट स्वादिष्ट भोजन तैयार करने के लिए बेहतर आधार प्रदान करता है। यह विज्ञापन अभियान टेलीविजन, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जायेगा।

## टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने दूसरी तिमाही में दर्ज की 130 प्रतिशत से अधिक वृद्धि

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में 130 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने जुलाई से सितंबर 2026 के दौरान 419 मेगावाट क्षमता की यूटिलिटी-स्केल परियोजनाएं चालू कीं। पिछले वित्तीय वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 182 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं चालू की थीं। इसके अलावा, कंपनी ने इस अवधि में 131.2 मेगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का भी क्रियान्वयन किया। इन ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में 101.2 मेगावाट घंटे की क्षमता कंपनी की अपनी जरूरतों के लिए विकसित की गई, जबकि शेष 30 मेगावाट घंटे की क्षमता तीसरे पक्ष के ग्राहकों के लिए तैयार की गई है।

## बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार 1.8 करोड़ टन से अधिक

**नयी दिल्ली :** देश के घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार 29 सितंबर से 18 मिलियन टन (1.8 करोड़ टन) से अधिक की मात्रा के साथ स्थिर बना हुआ है। 29 सितंबर को कोयले का भंडार 18.932 मिलियन टन (1.8932 करोड़ टन) था, जो 10 अक्टूबर को घटकर 18.205 मिलियन टन (1.8205 करोड़ टन) रह गया है। कोयला मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भंडार में स्थिरता से पता चलता है कि बिजली घरों में कोयले की आपूर्ति उनकी दैनिक खपत के अनुरूप बनी हुई है। इसके साथ ही कम कोयला भंडार वाले बिजली घरों में आपूर्ति पर करीबी से नजर रखी जा रही है। इसके अलावा जरूरत के आधार पर कम



भंडार वाले बिजली घरों को कोयले का पुनर्वितरण किया जा रहा है, ताकि पर्याप्त आपूर्ति तथा निर्बाध बिजली उत्पादन सुनिश्चित हो सके। मंत्रालय ने कहा कि अधिक मालगाड़ियों में कोयला लादे जाने के कारण चालू महीने में घरेलू बिजली घरों में कोयले का भंडार घटने की रफ्तार काफी धीमी हुई है। सितंबर में पूरे महीने कोयले का भंडार करीब 72.8 लाख टन घटा था। इस दौरान औसतन प्रतिदिन लगभग 2.4 लाख टन की कमी आई। मंत्रालय ने बताया कि अक्टूबर के पहले 10 दिन में कोयले का भंडार कुल मिलाकर केवल करीब 5.6 लाख टन घटा। इस दौरान प्रतिदिन औसतन करीब 60 हजार टन की कमी आई है। कोयला मंत्रालय के अनुसार मालगाड़ियों में कोयला लादने की संख्या बढ़ने से स्थिति में सुधार हुआ है। इस साल एक से 10 अक्टूबर के दौरान बिजली क्षेत्र के लिए प्रतिदिन औसतन 469 रैक (मालगाड़ियों के डिब्बे) में कोयला लादा गया है, जबकि सितंबर में यह औसत 426 रैक था। इस तरह इसमें करीब 10 फीसदी की वृद्धि हुई। अक्टूबर में प्रतिदिन औसतन 447 से 482 रैक के बीच कोयला लादा गया। मंत्रालय ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप अक्टूबर में बिजली क्षेत्र को प्रतिदिन औसतन 24.9 लाख टन कोयले की वास्तविक आपूर्ति हुई, जबकि सितंबर में यह 22.1 लाख टन प्रतिदिन थी। मंत्रालय ने कहा कि इस महीने में 10 अक्टूबर तक कोयले की वास्तविक आपूर्ति 23.7 लाख टन प्रतिदिन की निर्धारित योजना से अधिक रही। 10 में से नौ दिन आपूर्ति निर्धारित लक्ष्य से ऊपर रही। कोयला मंत्रालय पर्याप्त कोयला भंडार बनाए रखने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल), रेल मंत्रालय और बिजली कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि कोयले की निकासी तथा आपूर्ति लगातार बनी रहे।

## वॉल्वो की इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स90 लॉन्च, कीमत 1.26 करोड़

**जमशेदपुर :** वॉल्वो कार इंडिया ने अपनी नई इलेक्ट्रिक लग्जरी एसयूवी ईएक्स90 भारतीय बाजार में लॉन्च की है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1.26 करोड़ रुपये है। छह सीटों वाली यह कंपनी की पहली सॉफ्टवेयर आधारित कार है। इसकी बुकिंग शुरू हो गई है। नवंबर 2026 से टेस्ट ड्राइव और जनवरी 2027 से डिलीवरी शुरू होगी। 31 दिसंबर तक बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को 11 किलोवॉट का होम चार्जर और तीन साल का सर्विस पैकेज मिलेगा। तीन साल बाद कार की कीमत के 65 प्रतिशत तक बायबैक का विकल्प भी दिया जायेगा।




ईएक्स90 में बड़ी बैटरी और दो इलेक्ट्रिक मोटर हैं। यह 456 हॉर्सपावर की ताकत देती है और महज 5.5 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। कंपनी के अनुसार, एक बार फुल चार्ज होने पर यह 725 किलोमीटर तक चल सकती है। इसमें 14.5 इंच की टचस्क्रीन, गूगल मैप्स, मोबाइल कनेक्टिविटी और बेहतर साउंड सिस्टम दिया गया है। कैमरे और सेंसर पार्किंग, रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानने और टक्कर से बचने में मदद करते हैं। कंपनी ने इलेक्ट्रिक सेडान ईएस90 की झलक भी दिखाई।

## बिग बॉस बांग्ला में छाया 'द गोल्डन डाकू' का जलवा! शिबोप्रसाद मुखर्जी और कौशानी मुखर्जी ने सौरव गांगुली से की मुलाकात



**मुंबई :** बोहुरूपी- द गोल्डन डाकू की दुनिया से शिबोप्रसाद मुखर्जी और कौशानी मुखर्जी ने बिग बॉस बांग्ला के सेट पर खास मौजूदगी दर्ज कराई, जहां उनकी मुलाकात दिग्गज क्रिकेटर सौरव गांगुली से हुई। बंगाल के सिनेमा जगत की लोकप्रियता और क्रिकेट के इस दिग्गज सितारे के अंदाज का यह संगम बेहद खास रहा। दुर्गा पूजा पर रिलीज होने जा रही फिल्म से पहले इस मुलाकात ने दर्शकों के उत्साह को और बढ़ा दिया। शिबोप्रसाद मुखर्जी ने कहा, बिग बॉस बांग्ला के सेट पर सौरव दा से मिलना वाकई एक बेहद खास अनुभव रहा। सौरव दा हमेशा से ऐसे आइकन रहे हैं, जिन्हें पूरा बंगाल सम्मान और प्रेरणा के साथ देखता है। ऐसे में, बोहुरूपी- द गोल्डन डाकू को दर्शकों तक पहुंचाने की तैयारी के बीच उनके साथ एक मंच साझा करना इस पल को और भी खास बना गया। सौरव गांगुली की शानदार मौजूदगी और बोहुरूपी-द गोल्डन डाकू की टीम की जबरदस्त ऊर्जा ने इस मुलाकात को फिल्म के प्रचार अभियान का एक और यादगार पल बना दिया।

## गोयल ने 2030 तक भारत-यूके के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के कारोबारियों से कहा कि वे भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार एग्रीमेंट (सीईटीए) से बने मौकों का इस्तेमाल व्यापार, निवेश, पार्टनरशिप और रोजगार बढ़ाने में करें। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित 16वें भारत-यूके संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति (जेटको) की बैठक के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने साल 2030 तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का भी आह्वान किया।



भारत-यूके संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति (जेटको) की 16वें सेशन के तहत जेटको बिजनेस प्लेनरी को संबोधित करते हुए गोयल ने बताया कि दोनों देशों को 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना करने और 'भारत-यूके के विजन 2035' को ज्यादा आर्थिक महत्वाकांक्षा और सहयोग के लिए एक रूपरेखा को बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने अपने संबोधन में भारत और यूके की एक-दूसरे की पूरक खूबियों पर जोर दिया और व्यापार में विविधता लाने तथा निर्यात के नए मौकों को तलाशने का भी आह्वान किया। गोयल ने भारत-यूके सहयोग के लिए पांच प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की, जिनमें स्वच्छ ऊर्जा और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं। वहीं, यूके के व्यापार, इनोवेशन, विज्ञान और व्यापार मामलों के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, जोनाथन रेनॉल्ड्स ने भारत-यूके व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सीईटीए को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भारत-यूके आर्थिक संबंधों के अगले चरण के तौर पर टेक्नोलॉजी सहयोग को रेखांकित किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार, नवाचार, विज्ञान एवं व्यापार राज्य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ में 16वीं भारत-ब्रिटेन संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति (जेटको) की बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## पेज एक के शेष

**मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ दाखिल हुई याचिका...**
ने आगे कहा...'हम शांतिपूर्ण ढंग से, गांधीवादी तरीके से बोलना चाहते हैं, लेकिन पुलिस युवाओं पर लाठियां बरसा रही है। नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, यह गलत है। मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट को हमारी सुनवाई करनी चाहिए, ताकि सही कदम उठाये जा सकें। सीईसी को इस पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। यह सरकार खुद को बचाने के लिए पुलिस को आगे बढ़ा रही है।'

**जेल जाने तक विरोध जारी रहेगा**
**इंडिया** ब्लॉक के विरोध मार्च के दौरान समाजवादी पार्टी सांसद आनन्द भदौरिया ने कहा कि यह मार्च सुप्रीम कोर्ट की ओर बढ़ रहा है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की जा रही है और उन्हें जेल भेजने के लिए कार्रवाई की मांग की जा रही है। यह संघर्ष और विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक वह इस्तीफा नहीं दे देते और जेल नहीं भेजे जाते।

**न मंजूरी दी और न ही किया खारिज, हमारे मुंह में अपने शब्द न डालें...**
सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत की टिप्पणियों को संवैधानिक फैसला नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के पीठ ने साफ कहा कि संशोधित फॉर्म-6 पर कोई निर्णय नहीं दिया गया है। अदालत ने कहा, 'मंजूरी मिली या नहीं, यह बात वहां नहीं थी। हमारे मुंह में अपनी बात न डालें।'
न्यायमूर्ति बागची ने स्पष्ट किया कि पांच अक्टूबर को मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी का आशय केवल इतना था कि जब अदालत ने बिहार में एसआईआर से जुड़ा फैसला सुनाया था, तब संशोधित फॉर्म उपलब्ध नहीं था। उस टिप्पणी से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि अदालत ने फॉर्म को मंजूरी दी थी या नहीं। पीठ ने कहा कि अब मामला उसके संज्ञान में आ गया है, इसलिए इसकी जांच की जायेगी। साथ ही, याचिका को एसआईआर से सम्बन्धित अन्य मामलों के साथ 27 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये।
पांच अक्टूबर की सुनवाई के दौरान अदालत ने फॉर्म-6 में किये गये बदलावों को लेकर रिकॉर्ड मांगे थे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बदलाव किसने मंजूर किये और उसमें क्या शामिल था। निर्वाचन आयोग के ईसीआईनेट और ईआरओनेट पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन फॉर्म में कथित बदलावों को चुनौती देनेवाली याचिका पर अदालत ने नोटिस भी जारी की थी।
विवाद फॉर्म-6 में जोड़े गये अतिरिक्त घोषणा-पत्र को लेकर है। इसमें आवेदकों से पूछा जाता है कि क्या उनका या उनके माता-पिता अथवा दादा-दादी या नाना-नानी का नाम पिछली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान तैयार मतदाता सूची में शामिल था। यह घोषणा ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में जोड़ी गयी थी। इसके कानूनी आधार और नये मतदाताओं सहित मतदाता सूची में फिर नाम दर्ज करानेवालों पर पड़नेवाले प्रभाव को लेकर सवाल उठाये गये हैं। अब सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को इस मुद्दे पर सुनवाई करेगा।

**राहुल गांधी और कांग्रेस न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं : अनुराग ठाकुर...**
निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें न्यायालयों में पहले भी कई मामलों में झटके लगे हैं और कुछ मामलों में माफी भी मांगनी पड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अब सड़कों पर उतर कर बार-बार एक ही बात को दोहराने के जरिये उसे समाज के सामने सच साबित करना चाहते हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका का सम्मान किया जाना चाहिए और किसी भी मामले में असहमति होने पर निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अपनी राजनीतिक मांगों के लिए न्यायिक व्यवस्था पर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है।
उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस से न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करने तथा चुनावी अनियमितताओं से जुड़े आरोपों को उचित कानूनी मंच पर उठाने की अपील की।

**दिल्ली का जंतर-मंतर अब प्रदर्शन स्थल नहीं...**
के विरोध-प्रदर्शन के अधिकार को ध्यान में रखते हुए जंतर-मंतर के विकल्प तलाशने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।
दिल्ली पुलिस ने कहा कि रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी मैदान में धरना-प्रदर्शन आयोजित करने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अलग से जारी की जायेगी। इसमें प्रदर्शन की अनुमति लेने, आयोजन की शर्तों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से सम्बन्धित दिशा-निर्देश निर्धारित किये जायेंगे।
यह आदेश 28 अप्रैल 2022 को जारी स्थायी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जारी किया गया है। इसकी प्रतियां दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी जिला पुलिस इकाइयों को भेज दी गयी हैं।
जंतर-मंतर लम्बे समय से विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और अन्य समूहों के धरना-प्रदर्शन का प्रमुख स्थल रहा है। यहां प्रदर्शन आयोजित करने के लिए पहले से पुलिस की अनुमति लेना और निर्धारित शर्तों का पालन करना अनिवार्य था। नये आदेश के बाद प्रदर्शनकारियों को निर्धारित वैकल्पिक स्थलों पर लागू नियमों के अनुसार अनुमति लेनी होगी।

**जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए 24 घंटे में अनुमति नहीं मिली, तो फिर करेंगे आन्दोलन : सीजेपी...**
दिल्ली पुलिस स्वयं सीजेपी को प्रदर्शन के लिए उपयुक्त तारीख और समय तय कर सूचित करे।
सीजेपी के सह-संयोजक आशुतोष रांका और राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरव दास सोमवार को प्रदर्शन की अनुमति मांगने पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस थाने पहुंचे थे।
सौरव दास ने पत्रकारों से कहा, 'पुलिस आमतौर पर सभी से 10 दिन पहले सम्पर्क करने को कहती है। अब हमने विकल्प उनके सामने रखा है कि वे खुद हमें जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के लिए तारीख और समय बतायें। हम इस पर निर्णय लेने के लिए पुलिस प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दे रहे हैं।'

**भारत आज पहली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा...**
ऐतिहासिक बैठक की मेजबानी करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहा है और वह सदस्य देशों के गृह मंत्रियों तथा उनके प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करता है। यह बैठक क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने के साझा संकल्प को दर्शाती है।
गृहमंत्री ने कहा कि सदस्य देशों के बीच प्रभावी समन्वय के माध्यम से आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध, कट्टरपंथ, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, अवैध वित्तीय गतिविधियों और साइबर खतरों से निपटने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे।

**विधानसभा अध्यक्ष समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने दी रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि...**
जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की माता स्वर्गीय रूपी सोरेन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पारम्परिक रीति-रिवाजों के अनुरूप परिजनों के साथ निभायी रस्म...**
परिजनों के साथ रस्म निभायी। इस दौरान उन्होंने अपनी दिवंगत माता का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

**चुटूपालू घाटी में पिता और बेटे-बहु की मौत, दो गंभीर...**
और कार चालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस हृदयविदारक घटना से हर किसी की आंखें नम हैं।
हजारीबाग शहर के मिशन स्कूल रोड स्थित सैंडवेल नर्सिंग होम के समीप रहनेवाले 70 वर्षीय प्रिमांशु चक्रवर्ती भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से सेवानिवृत्त थे। रविवार को वह अपनी 60 वर्षीय पत्नी रीना चक्रवर्ती के साथ बेंगलुरु से आए अपने 35 वर्षीय बेटे प्रियांशु चक्रवर्ती और बहू प्रोनाई चक्रवर्ती (32) को लेने रांची गये थे। परिवार को साथ लेकर हजारीबाग लौटते समय चुटूपालू घाटी में उनकी कार हादसे का शिकार हो गयी।
रामगढ़-रांची लेन पर एक कंटेनर ने उनकी बलेनो कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पिता, बेटे और बहू की जान चली गयी। पत्नी रीना चक्रवर्ती और कार चालक राजू कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिस घर में बेटे-बहू के आने से खुशियां लौटनेवाली थीं, वहां अब मातम पसरा है। यह हादसा केवल तीन जिन्दगियों का अंत नहीं, बल्कि एक परिवार के सपनों और खुशियों का भी बिखर जाना है। बेटे-बहू को घर लाने निकले पिता का अपने परिवार के साथ लौटने का सपना चुटूपालू घाटी में हमेशा के लिए टूट गया। हादसे की खबर ने हजारीबाग में शोक की लहर पैदा कर दी।

**हथियार और 54 जिन्दा कारतूस के साथ टीएसपीसी का सदस्य गिरफ्तार...**
आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सन्नी वर्धन के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गयी।
एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम सूचना के आधार पर चतरा-सिमरिया मुख्य मार्ग स्थित साई नाथ लाइन होटल के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद एक व्यक्ति जंगल की ओर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किये गये।
पूछताछ के दौरान आरोपित की निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखे गये कारतूस भी बरामद किये गये।
एसपी अनिमेष नैथानी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित को टीएसपीसी के एक नक्सली ने हथियार और कारतूस रखने के लिए दिये थे। उन्होंने बताया कि आरोपित तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) से जुड़ा हुआ था और राहुल दुबे गैंग के संपर्क में भी था। इस मामले में सदर थाना कांड संख्या 421/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए, 26 और 35 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सन्नी वर्धन, सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार और सदर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**जेपीएससी की तीन परीक्षाओं की नियुक्ति रद्द करने के मामले में हाई कोर्ट में फैसला सुरक्षित...**
परीक्षा में कथित अनियमितताओं के लिए दोषी और निर्दोष अभ्यर्थियों को अलग-अलग किया जा सकता है या पूरी चयन प्रक्रिया इस हद तक प्रभावित हुई है कि ऐसा करना सम्भव नहीं है। प्रार्थियों, हस्तक्षेपकर्ताओं और राज्य सरकार ने अपना-अपना पक्ष रख दिया है। अदालत अब तथ्यों का विश्लेषण कर आदेश पारित करेगी।
प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने दलील दी कि 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा, सीडीपीओ और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की परीक्षाएं आयोजित करानेवाली एजेंसी टीडीपीएल को अनियमितता में शामिल साबित किये बिना पूरी चयन प्रक्रिया रद्द करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि एजेंसी की भूमिका की जांच अभी जारी है और उसे अनियमितता की साजिश में शामिल मानना जांच का विषय है।
प्रार्थियों की ओर से यह भी कहा गया कि नियुक्तियां हो जाने के बाद उन्हें रद्द करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। सामूहिक रूप से अधिसूचना जारी कर सभी सफल अभ्यर्थियों की नियुक्तियां रद्द नहीं की जा सकतीं।
हस्तक्षेपकर्ता की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने आरोप लगाया कि 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा और सीडीपीओ परीक्षा में शामिल एजेंसी टीडीपीएल ने कथित तौर पर 50-50 लाख रुपये लेकर कई अभ्यर्थियों को पास कराया।
राज्य सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा और महाधिवक्ता रोहित राय ने अदालत को बताया कि परीक्षाओं में अनियमितताओं के संकेत कई बिन्दुओं से मिले हैं। सरकार के अनुसार, इसके समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य और दस्तावेज मौजूद हैं। सीआईडी की जांच के दौरान कई गिरफ्तारियां हुई हैं और जांच में परीक्षा में पैसे के लेनदेन से जुड़े तथ्य सामने आये हैं। सरकार की ओर से अदालत में सीलबंद रिपोर्ट भी पेश की गयी।
पिछली सुनवाई में जेपीएससी की ओर से कहा गया था कि परीक्षाओं में सुनियोजित तरीके से अनियमितताएं हुईं और चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हुई। आयोग ने दलील दी थी कि जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आने के बाद यह पता लगाना मुश्किल है कि चयनित अभ्यर्थियों में कौन दोषी है और कौन निर्दोष। ऐसे में सरकार को नियुक्तियां रद्द करने का अधिकार है।
याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार के उन फैसलों को चुनौती दी है, जिनके तहत सिविल सेवा परीक्षा-2023 (विज्ञापन संख्या 01/2024), खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती (विज्ञापन संख्या 18/2023) और सीडीपीओ भर्ती (विज्ञापन संख्या 21/2023) की नियुक्तियां रद्द की गयी हैं। सोमवार को सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने इन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## एक झलक

### साउथ कोरिया ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट

**सियोल :** साउथ कोरिया ने अपने घरेलू स्तर पर विकसित हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन का पहला सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण अक्टूबर 2026 में हुआ जिसमें मिसाइल ने 6174 किमी से अधिक गति पर मैन्यूवर किए और समुद्र में लक्ष्य को सटीक रूप से भेदा। यह उपलब्धि देश की रणनीतिक रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। परीक्षण में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल ने बूस्टर से अलग होने के बाद निर्धारित उड़ान पथ पूरा किया। यह ऊंचाई से नीचे उतरकर हॉरिजोंटल और वर्टिकल दिशा में बदलाव करते हुए लक्ष्य तक पहुंचा। यह परीक्षण उच्च तापमान सहन करने वाली सामग्री, मार्गदर्शन प्रणाली और नियंत्रण तकनीक की जांच के लिए किया गया। राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने खुद इस परीक्षण को देखा। साउथ कोरिया इसे प्रायद्वीप पर महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर अचानक सटीक हमला करने में सक्षम रणनीतिक संपत्ति बता रहा है। उत्तर कोरिया ने 2022 में अपना पहला सफल परीक्षण किया था।

### होर्मुज में जहाज पर हमला, 2 भारतीय लापता

**सोहर :** होर्मुज स्ट्रेट के पास भारतीय क्रू वाले एक टैंकर पर ड्रोन से हमला हुआ। जहाज पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से 9 को बचा लिया गया, जबकि 2 अब भी लापता हैं। पिछले 3 दिनों में इस क्षेत्र में भारतीय क्रू वाले 3 जहाजों पर हमले हुए हैं। इनमें से एक हमला एमटी वाल्थेरा पर हुआ था, जिसके बाद जहाज में आग लग गई थी। भारत ने जहाजों पर होने वाले हमले तुरंत रोकने को कहा है। निकारागुआ के झंडे वाले टैंकर एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ओमान के सोहर बंदरगाह के पास जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा है कि भारतीय अधिकारी स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर लापता नाविकों को खोजने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय दूतावास भी मामले पर नजर रख रहा है और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। फिलहाल हमले के पीछे किसका हाथ है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

### चीन सबसे ज्यादा सोना रखनेवाला 5वां देश

**बीजिंग :** चीन दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा सोना रखने वाला देश बन गया है। चीन ने रूस को पीछे छोड़ दिया है और उससे आगे अब सिर्फ अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस है। फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म द कोबेसी लेटर के मुताबिक, चीन के पास अब सोने का 2,410 टन रिजर्व हो गया है और वह दुनिया के टॉप-3 देशों में शामिल होने से बस थोड़ा ही दूर है। फ्रांस के पास 2,437 टन और इटली के पास 2,452 टन सोना है। यानी चीन फ्रांस से सिर्फ 27 टन और इटली से 42 टन पीछे है। चीन का केंद्रीय बैंक यानी पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना लगातार सोना खरीद रहा है। अगर यह खरीदारी लगातार रहती है तो इस साल के अंत तक वह फ्रांस और इटली को भी पीछे छोड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगा।

### सऊदी अरब पर 10 साल में सबसे बड़ा हमला

**रियाद :** यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार रात सऊदी अरब में रियाद एयरपोर्ट पर हमला किया। इसमें एक भारतीय समेत 13 लोग मारे गए और 300 से ज्यादा घायल हुए। इसके बाद सऊदी सरकार ने रियाद एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल फ्लाइट्स का संचालन रोक दिया। हालांकि अगले ही दिन रविवार को हूती विद्रोहियों ने घरेलू उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाले टर्मिनल पर हमला कर दिया। इसमें एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। 10 अक्टूबर को रियाद एयरपोर्ट पर हुआ हमला पिछले एक दशक में सऊदी अरब पर सबसे बड़ा हमला था। इससे पहले मई 2015 में एक सऊदी के कातिफ में एक शिया मस्जिद पर हमला हुआ था जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी।

# नौसेना में शामिल हुआ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'मंगरोल'

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में निर्मित तीसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'मंगरोल' आज औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े का हिस्सा बन गया। मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में इंडक्शन सेरेमनी में कमीशन किया गया यह जहाज भारतीय नौसेना की एंटी-सबमरीन वारफेयर क्षमताओं को मजबूत करेगा, जहां तटीय पानी में बड़े वॉरशिप को ऑपरेशनल दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके शामिल होने से नौसेना की पोर्ट, हार्बर और तटीय रास्तों की सुरक्षा करने की क्षमता बढ़ने के साथ ही बड़े फ्लीट ऑपरेशन में भी मदद मिलेगी। मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में इस सेरेमनी की अध्यक्षता वेस्टर्न नेवल कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नौसेना और रक्षा अधिकारी, रक्षा मंत्रालय और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के प्रतिनिधि और देसी हथियार और सेंसर बनाने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। गुजरात के जूनागढ़ जिले के एक तटीय शहर और प्रमुख मछली पकड़ने के बंदरगाह मंग्रोल के नाम पर निर्मित यह जहाज पूर्ववर्ती आईएनएस मंग्रोल (एम-85) की विरासत को आगे बढ़ाता है। जहाज के नामकरण से नौसेना ने अपने पूर्व युद्धपोतों की विरासत को संरक्षित करने की परंपरा को जारी रखी है। इस



■ बंदरगाहों और तटीय रास्तों की सुरक्षा क्षमता बढ़ेगी, बड़े फ्लीट ऑपरेशन में भी मदद मिलेगी

पूर्ववर्ती जहाज ने 07 अप्रैल 2004 तक भारतीय नौसेना की सेवा की थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से बना मंगरोल युद्धपोत डिजाइन, कंस्ट्रक्शन और एडवांस्ड हथियारों और सेंसर के इंटीग्रेशन में भारत की बढ़ती क्षमताओं का प्रतीक है। सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत 80 फीसदी स्वदेशी सामग्री से निर्मित यह जहाज, डिफेंस शिपबिल्डिंग में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। तटीय और उथले पानी में पानी के नीचे के खतरों का पता लगाने और उनका मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया मंगरोल मॉडर्न हथियारों और सेंसर से लैस है, जिसमें अभय हल-माउंटेड सोनार, हल्के टॉरपीडो, एक स्वदेशी एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर और मारीच एडवांस्ड टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम शामिल हैं। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के मुताबिक आईएनएस मंगरोल में एडवांस्ड सोनार, टॉरपीडो और एएसडब्ल्यू रॉकेट लगे हैं, ताकि तटीय पानी में सबमरीन का शिकार किया जा सके। वाटर जेट प्रोपल्शन वाले तीन डीजल इंजन से चलने वाला यह जहाज उथले पानी में ऑपरेशन के लिए बहुत ज्यादा मैनुवरेबिलिटी देता है। यह पानी के नीचे निगरानी, कम इंटेंसिटी वाले समुद्री ऑपरेशन और माइन वारफेयर से जुड़े काम करने में भी सक्षम है। यह जहाज सबमरीन खतरों का पता लगाने और उनका मुकाबला करने के लिए मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर और दूसरे वॉरशिप के साथ काम कर सकता है। बदलते समुद्री सुरक्षा माहौल में पानी के नीचे बढ़ते खतरों के बीच मंगरोल का शामिल होना नौसेना की एंटी-सबमरीन वारफेयर क्षमताओं को मजबूत करने में एक अहम मील का पत्थर है।

# विचारशून्य नेतृत्व है कांग्रेस की हार का कारण : शिवराज

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि कांग्रेस की हार का कारण चुनाव आयोग नहीं, बल्कि पार्टी का विचारशून्य एवं गैरजिम्मेदाराना नेतृत्व है तभी कांग्रेस अपनी चुनावी विफलताओं की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर दोष मढ़ रही है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कांग्रेस पर लगातार चुनावी हार से निराश होकर संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस का लगातार चुनाव हारना और उसके बाद आंदोलन के जरिए अपनी नाराजगी सड़कों पर जाहिर करना उसकी राजनीतिक कार्यशैली बन गई है। उन्होंने असम, त्रिपुरा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के चुनावी परिणामों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के नेतृत्व पर सवाल उठाए।

भाजपा नेता ने कांग्रेस की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पार्टी की हालत अब ऐसी हो गई है कि वह अपनी कमियों को स्वीकार करने के बजाय दूसरों को जिम्मेदार ठहराती है। उन्होंने कहा, 'नाच न जाने, आंगन टेढ़ा।' चौहान ने कहा कि कांग्रेस को अपनी हार के कारणों की समीक्षा करनी चाहिए, न कि चुनाव आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने चाहिए।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने दावा किया कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति कमजोर हुई है। उन्होंने गुजरात, नागालैंड, गोवा और दिल्ली में पार्टी की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस अब कई राज्यों में अपने सहयोगियों के मुकाबले कमजोर हो चुकी है। उन्होंने झारखंड से लेकर तमिलनाडु तक विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाए और कहा कि कई राज्यों में कांग्रेस को जूनियर पार्टनर के तौर पर काम करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, कांग्रेस को अपनी राजनीतिक स्थिति सुधारने के लिए नेतृत्व और विचारधारा के स्तर पर आत्ममंथन करने की जरूरत है। भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश के लोगों के दिलों पर राज करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठे आरोपों के जरिए सत्ता हासिल करना चाहती है और चुनावी जनादेश को स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं को विवाद में घसीटती है।

चौहान ने कांग्रेस पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस की राजनीतिक प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सेना आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करती है, तो कांग्रेस सेना की कार्रवाई पर सवाल उठाती है।

शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर देश को कमजोर करने वाली ताकतों के साथ खड़े होने का आरोप लगाया। उन्होंने जॉर्ज सोरोस और एलन मस्क का उल्लेख करते हुए विपक्षी नेताओं की भूमिका पर सवाल उठाए।



## धन-धान्य कृषि योजना में मप्र के टीकमगढ़ जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**भोपाल/टीकमगढ़ :** कृषि उत्पादन बढ़ाने, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के लिए मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत मिली इस उपलब्धि के साथ जिले में गेहूं उत्पादन बढ़कर 6.92 लाख मीट्रिक टन पहुंच गया है। उड़द की बोवनी का रकबा भी निर्धारित लक्ष्य से 16.68 प्रतिशत अधिक दर्ज किया गया है। नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को सम्मान प्रदान किया। योजना का एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के पांच जिलों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। टीकमगढ़ के अलावा उमरिया, सीधी, शहडोल और डिंडोरी जिलों के कलेक्टरों को भी सम्मानित किया गया। इन जिलों का चयन कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर किया गया है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि केंद्र सरकार योजना के तहत चयनित जिलों की प्रगति की नियमित मासिक समीक्षा करती है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में गरजे बहादुरगढ़ के कांग्रेसी

श्रीओम शर्मा

**बहादुरगढ़ :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित कांग्रेस के प्रदर्शन में बहादुरगढ़ से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और चुनाव आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर दिल्ली पहुंचे।


■ पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में लिया भाग

कांग्रेस की ओर से आयोजित प्रदर्शन के दौरान 'वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ' का नारा बुलंद किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही को लोकतंत्र के लिए आवश्यक बताया। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के मत की अहम भूमिका होती है और चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास बनाए रखना जरूरी है।

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव आयोग की निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। चुनाव आयोग एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है, इसलिए उसकी कार्यप्रणाली को लेकर उठने वाले सवालों का उचित जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस देशभर में आवाज उठा रही है। पार्टी का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए अपनी मांगों को मजबूती से उठाना है।

## आदित्य-अमित ठाकरे पर एफआईआर दर्ज

**मुंबई :** मुम्बई पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) नेता और विधायक आदित्य ठाकरे और एमएनएस नेता अमित ठाकरे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दोनों नेताओं के खिलाफ यह एफआईआर पुलिस कार्रवाई का विरोध करने को लेकर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में शिवसेना (यूबीटी) नेता और विधायक आदित्य ठाकरे और एमएनएस नेता अमित ठाकरे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कल शिवाजी पार्क में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान जब पुलिस ने लोगों को हिरासत में लेना शुरू किया, तो आदित्य ठाकरे और अमित ठाकरे ने इस कार्रवाई का विरोध किया और खुद भी प्रदर्शन में शामिल हो गए।

### उत्तर रेलवे ने त्योहारों पर यात्रियों को दी राहत

# शकूर बस्ती-मानसी जंक्शन के बीच 8-8 फेरे लगायेगी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आगामी त्योहारों के दौरान उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए शकूर बस्ती और मानसी जंक्शन के बीच अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 04406/04405 दोनों दिशाओं में कुल आठ-आठ फेरे लगाएगी। इससे त्योहारों के दौरान दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

उत्तर रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 04406 शकूर बस्ती-मानसी जंक्शन अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल शकूर बस्ती से 5, 6, 7, 10, 11, 12, 13 एवं 14 नवंबर को रवाना होगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04405 मानसी जंक्शन-शकूर बस्ती अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल मानसी जंक्शन से 7, 8, 9, 12, 13, 14, 15 एवं 16 नवंबर को चलेगी।

# एनआईए ने श्रीनगर में पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने के लिए इस्तेमाल की गयी प्रॉपर्टी की जब्त

एजेंसी

**श्रीनगर :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने श्रीनगर के हजरतबल जिले के दानिहामा गांव स्थित खसरा संख्या 315 में गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा गैस की आवासीय संपत्ति को जब्त कर लिया है। एनआईए के अनुसार यह मामला आरसी-02/2026/एनआईए/जम्मू से संबंधित है और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैबा (एलईटी) से जुड़े सीमा पार आतंकवादी षड्यंत्र से संबंधित है और यह आतंकवादियों को पनाह देने के लिए इस्तेमाल की गई प्रॉपर्टी के रूप में शामिल है। एनआईए के महानिदेशक की आवश्यक पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के बाद संपत्ति को शहरी अतिक्रमण अधिनियम 1967 की धारा 25 के तहत जब्त किया गया है। बयान में कहा गया है कि जांच में संपत्ति और आतंकवादी षड्यंत्र के बीच सीधा संबंध स्थापित हुआ है, क्योंकि परिसर का कथित तौर पर पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने और आतंकी नेटवर्क से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री को छिपाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। यह मामला मूल रूप से 31 मार्च को श्रीनगर के जकोरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर संख्या 24/2026 के रूप में दर्ज किया गया था, जिसे बाद में राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में लेकर पुनः पंजीकृत किया।




## पंजाब सीएम के ओएसडी घुम्मन की गिरफ्तारी पर रोक

**चंडीगढ़ :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं होगी और जांच जारी रहेगी। साथ ही, सीबीआई को नोटिस जारी किया है। यह मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन समेत अन्य लोगों पर आरोप है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय में ट्रांसफर-पोस्टिंग और नीतिगत मामलों में दखल देकर कथित भ्रष्टाचार कर रहे थे।

# 15 साल बाद आयेगा 'द डर्टी पिक्चर' का सीक्वल

**मुंबई :** विद्या बालन की सुपरहिट फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है। फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने 'द डर्टी पिक्चर 2' बनाने की पुष्टि की है। पिछले कई वर्षों से वह इस सीक्वल पर विचार कर रही थीं, लेकिन कहानी को लेकर संतुष्ट होने के बाद ही आगे बढ़ना चाहती थीं। बातचीत के दौरान एकता ने कहा कि वह लंबे समय से फिल्म के दूसरे भाग की योजना बना रही थीं। अब उन्हें लगता है कि उनके पास ऐसी कहानी है, जिसे दर्शकों के सामने लाया जाना चाहिए। उन्होंने इसे अपनी प्रमुख फिल्मों में से एक बताते हुए कहा कि वह करीब 15 साल बाद इस फिल्म को बनाने की तैयारी में हैं। हालांकि, उन्होंने सीक्वल की कहानी और उसके किरदारों को लेकर ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की। 'द डर्टी पिक्चर' में विद्या बालन ने दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता से प्रेरित किरदार निभाया था। फिल्म में इमरान हाशमी, नसीरुद्दीन शाह और तुषार कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। सीक्वल में कौन से कलाकार दिखाई देंगे, इसका निर्देशन कौन करेगा और फिल्म कब रिलीज होगी, इन सवालों के जवाब अभी सामने नहीं आए हैं। एकता ने इतना जरूर संकेत दिया है कि इस बार कहानी किसी एक व्यक्ति के जीवन पर आधारित होगी।



# बीजापुर में ओडिशा के 04 और बस्तर के 02 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पड़ोसी राज्य ओडिशा में सक्रिय 04 नक्सली और बस्तर डिवीजन के 02 नक्सलियों ने डीआरजी बीजापुर एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहयोग से बीजापुर पुलिस के समक्ष आज सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव, संगठन के विघटन के साथ ही संगठन की हिंसक एवं जनविरोधी विचारधारा से मोहभंग होने पर नक्सलियों ने पुनर्वास का फैसला लिया। पूर्व साथियों के भी सफल पुनर्वास को देख इन 06 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। बीजापुर जिले में संचालित पुनर्वास एवं कौशल विकास कार्यक्रमों का इसे सकारात्मक परिणाम बताया जा रहा है।

बीजापुर एसपी उमेश कुमार गुप्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले कई कैडर अलग-अलग मुठभेड़ों, पुलिस कैंपों पर हमलों और सुरक्षाबलों के खिलाफ संचालित गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा और अन्य क्षेत्रों की घटनाएं शामिल हैं।



बीजापुर पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों में 8 लाख की इनामी रानी सोढ़ी उर्फ संध्या, उम्र 30 वर्ष, निवासी -गोरना बटटूमपारा, थाना बीजापुर, संगठन ओडिशा राज्य, कंपनी नंबर 08 पीपीसीएम, 2. आठ लाख का इनामी पांडो पोड़ियम उर्फ सस्मिता, उम्र 28 वर्ष, निवासी -नेलनार मंतूपारा, थाना ओरछा, जिला नारायणपुर, संगठन ओडिशा राज्य, कंपनी नंबर 08 पीपीसीएम 3. आठ लाख का इनामी सुक्कू कुड़ियम उर्फ संतोष, उम्रः 27 वर्ष, निवासी - सागमेटा ईमलीपारा, थाना फरसेगढ़, जिला बीजापुर, संगठन ओडिशा राज्य, कंपनी नंबर 08 पीपीसीएम/ उड़ीसा राज्य सीसीएम गणेश उईका का सुरक्षा गार्ड, 4. आठ लाख का इनामी कोसा माड़वी उर्फ सतीश, उम्र 30 वर्ष, निवासी - पोनडवाया, थाना भैरमगढ़, जिला बीजापुर, संगठन कंपनी नंबर 02, पीपीसीएम/ ए-सेक्शन कमांडर शामिल हैं।

आत्म समर्पित नक्सलियों में दो लाख रुपये का इनामी देवे मड़कम उर्फ जन्नी, उम्र 22 वर्ष, पताः सिंगनपल्ली स्कूलपारा, थाना उसूर, जिला बीजापुर, संगठन ओडिशा राज्य, कंपनी नंबर 08 की पार्टी सदस्य तथा दो लाख रुपये का इनामी जगदीश इरपा उर्फ रमन्ना का सुरक्षा गार्ड सदस्य, पद/रैंक पीएम और एक लाख रुपये का इनामी लालू ताती, उम्र 25 वर्ष, पताः तोड़का गायता पारा, थाना गंगालूर, जिला बीजापुर, संगठन गंगालूर एरिया कमेटी, पार्टी सदस्य शामिल हैं।

बीजापुर एसपी उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से हो रहे विकास कार्यों, सुरक्षाबलों की सक्रियता और पूर्व नक्सली कैडरों के पुनर्वास से सकारात्मक वातावरण बना है। आत्मसमर्पण करने वाले सभी कैडरों को छत्तीसगढ़ शासन की नीति के तहत सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।